आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* हास्य परिहास दिवस
* बैंक वार्षिक लेखाबंदी ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 75 | उज्जैन, बुधवार 01 अप्रैल, 2026 | चैत्र शुक्ल 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### कोलकाता में ईसी ऑफिस के बाहर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद हैं। इधर सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीजेपी बिहार, उत्तर प्रदेश के अवैध वोटरों को बंगाल के वोटर लिस्ट में शामिल करने की कोशिश कर रही है। ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- भाजपा के एजेंटों को बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन जमा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। यह वोटर हाइजैकिंग की कोशिश है, वही गंदा खेल जो भाजपा ने महाराष्ट्र और दिल्ली में खेला था। भाजपा ने केरलम के मेनिफेस्टो में एआईआईएमएस और तिरुवनंतपुरम से कन्नूर तक हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क विकसित करने का वादा किया।

### नसीम शाह पर पीसीबी ने 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट में अनुशासन और आचार संहिता को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां तेज गेंदबाज नसीम शाह पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई उनके सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट और सोशल मीडिया नियमों के उल्लंघन के बाद की गई है। यह पूरा विवाद पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के दौरान एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शुरू हुआ, जिसने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। मामले की शुरूआत लाहौर में आयोजित पीएसएल 2026 के उद्घाटन मैच के दौरान हुई, जहां पंजाब की मुख्यमंत्री मरीयम नवाज भी स्टेडियम में मौजूद थीं। इसी दौरान नसीम शाह के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट किया गया, जिसमें उनकी मौजूदगी पर सवाल उठाए गए।

### हनी सिंह के मुंबई कॉन्सर्ट के आयोजकों पर एफआईआर



**एयरपोर्ट के पास अवैध लेजर लाइट का इस्तेमाल किया; क्षमता से ज्यादा जुटी भीड़**

**मुंबई।** मुंबई के एमएमआरडीए ग्राउंड में हुए रैपर यो यो हनी सिंह के माय स्टोरी इंडिया चैप्टर' कॉन्सर्ट के आयोजकों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस की मनाही के बावजूद एयरपोर्ट जोन के पास खतरनाक लेजर लाइट्स का इस्तेमाल किया। यह कॉन्सर्ट 28 मार्च 2026 को आयोजित किया गया था, जिसमें सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई है। मुंबई पुलिस ने 'तमन्नाज वर्ल्डवाइड' के प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि एमएमआरडीए ग्राउंड मुंबई एयरपोर्ट के काफी नजदीक है, जिस कारण वहां लेजर लाइट्स के इस्तेमाल पर पाबंदी थी। इसके बावजूद प्रोमोटर्स ने हाई-बीम लेजर लाइट्स का इस्तेमाल किया। यह लाइट्स पायलटों के विजन में बाधा डाल सकती हैं, जिससे विमानों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता था। एफआईआर के मुताबिक, आयोजकों ने पुलिस को जानकारी दी थी कि कार्यक्रम में लगभग 12 हजार लोग शामिल होंगे। हालांकि, कॉन्सर्ट के दौरान वहां असल भीड़ 18 हजार से 20 हजार के बीच पहुंच गई। क्षमता से ज्यादा लोग जुटने के कारण पुलिस के लिए सुरक्षा इंतजाम संभालना एक बड़ी चुनौती बन गया। भीड़ को कंट्रोल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और स्थिति अनियंत्रित होने का डर बना रहा। 28 मार्च को हुए इस शो के दौरान अफरातफरी के कई नजारे देखने को मिले। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला कॉन्सर्ट के बंद गेट पर चढ़कर अंदर जाने की कोशिश कर रही है। कई फैंस ने सुरक्षा घेरा तोड़ने की भी कोशिश की।

### कब्रिस्तान में छिपा रखे 414 गैस सिलेंडर जब्त, 10 आरोपी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले एक बड़े रैकेट का हैदराबाद पुलिस ने पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 414 गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। मामला बंजारा हिल्स इलाके का है, जहां आरोपी एक कब्रिस्तान में गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से जमा कर रहे थे। यहां से वे सिलेंडरों को ऊंची कीमतों पर बेचते थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिलने के बाद जुबली हिल्स टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी एक गैस एजेंसी संचालित करता है और इसी के जरिए सिलेंडरों की हेराफेरी कर उन्हें अवैध तरीके से जमा कर रहा था।

### ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस ने सोमवार को एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट किया जा रहा है। फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद फ्लाइट चार्ट, नेविगेशन सिस्टम और एयरपोर्ट साइनेज में बदलाव किया जाएगा। एफएए की मंजूरी मिलने पर 1 जुलाई से यह नाम लागू हो सकता है। ऐसा होने पर ट्रम्प पहले ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जिनके कार्यकाल के दौरान ही एयरपोर्ट का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा।

---

### अंतरराज्यीय एमडी ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का भंडाफोड़

# पोलट्री फार्म में सिंथेटिक ड्रग निर्माण की फैक्ट्री का खुलासा

**मुख्य सरगना जमशेद लाला सहित 4 रंगे हाथों गिरफ्तार**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

पुलिस ने नशे के काले कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय सिंथेटिक ड्रग बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना जमशेद लाला सहित चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्रवाई पिपलोदा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ा स्थित एक पोल्ट्री फार्म में चल रही थी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बोरखेड़ा में सलीम खान के पोल्ट्री फार्म की आड़ में अवैध नशीले पदार्थों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी विवेक कुमार के मार्गदर्शन और एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के नेतृत्व में साइबर सेल और विभिन्न थानों की एक संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने जब पोल्ट्री फार्म पर दबिश दी, तो वहां हड़कंप मच गया। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा।





#### बड़ी मात्रा में ड्रग्स और केमिकल बरामद

तलाश के दौरान पुलिस को मौके से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और उसे बनाने का सामान मिला है

**तैयार एमडी ड्रग:** 200 ग्राम (अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपये)।
**केमिकल्स:** 900 ग्राम 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफेनोन, 140.48 किलो एमडीसी केमिकल और 35.600 किलो एचसीएल।
**उपकरण:** गैस सिलेंडर, भट्टी, ड्रायर मशीन, मिक्सर, स्टील की थालियां और अन्य प्रोसेसिंग उपकरण जब्त किए गए।

#### गिरफ्तार आरोपियों की प्रोफाइल

**जमशेद खान उर्फ सेठ (जमशेद लाला):** उम्र 42 वर्ष, निवासी देवल्दी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान)। यह गिरोह का मुख्य सरगना और एक्सपर्ट ड्रग निर्माता है।
**रईस खान:** उम्र 35 वर्ष, निवासी राकोदा।
**यूसुफ खान:** उम्र 45 वर्ष, निवासी बोरखेड़ा।
**सलीम उर्फ राजू:** उम्र 40 वर्ष, निवासी बन्नाखेड़ा (फार्म हाउस का मालिक)।

#### सरगना 'जमशेद लाला' का नेटवर्क

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी जमशेद लाला एक अनुभवी ड्रग निर्माता है, जिसके खिलाफ राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि रसायनों की सप्लाई प्रतापगढ़ के अरबाज और संकरिया द्वारा की जा रही थी। दबिश से ठीक एक दिन पहले ही गिरोह ने 3 किलो एमडी ड्रग की एक बड़ी खेप किसी पार्टी को सप्लाई की थी।

#### दबिश में मुख्य भूमिका आरक्षक की

दबिश (छापेमारी) के दौरान पिपलोदा थाना में पदस्थ आरक्षक बालकृष्ण चंदेल ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने दबिश से पहले पोल्ट्री फॉर्म फैक्टरी में चल रहे नशे के अवैध कारोबार की गहन जांच की और पूरे नेटवर्क को खत्म करने में अहम योगदान दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आरक्षक की प्रशंसा की है और उन्हें आउट ऑफ टर्म प्रमोशन और पुरस्कार देने की घोषणा की है।

#### पुलिस की अग्रिम कार्रवाई

आरोपियों के विरुद्ध थाना पिपलोदा में अपराध क्रमांक 92/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब ड्रग सप्लाई चैन से जुड़े अन्य नेटवर्क और फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

---

## नालंदा के मंदिर में भगदड़ में 9 की मौत

**राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2500 जवान, 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए कोई नहीं**

एजेंसी ▶▶ नालंदा

बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।



दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है।

आज नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 25 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के एसएचओ राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।

### बिल्डिंग में आग लगने से 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ सूरत

गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था।

### एमपी-यूपी मिलकर लिखेंगे सुशासन और आध्यात्मिक पर्यटन की नई इबारत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारें विरासत के साथ विकास के मंत्र को आत्मसात करते हुए सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं। यह न केवल दोनों राज्यों के संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जन-कल्याण के नए मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने वाराणसी भ्रमण की शुरूआत देवादिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ जी के दर्शन और पूजन के साथ किया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन कर मध्यप्रदेश की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पावन गंगा घाट पहुँचकर पतित पावनी माँ गंगा के दर्शन किए।

### आपसी रंजिश के चलते बीजेपी पार्षद की गोली मारकर हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ दतिया

मध्य प्रदेश के दतिया में आपसी रंजिश के चलते अज्ञात लोगों ने दतिया शहर के वार्ड क्रमांक एक के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पार्षद कल्लू कुशवाहा की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी। बताया जाता है कि पार्षद कुशवाहा सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। उसी दौरान कोतवाली थाना क्षेत्र के सेवढ़ा चुंगी के पास उनको गोली मार दी।

जानकारी के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने घात लगाकर कल्लू कुशवाहा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। बताया जा रहा है कि मृतक कल्लू कुशवाहा पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज थे। हत्या के एक मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई थी। हाल ही में वह पैरोल पर जेल से बाहर आए थे।

### पाकिस्तान में अब भी 15 बड़े आतंकी संगठन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में अब भी कम से कम 15 आतंकी संगठन एक्टिव हैं। इनमें से कई भारत को निशाना बनाने के लिए काम कर रहे हैं। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों का ध्यान खासतौर पर भारत और जम्मू-कश्मीर पर है। अमेरिकी कांग्रेस की रिसर्च सर्विस की यह रिपोर्ट 25 मार्च को जारी हुई है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान के 2014 के नेशनल एक्शन प्लान जैसे कदमों के बावजूद वहां आतंकी संगठन सक्रिय हैं। इनमें से कई को अमेरिका ने विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है।

## टोल प्लाजा पर आज से नगद भुगतान नहीं होगा

**वाहन चालक सिर्फ फास्टैग या यूपीआई पेमेंट के जरिए ही टोल टैक्स चुका सकेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा पर नगद भुगतान बंद हो जाएगा। वाहन चालक सिर्फ फास्टैग या यूपीआई पेमेंट के जरिए ही टोल टैक्स चुका सकेंगे।

इसके अलावा, देश में टैक्स और बैंकिंग से जुड़े 3 बड़े कामों की डेडलाइन खत्म हो गई है। आज से टैक्स, रेलवे और बाजार से जुड़े नियम भी बदल जाएंगे।

- पब्लिक प्रोविडेंट फंड, नेशनल पेंशन स्कीम या सुकन्या समृद्धि योजना को चालू रखने के लिए हर साल 250 से 500 तक न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। अगर खाता बंद हो गया तो चालू कराने के लिए पेनाल्टी लगेगी और बैंक के चक्कर काटने होंगे।
- पुरानी टैक्स रिजीम में टैक्स बचाने के लिए निवेश करने का कल आखिरी दिन है। सेक्शन 80डी के तहत 1.5 लाख तक की छूट पाने के लिए आप पीपीएफ, लाइफ इंश्योरेंस में निवेश कर सकते हैं।
- इसके अलावा, 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम और मेडिकल खर्चों पर 1 लाख तक की छूट मिलती है। 1 अप्रैल या उसके बाद किया गया निवेश अगले साल के खाते में गिना जाएगा।
- अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपको अपने ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा करने होंगे। इसमें घर के किराए की रसीदें, बीमा प्रीमियम की रसीद, होम लोन के ब्याज का सर्टिफिकेट शामिल हैं।
- अगर आप ये डॉक्यूमेंट्स समय पर नहीं देते हैं, तो कंपनी आपकी आखिरी सैलरी से ज्यादा टीडीएस काट लेगी। इसे वापस पाने के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने तक का इंतजार करना होगा।
- अगर आपके पास गाड़ी है तो आज ही अपनी गाड़ी में फास्टैग अकाउंट एक्टिव कर लें। फास्टैग का उपयोग नहीं करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपके स्मार्टफोन में यूपीआई पेमेंट की सुविधा चालू हो।
- आज से बिना डिजिटल पेमेंट के टोल प्लाजा पर पहुंचने पर आपको जुर्माना देना पड़ सकता है या लौटाया जा सकता है। क्योंकि, सभी टोल पर सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से ही टैक्स चुका सकेंगे।

### इंजीनियर कपल ने सुसाइड किया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु के कोथनूर इलाके के अपार्टमेंट में एक इंजीनियर कपल के सुसाइड का मामला सामने आया है। पहले पति का शव फ्लैट के बंद कमरे में मिला। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो पत्नी ने सिक्योरिटी और पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर पति का शव फंदे से लटका मिला। इसके कुछ ही मिनट बाद पत्नी फ्लैट से बाहर निकलीं और उसी अपार्टमेंट की 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतकों की पहचान तेलंगाना के सिद्दीपेट निवासी भानु चंदर रेड्डी कुंटा (32) और उनकी पत्नी शाजिया (31) के रूप में हुई है। भानु चंदर सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। शाजिया आईबीएम में काम करती थीं। रेड्डी ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में बताया। साथ ही लिखा कि उनकी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया जाए।

#### तालाब की जमीन पर खेती के लिए पट्टा देने पर

## धार में लोकायुक्त ने 10 हजार की रिश्वत लेते क्लर्क को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

प्रदेश के धार जिले में मंगलवार 31 मार्च को तालाब की जमीन पर खेती के लिए पट्टा देने पर जल संसाधन विभाग के बाबू को 10 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त टीम ने रंगेहाथ पकड़ा है।

लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक आवेदक दयाराम पटेल पिता जगन पटेल, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम आमला तहसील और जिला धार ने शिकायत की थी। आवेदक ग्राम आमला के तालाब की रिक्त भूमि पर खेती के पट्टे के लिए जल संसाधन विभाग धार के अमीन जल संसाधन विभाग धार में अमीन के पद पर कार्यरत हैं। आरोपी का नाम राज दिनकर पिता स्वर्गीय राजेंद्र दिनकर से संपर्क किया। अमीन राज दिनकर द्वारा पट्टा स्वीकृत करवाने के लिए रिश्वत की मांग की जा रही है। पट्टे की फीस 5-7 हजार रुपए लगती है, पर अनावेदक द्वारा 30 हजार रुपए की मांग की गई। आवेदक रिश्वत नहीं देना चाहता था और रिश्वत लेते हुए आरोपी को रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था।

#### जैसे ही लिए 10 हजार लोकायुक्त टीम ने धरदबोचा



प्राप्त शिकायत की तस्दीक पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने उप पुलिस अधीक्षक से कराई तो शिकायत सही पाई गई। इस पर आज दिनांक 31 मार्च 2026 को ट्रैप दल गठित किया गया। आरोपी ने आवेदक को रिश्वत राशि लेकर धार में बुलाया। आज धार में कार्यालय का अवकाश होने से आवेदक ने रिश्वत राशि देने के लिए आरोपी को अपने किराए से लिए घर पर प्रकाश नगर धार में बुलाया। लोकायुक्त की टीम आसपास तैनात हो गई थी। जैसे हो आरोपी ने आवेदक से रिश्वत राशि 10 हजार रुपए अपने दाहिने हाथ में लिए, लोकायुक्त के दल ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## भवन क्या टूटा अस्पताल का नाम ही बदल गया

मेरे घर की दिवार क्या टूटी लोगों ने आने जाने का रास्ता ही बना लिया जैसे शायरी के शब्द यहां मूल की सियासत में आकार ले रहे हैं। इसे सियासत कहा जाए या फिर साफ्टवेयर की तब्दीली की जिला अस्पताल का नाम ही गायब हो गया है। संभाग स्तर के चिकित्सालय का भवन तोडकर यहां मेडिसिटी बनाई जा रही है।




चिकित्सालय को पास में महाआयोजन 2016 के समय बने माता एवं बच्चों वाले अस्पताल में स्थांतरित किया गया है। पिछले साल में यह परिवर्तन किया गया था। पुराने भवन को तोड-कर उसके स्थान पर नया भवन बनाया जा रहा है। इस सब हेरफेर में हाल ही में एक और बडा हेरफेर कागजों में कर दिया गया । संभाग के सबसे बडे अस्पताल का नाम ही कागजों में बदल दिया गया है। उसका नामकरण काफी वर्षों पूर्व ही हो चुका था। स्वर्गीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला अस्पताल के नाम से इसे जाना जाता था। हाल ही में पर्चे पर यह नाम सिरे से ही गायब कर दिया गया है। यह पिछले कुछ दिनों में ही हुआ है इससे पूर्व तक बराबर नाम पर्चे पर आता रहा है। ओपीडी एवं आईपीडी पर्चे से सिरे से नाम गायब होना सियासतदारी के हिसाब से भी देखा जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि साफ्टवेयर में तब्दीली किए जाने से ऐसा होना सामने आ रहा है लेकिन सियासतदारों में एक समग्र व्यक्तित्व एवं नेतृत्व वाले इस नाम का इस तरह से हटना काफी चिंता के साथ लिया जा रहा है। ग्वालियर तक इस खबर के पहुंचने की सुगबुगाहट है।

## उत्तरामुखी हनुमान मंदिर पर मनेगा जन्मोत्सव



**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित बाबा उत्तरामुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन होगा। इस मौके पर बाबा का विशेष श्रृंगार होगा और रात्रि मे महाआरती का आयोजन होगा। बाबा को नैवेद्य व विविध पकवान अर्पित किए जाएंगे। उक्त जानकारी मंदिर के पुजारी गोलू गुरू ने दी। उन्होने श्रद्धालुओ से बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की।

## अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन आज

**उज्जैन।** अन्तरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर 1 अप्रेल को कालिदास अकादमी में 53 वे अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें फिल्म धुरंधर - 2 फेम, प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राकेश बेदी (मुंबई) आकर्षण का केन्द्र होंगे एवं देश के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि काँव कॉव सम्मेलन में अपनी रचनाओं से धूम मचायेंगे।

अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन के सचिव श्री मनीष शर्मा एवं स्वागताध्यक्ष श्री ओम अमरनाथ खत्री ने चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष 53 वाँ टेपा सम्मेलन 'धुरंधर टेपा सम्मेलन 'के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

## ट्रैंडिंग




भारत माता मंदिर से अहिल्याबाई चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण कार्यवाही अन्तर्गत भवनों को निगम ने तोड़ा

# महाकाल मंदिर मार्ग के 12 मकान पर चला बुलडोजर

### रोड में बाधा बन रहे थे, स्मार्ट सिटी और निगम की टीम कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जल्द ही एक और मार्ग चौड़ा होने जा रहा है जिससे भक्त आसानी से मंदिर तक पहुंच सकेंगे। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने भारत माता पार्किंग स्थल से अहिल्याबाई चौराहे तक 15 मीटर चौड़ीकरण के अंतर्गत मार्ग में आ रहे भवनों को नगर निगम द्वारा जेसीबी एवं पोकलेन के माध्यम से हटाया गया, स्मार्ट सिटी के द्वारा अहिल्याबाई चौराहा जो कि बेगम बाग मार्ग से भारत माता पार्किंग स्थल तक 15 मीटर की चौड़ाई के साथ उक्त मार्ग का निर्माण किया जाएगा मार्ग में 14 भवनों में बेगमबाग से स्मार्ट पार्किंग के बीच बाधक बन रहे 12 मकानों को जेसीबी से तोड़ दिया।

### मंदिर की स्मार्ट पार्किंग जाने का मार्ग संकरा था

बेगमबाग से महाकाल मंदिर की स्मार्ट पार्किंग तक जाने का मार्ग संकरा था जिसके कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही थी। 24 मीटर चौड़े प्रस्तावित रोड का एक हिस्सा पहले से महाकाल थाने से लेकर पालकी द्वार तक बनाया जा चुका था।

मंगलवार को प्रशासन ने बेगमबाग की और से स्मार्ट पार्किंग तक बने 12 मकानों को तोड़ दिया। इसके बाद अब जल्द ही यहां रोड बनने से मंदिर जाने का मार्ग सुलभ हो जाएगा।

एडिशनल एसपी राहुल देशमुख ने बताया कि 14 मकानों को चिन्हित किया है। 12 पर कार्रवाई की है। किसी ने भी कोई विरोध नहीं किया है। निगम के अमले ने कुछ ही घंटों में मकानों को तोड़ दिया।

### एक हफ्ते पहले यूडीए ने तोड़े थे 15 मकान

उज्जैन विकास प्राधिकरण ने पिछले मंगलवार को लीज उलंघन मामले में 15 मकान ध्वस्त किए थे। जबकि पहले 42 मकान जमींदोज किए जा चुके है। प्राधिकरण अभी यहां कुल 90 दुकान होटल मकान हटा रहा है।

### निगम आयुक्त ने किया कार्यवाही का अवलोकन

भारत माता पार्किंग स्थल से अहिल्याबाई चौराहे तक 15 मीटर चौड़ीकरण के अंतर्गत मार्ग में आ रहे भवनों को नगर निगम द्वारा जेसीबी एवं पोकलेन के माध्यम से हटाया गया उल्लेखनीय की स्मार्ट सिटी के द्वारा अहिल्याबाई चौराहा जो कि बेगम बाग मार्ग से भारत माता पार्किंग स्थल तक 15 मीटर की चौड़ाई के साथ उक्त मार्ग का निर्माण किया जाएगा मार्ग में 14 भवनों में 12 भवनों की आपसी सहमति के पश्चात आज नगर पालिक निगम, स्मार्ट सिटी पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा हटाया गया।

निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा उक्त कार्यवाही का अवलोकन किया गया इस अवसर पर अपर आयुक्त स्मार्ट सिटी सीईओ श्री संदीप शिवा, अधीक्षण यंत्री श्री संतोष गुप्ता तहसीलदार शेफाली जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देशमुख एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारी के साथ पुलिस बल, निगम की रिमूवल गैंग मौजूद रही।

### महाकाल क्षेत्र, कहारवाड़ी से चौबीस खंभा, रामघाट मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करें- आयुक्त ने दिए निर्देश

आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा महाकाल मंदिर से चौबीस खंभा मार्ग चौड़ीकरण के अंतर्गत निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा महाकाल मंदिर से महाकाल चौराहे नीलकंठ द्वार तक एवं कहारवाड़ी मार्ग से चौबीस खंबा मार्ग एवं रामघाट मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने महाकाल मंदिर क्षेत्र के आसपास के होटलो के द्वारा निजी वाहनों को सड़क पर पार्किंग करने पर होटल संचालकों पर जुमार्ने की कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा महाकाल क्षेत्र की होटलो के निजी पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया गया अवलोकन के दौरान होटल संचालक द्वारा कचरे को डस्टबिन में संग्रहण नहीं किए जाने पर होटल संचालक पर कार्यवाही के निर्देश निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों को प्रदान किए । इस अवसर पर उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त श्री राघवेंद्र पालिया, भवन अधिकारी श्री राजकुमार राठौर मौजूद रहे।

## संकटमोचन हनुमान मंदिर में आज सुंदर कांड, कल होगा विशाल भंडारा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अलकापुरी कॉलोनी स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार एक अप्रैल की शाम संगीतमय सुंदर कांड और गुरुवार दो अप्रैल को विशाल भंडारा आयोजित किया गया है।

अलकापुरी उत्सव समिति के अध्यक्ष गोपाल पोरवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कॉलोनी के रहवासियों के साथ ही संकटमोचन हनुमान मंदिर के नियमित दर्शनार्थी परिवारों की भागीदारी रहेगी।

हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर पर आकर्षक विद्युत छटा के साथ ही बजरंगबली का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। समिति ने सभी भक्तों से बजरंगबली का दर्शन लाभ व भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

गोपाल पोरवाल, अश्विन व्यास, अमित परिहार, बृजभान सिंह चंदेल सहित समिति के सभी सदस्यों ने भक्तों से बजरंग बली का दर्शन लाभ व भंडारे में प्रसादी ग्रहण कार्नर का अनुरोध किया है।

## चांदी के आभूषण धारण कर पालकी में निकलेंगे वीर हनुमान

**1 अप्रैल को कार्तिक चौक से यात्रा, घोड़े, बग्घी, ऊंट, अखाड़ा व ध्वज शामिल रहेंगे**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 1 अप्रैल, बुधवार को शाम 5 बजे से महाकाल वन कार्तिक चौक कुम्हवारवाड़ा स्थित स्वयं-भू प्राचीन दक्षिण मुखी श्री वीर हनुमान मंदिर से गादीपति महंत पुजारी पं. जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

मंदिर के पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया श्री श्री 1008 निमोर्ही अखाड़ा के महामंडलेश्वर ज्ञान दास जी महाराज की उपस्थिति में आमंत्रित अतिथियों के द्वारा श्री वीर हनुमान जी महाराज का पूजन, पालकी व ध्वजाओं का पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यात्रा में परंपरागत रूप से 11 ढोल के साथ शौर्य प्रदर्शन करता गुरु मंडली का अखाड़ा, 1 ऊंट, 2 घोड़े, 1 बग्घी, 1 बैंड, 1 डीजे, बाबा की पालकी, 4 ई-रिक्शाओं व 1 मैजिक के रथ पर बाबा के श्रृंगार के चित्र व 4 धर्म ध्वजाएं प्रमुख रूप से शामिल रहेगी। यात्रा में महिला, पुरुष, संत-महंत, जनप्रतिनिधि, नगर के समाजसेवी एवं विभिन्न मंदिरों के पुजारीगण शामिल होंगे। यात्रा कार्तिक चौक, पानदरीबा, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, दानीगेट, गणगौर दरवाजा होकर पुनः कार्तिक चौक में समाप्त होगी। मार्ग में कई जगह पालकी पर पुष्प वर्षा कर, पूजन कर भक्तों द्वारा स्वागत किया जाएगा। श्री वीर हनुमान भक्त मंडल उज्जैन ने समस्त सनातन धर्म प्रेमियों से पालकी यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने का अनुरोध किया है।

तीन दिवसीय स्कूल चले हम अभियान की शुरूआत आज से

# आज स्कूलों में विद्यार्थियों का स्वागत, किताबें भी मिलेंगी

### 4 अप्रेल को होगा भविष्य से भेंट कार्यक्रम, स्कूलों में पहुंचेंगे अधिकारी, जनप्रतिनिधि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुधवार से शुरू हो रहे नए शैक्षणिक सत्र में तीन दिवसीय स्कूल चलें हम अभियान की शुरूआत होगी। इसके साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा। जिले के सभी 1730 शासकीय विद्यालयों में इसका आयोजन होगा। आयोजन में जिला स्तर पर सांसद,विधायक,महापौर नगरनिगम अध्यक्ष स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पहले दिन ही विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण होगा। 4 अप्रेल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री ने बताया कि अभियान को लेकर पिछले दिनों से ही तैयारी की जा रही है। इसके तहत 28 मार्च को संकुल प्राचार्य एवं प्राचार्यो की बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों,पालक शिक्षक संघ को निमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन की शुरूआत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के साथ की जाएगी। उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में सुबह 10 बजे से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुआ जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम में सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक,महापौर, नगर निगम अध्यक्ष शामिल होंगे। अभियान की शुरूआत जिले के 1730 शासकीय विद्यालयों में आयोजन के साथ होगी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 2.85 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### तीन दिवसीय आयोजन

स्कूल चलें हम अभियान की शुरूआत बुधवार से होगी और यह कार्यक्रम 4 अप्रेल तक चलेगा। सहायक संचालक गिरीश तिवारी के अनुसार पहले दिन स्कूलों में विद्यार्थी स्वागत एवं किताबों के वितरण के साथ होगा। जिले के सभी स्कूलों में पहली से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। गुरुवार को पालक शिक्षक संघ की बैठक एवं खेलकूद के आयोजन होंगे। 3 अप्रेल को अवकाश रहेगा। 4 अप्रेल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा ,जिसमें जिले एवं ब्लाक के अधिकारी के साथ जनप्रतिनिधि स्कूलों में पहुंचेंगे एवं विद्यार्थियों से सीधे मुखातिब होंगे।

नगर निगम के कर्मचारियों ने रसीद कट्टे लिए हिसाब कर जमा नहीं किए

# आडिट को नहीं मिले 20 रसीद कट्टे , गबन की आशंका

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,सामान्य पावती,वाहन पार्किंग, जलकर के हैं रसीद कट्टे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में एक बार फिर से गबन की आशंका बलवती हो रही है। कर्मचारियों को वसूली के लिए दिए गए 20 रसीद कट्टे गायब हैं। कर्मचारियों ने रसीद कट्टे तो लिए लेकिन उनका हिसाब कर जमा नहीं किए हैं। इसके चलते नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने की संभावनाओं को बल मिल रहा है। इस मामले को स्थानीय संपरीक्षा आडिट विभाग ने खोला है।

नगर निगम में रसीद कट्टे से गडबड का यह पहला मामला सामने नहीं आया है। दो दशक पूर्व में पीएचई में भी ऐसा मामला सामने आया था। गायब 20 रसीद कट्टे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही राजस्व विभाग अन्यकर,पीएचई के कर्मचारियों को वसूली के लिए दिए गए थे लेकिन वसूली उपरांत कर्मचारियों ने हिसाब देकर इन्हें जमा नहीं किया है। इसी पर यह स्थिति उभरी है।

### आडिट रिपोर्ट में खुलासा

स्वच्छता के लिए स्पाट फाईन एवं अन्य वसूली के कट्टे गायब होने के मामले का खुलासा ऑडिट रिपोर्ट में होने के बाद निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इसके अलावा यह भी सामने आया है कि कर्मचारियों ने नगर निगम के कार्यों के लिए एडवांस राशि ली लेकिन उसका हिसाब कर लौटाया नहीं हैं।

### ये लिखा आडिट ने

आडिट विभाग ने अपनी और से नगर निगम को लिखे पत्र में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न मदो की वसूली हेतु विभिन्न झोनो एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (जलकर) में वसूलीकताओं द्वारा उपयोग की गई रसीद बुकों में से कतिपय रसीद बुकें सम्परीक्षा हेतु वर्षान्त तक प्रस्तुत नही की गई है। जिससे रसीद बुकों से वसूल की गई मदवार राशियों का निगम कोष में जमा का सत्यापन किया जाना संभव नही हो सका। रसीद बुकें संपरीक्षा हेतु प्रस्तुत नही किये जाने से इनसे वसूली की गई राशि का दुरूपयोग किया जाकर निगम को आर्थिक क्षति पहुँचाई जाने की प्रबल संभावनायें है। अतः अब म.प्र. नगर पालिक निगम (वित्त एवं लेखा) नियम 2018 के अध्याय 12 के नियम 232 में प्रावधान के परिपालन में परिशिष्ट क्रमांक 05 अनुसार अविलम्ब रसीद बुकें आवासीय सम्परीक्षा को उपलब्ध करवाये जाने हेतु निगम प्रशासन का विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है। अप्राप्त रसीद बुकों में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आने पर निगम प्रशासन पूर्णतः उत्तरदायी होगा। साथ ही मुख्य स्टोर द्वारा जारी रसीद बुक्स कम्पलीट होने के पश्चात उपयोग की गई रसीद बुक्स स्टोर में वापस जमा किया जाना भी सुनिश्चित कर संपरीक्षा को अवगत करावें।

### हिसाब नहीं तो सख्त कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए एमआईसी के समक्ष ऑडिट फाइंडिंग रिपोर्ट रखी गई है। नगर निगम आयुक अभिलाष मिश्रा ने कहा कि यह फाईंडिंग रिपोर्ट है । इसमें कई तरह की फाईंडिंग है । जो एडवांस लिया वो जमा नहीं किया। चालान की बुक जमा नहीं की। इस तरह की फाईंडिग आती है। उस पर कार्रवाई की जाती है। ये हर वर्ष की रूटीन प्रक्रिया है। इस वर्ष एडवांस वाली बात थी उस पर रिकवरी जारी है। कुछ कर्मचारी खूद भर रहे हैं। कई बार संबंधित कर्मचारियों से वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चालान की बुक के मामले में कई बार सही समय पर प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं जिसका विवरण में आ जाता है। यदि रसीद बुकों का हिसाब नहीं मिलता है, जिसके भी नाम से बुक जारी की गई है उसके नाम से रिकवरी की जाएगी।

# सहकारिता चुनाव की सुगबुगाहट, सरकार ने अपने स्तर पर शुरू की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




उज्जैन जिले के साथ ही पूरे मप्र में 50 लाख से अधिक किसानों की सदस्यता वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव लंबे अंतराल के बाद अब होने की संभावना है। प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव आखिरी बार 2013 में हुए थे, जिनका कार्यकाल 2018 में समाप्त हुआ। नियमानुसार छह माह पहले चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन विधानसभा चुनाव, किसान कर्ज माफी और अन्य कारणों से यह लगातार टलता रहा।

कांग्रेस और शिवराज सरकार के कार्यकाल में भी यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। इस बीच, वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर प्रशासकों की नियुक्ति की गई, लेकिन सहकारी अधिनियम के अनुसार यह व्यवस्था अधिकतम एक साल तक ही वैध थी।

यदि सब कुछ ठीक रहा तो सहकारिता के क्षेत्र में आने वाली साख समितियों और सहकारी बैंकों के चुनाव इस साल के अंत में कराए जा सकते है। सूत्रों की मानें तो इसके लिए सरकार ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है, तो भाजपा संगठन भी इन चुनावों को लेकर अपनी स्थिति का आकलन करने में जुट गई है। जानकारों की मानें तो मुख्यमंत्री किसानों को कृषि कल्याण वर्ष के दौरान सहकारिता के चुनाव कराकर किसानों को पदों पर बैठाने का तोहफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा पिछली बार जब विभागीय समीक्षा की गई थी, तब कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को ये चुनाव कराने की तैयारी करने के निर्देश दिए थे। इन दोनों विभागों के मंत्रियों से भी कहा था कि वे अपने विभागों की योजनाओं के माध्यम से किसानों तक पहुंचे और उन्हें तमाम योजनाओं का लाभ देकर उनकी नब्ज की टटोलें।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2013 को राज्य की 4,523 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति और 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के चुनाव कराए गए थे। जिनका कार्यकाल वर्ष 2018 में पूरा हो गया था, यानी कि इसी वर्ष सहकारिता के चुनाव कराए जाने थे, किंतु विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव के कारण मध्यप्रदेश में ये चुनाव टाल दिए गए। हालांकि जानकारों का कहना है कि सरकार न जानबूझकर यह चुनाव इसलिए नहीं कराए, क्योंकि तब सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार की किसान कर्ज माफी योजना को बंद कर दिया था, जिससे उसे किसानों के बीच अपना ग्राफ कम होने की आशंका थी, जिसकी वजह से चुनाव नहीं कराए गए। बाद में सरकार ने अधिनियम में संशोधन कर यह तय कर दिया कि विशेष परिस्थितियों में चुनाव संबंधी प्रावधान शिथिल भी किए जा सकते है। इस संबंध में जब भी कांग्रेस या दूसरे दलों ने सहकारी चुनाव नहीं कराने का आरोप सरकार पर मढ़ा, तो सदन से लेकर सरकारी कार्यक्रमों में जल्द ही चुनाव कराने की बात जिम्मेदारों द्वारा कही गई।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### फर्जी इन्वेस्टमेंट ऐप का खेल, मार्जिन मनी के नाम पर पैसे मांगते रहे, आखिर में नंबर बंद कर फरार

**इंदौर।** इंदौर के संयोगितागंज थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां 71 वर्षीय बुजुर्ग को शेयर और आईपीओ में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर बदमाशों ने करीब 17.37 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने खुद को निजी कंपनी से जुड़ा बताकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई और बाद में संपर्क तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक पारसी मोहल्ला निवासी पूनमचंद महाजन (71) की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पूनमचंद निजी बैंक से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च के आसपास गूगल पर 5 पैसा केपिटल नाम से विज्ञापन देखा था।

### जनसुनवाई में दिखी प्रशासनिक संवेदनशीलता

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया। शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में आए एक प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला श्रीमती सावित्री मंडलोई ने अपनी वर्षों पुरानी समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में घर निर्माण के बाद भी उन्हें रजिस्ट्री नहीं दी गई, जिसके चलते वे कई सालों से परेशान थी, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिसके परिणामस्वरूप महिला के घर की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

### यातायात सुधार के संबंध में बैठक में लिए गए निर्णय

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, एसपी ग्रामीण यांगचेन भूटिया, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त आकाश सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत प्रमुख रूप से पार्किंग स्पेस विकसित करने, प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री करने तथा ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित स्थलों) के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट्स की संख्या में कमी आई है, हालांकि कुछ नए स्थान चिन्हित हुए हैं, जिन पर सुधार कार्य जारी है।

### वार्ड-19 बनेगा सर्वसुविधायुक्त आदर्श वार्ड -मंत्री सिलावट

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकाय वार्ड क्रमांक-19 में लगभग 20 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड-19 को आने वाले वर्षों में सर्वसुविधायुक्त आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री सिलावट ने बताया कि बीते 6 वर्षों में नगर पालिका निगम द्वारा वार्ड-19 में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड, सड़क, बिजली, पेयजल, पुलिया, ड्रेनेज, नाली, स्ट्रॉर्म वाटर लाइन, आंगनवाड़ी, सामुदायिक भवन एवं मुक्तिधाम जैसे विभिन्न आधारभूत विकास कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक-18, 35-36 एवं 76 में भी लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक विकास कार्य संपन्न हुए हैं, जिनमें सड़क, ओवरब्रिज, फ्लायओवर, सीवरेज, जल संरचनाएं, संजीवनी क्लीनिक, स्कूल भवन एवं उद्यान विकास शामिल हैं।

### चिड़ियाघर में किंग कोबरा का कुनबा बढ़ाने की तैयारी

**इंदौर।** इंदौर के चिड़ियाघर में कई प्राणियों का कुनबा बढ़ चुका है। अब यहां किंग कोबरा का कुनबा बढ़ाने की प्लानिंग की जा रही है। यह प्रक्रिया विशेषज्ञों की निगरानी में होगी। बारिश से पहले मेटिंग पीरियड के दौरान दोनों किंग कोबरा को मिलाया जा सकता है। इंदौर का चिड़ियाघर प्रदेश का ऐसा स्थान है, जहां नर और मादा दोनों किंग कोबरा मौजूद हैं। इस कारण प्रजनन की संभावना है, लेकिन इसमें बेहद सावधानी बरतनी होगी। फिलहाल दोनों को अलग-अलग पिंजरों में रखा गया है और बीच में जाली लगाई गई है, ताकि वे एक-दूसरे की गंध पहचान सकें और धीरे-धीरे परिचित हो सकें। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव के अनुसार, किंग कोबरा स्वभाव से एकाकी जीव है और अकेले रहना पसंद करता है। इन्हें केवल मेटिंग पीरियड में ही मिलाया जाता है। अन्य समय पर मिलाने पर आपसी संघर्ष का खतरा रहता है, जिससे एक-दूसरे को नुकसान पहुंच सकता है।इसलिए पूरी योजना के तहत, नियंत्रित वातावरण में और विशेषज्ञों की मौजूदगी में ही दोनों को मिलाया जाएगा। साथ ही, सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाएंगे, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत हस्तक्षेप किया जा सके।

---

### शिकायतकर्ताओं ने बीजेपी नेता एवं कॉलोनीनाइजर पर लगाए गंभीर आरोप

# इंदौर में फिर जमीनी विवाद सामने आया 40 से अधिक मकान बन गए

### छोटा बांगड़दा स्थित नंदबाग कॉलोनी से जुड़ा हुआ है मामला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में बीजेपी नेताओं के नित नए कारनामे रोजाना सामने आ रही है इसी कड़ी में खुद को बीजेपी का वरिष्ठ नेता बताते हुए करोड़ों रुपए की जमीन पर कब्जा कर उसे बेच दिया गया , फिलहाल कई पीड़ितों ने पुलिस और जिला प्रशासन को भी शिकायत की लेकिन कई सालों से पीड़िता पुलिस और प्रशासन को शिकायत कर थक गए, लेकिन बीजेपी नेता पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और अब पीड़ित जल्द ही पूरे मामले की शिकायत इंदौर कलेक्टर कमिश्नर के साथ ही मुख्यमंत्री को भी करने की बात कर रहे हैं। जिसके कारण अब 40 से ज्यादा प्लांट और मकान धारकारको की चिंता बढ़ दी साथ 35 हजार स्क्वायर फीट की



जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है।

पूरा मामला नंदबाग क्षेत्र का है जहां बीजेपी नेता जसराज मेहता कॉलोनाइजर पर आरोप शिकायतकर्ता के द्वारा आरोप लगाए गए है उनके द्वारा बताया गया कि 8 एकड़ जमीन क्रय की गई थी जिस पर रजिस्टर्ड कॉलोनी विकसित की गई थी, लेकिन बीजेपी नेता एवं कॉलोनाइजर जसराज मेहता द्वारा लगभग 35000 स्क्वायर फीट जमीन पर कब्जा कर प्लाट काट कर बेच भी दिए जिनकी नोटरी भी फर्जी तरीके से करवाई गई है, जहां 40 से अधिक मकान भी बन चुके हैं। फरियादी द्वारा इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी को भी कर रखी है और बाणगंगा थाने पर भी इसकी शिकायत दर्ज की जा चुकी है साथ ही एक बोर्ड लगाया गया है, जिसमें सभी मालिकों के नाम और नंबर भी लिखे गए हैं और वहां के रहने वाले लोगों से आग्रह किया है कि आप यहां पर मकान ना बनाएं ताकि भविष्य में यदि किसी तरह की समस्या आती है, तो उसका सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है साथ ही कॉलोनी में अभी भी कई नए मकान बन रहे हैं।

#### सूचना देते हुए एक बोर्ड भी लगाया

आरोप लगाया गया है कि बीजेपी नेता एवं कालोनी नाइजर ने फर्जी तरीके से नोटरी बनवाकर लोगों को प्लॉट बेच रहा है वहीं वर्ष 2018 में भी प्लॉट बेचे गए जिसकी नोटरी वर्ष 2008 की बताई गई है हमारे द्वारा जिन लोगों ने क्षेत्र में मकान बनाए गए उन्हें निजी तौर पर हमारी जमीन को लेकर जिनके मकान, प्लॉट है उन्हें नोटिस जारी किया गया है कि जब तक कोर्ट में केस चल रहा है ।

यहां पर किसी तरह का निर्माण न करें जिसे बोर्ड भी आज क्षेत्र में लगा दिया गया है , शिकायतकर्ताओं ने सूचना देते हुए एक बोर्ड भी लगाया है जिसमें खसरा क्रमांक 265/7/8/9/10 है जिस का मालिकाना हक संदीप यादव, आनंद कश्यप, प्रभाकर राय, आनंद जायसवाल, महेंद्र सिंह सोलंकी को बताया गया।

वही इस पूरे मामले के सामने आने के बाद जिन लोगों ने उक्त प्लाट खरीदे थे उन्होंने मकान भी बना लिए हैं, लेकिन अब उन पर मुसीबत आन पड़ी है क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि हम पिछले कई वर्षों से यहां पर रह रहे हैं और नगर निगम का टैक्स भी दे रहे हैं।

#### मौके पर थी काफी विवाद की स्थिति

बीजेपी नेता एवं कालोनी नाइजर जसराज मेहता द्वारा हमें यह कहकर प्लॉट दिए गए थे की जमीन में किसी तरह का कोई लफड़ा नहीं है लेकिन इतने वर्षों बाद आज यह हमें मालूम पड़ रहा है कि यह जमीन किसी और की है फिलहाल मौके पर काफी विवाद की थी स्थिति बनी रही।

---

### भूखी माता मंदिर मार्ग पर युवक की हत्या

# पुलिया के नीचे मिली निर्वस्त्र लाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भूखी माता मंदिर के पास मंगलवार दोपहर पुलिया के नीचे युवक की निर्वस्त्र लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की गला घोटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच के बाद मृतक युवक की पहचान के प्रयास शुरू किए हैं।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि भूखी माता मंदिर के समीप शिप्रा नदी के किनारे घाट का निर्माण कार्य चल रहा। उस दौरान मौके से निकल रहे जेसीबी चालक ने पुलिया के नीचे निर्वस्त्र युवक की लाश पड़ी देखी और पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि मृतक युवक के कपड़े ग्रे कलर का पेंट और सफेद कुर्ता कुछ दूरी पर पड़े हुए हैं। गले में जूते का लेस कसा हुआ है। मामला गला घोट कर हत्या का प्रतीत होने पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। सीएसपी राहुल देशमुख भी मौके पर पहुंच गए थे। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान के प्रयास किए गए लेकिन किसी ने भी उसकी शिनाख्त नहीं की। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है उसकी पहचान के प्रयास जारी हैं। मृतक युवक की उम्र लगभग 25 से 30 साल के बीच लग रही है। उसके माथे पर चंदन का तिलक भी लगा हुआ है।





#### देख रहे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे

सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि युवक की पहचान के लिए आसपास के थानों में फोटोग्राफ भेजे गए हैं वहीं घटना और आरोपियों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जा रहे हैं। आशंका है की घटना रात के समय हुई है, एक टीम मृतक की पहचान और दूसरी घटना का सच पता लगाने में लगी हुई है जल्द ही मामले का ट्रेस कर लिया जाएगा।

---

# बत्तीस छत्तीस की मोहब्बत में शानदार अभिनय ने लुभाया

### कला चौपाल का हास्य नाट्य समारोह



दैनिक अवन्तिका ▶▶ डॉ जफर महमूद (उज्जैन)

उज्जैन की प्रयोग धर्मी नाट्य संस्था कला चौपाल द्वारा कालिदास अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय हास्य नाट्य समारोह में दूसरी संध्या बत्तीस छत्तीस की मोहब्बत का प्रभावी मंचन हुआ।रंगदूत नाट्य समिति सीधी के बैनर तले प्रसन्न सोनी के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक पूरे समय प्रेक्षकों की प्रशंसा अर्जित करता रहा। नाटक में बड़े शहरों में मनुष्य के खालीपन को केंद्रित किया गया था। 36 वर्ष की सिंगल मदर डाली (भारती शर्मा ) और उससे उम्र में छोटे श्रीवर्धन ( प्रसन्न सोनी) के प्रेम प्रसंग को नाटक में बड़े सलीके से प्रस्तुत किया गया है। नाटक में ऊंची इमारतों में अकेलेपन में सहारे की जरूरत को प्रेम में तब्दील करते दिखाया गया है। प्रस्तुति में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से शिक्षा प्राप्त भारती शर्मा ने गजब का अभिनय कर दिखाया। नाटक में निर्देशन के साथ अपने अभिनय से प्रसन्न सोनी ने महारत को सिद्ध किया। सहज अभिनय से परिपूर्ण 1 घंटे 10 मिनट की प्रस्तुति ने पूरे समय दर्शकों को बांधे रखा। नाटक में हास्य से अधिक गंभीरता को दर्शकों ने पसंद किया। मात्र दो पत्रों पर आधारित कहानी बड़े परिवेश को प्रस्तुत करने में कामयाब रही। कुलदीप सोनी के अभिलेखित संगीत से सजी हुई यह नाट्य प्रस्तुति शानदार कहीं जा सकती है।

---

### भारतीय ज्ञान परंपरा और अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर चर्चा

# 3 से 5 अप्रैल तक होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम

### वैज्ञानिक, खगोलविद, शोधार्थी और विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग लेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के डोंगला में तीन से पांच अप्रैल तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को साझा मंच प्रदान करेगा। इसमें साइंस सेंटर के उद्घाटन के साथ यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग (उपग्रह निर्माण) विषयों पर कार्यशालाएं होंगी। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव भी शामिल होंगे।



#### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मिलेगा बल

उज्जैन आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियाँ भव्य रूप कर रहा है। सम्मेलन में इसरो, सीएसआईआर, डीआरडीओ, नीति आयोग सहित देश-विदेश के प्रमुख शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों की सहभागिता प्रस्तावित है।

**डोंगला का ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक महत्व-** उज्जैन से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित डोंगला प्राचीन काल से खगोल एवं ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। कर्क रेखा के यहां से गुजरने के कारण इसे काल गणना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सम्मेलन में उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन (मध्यान रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

**इन प्रमुख विषयों पर होगा विचार-विमर्श-** सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रमुख विषयों में विकसित भारत में स्पेस इकोनॉमी की भूमिका, खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स एवं कॉस्मोलॉजी की नवीनतम तकनीक, भारतीय काल गणना पद्धति का वैज्ञानिक आधार, कालचक्र की अवधारणा और स्पेस सेक्टर से जुड़ी रणनीतियां शामिल हैं।

---

### एनसीओआरडी की अहम बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एसपी ग्रामीण यांगचेन भूटिया, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त आकाश सिंह, रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

### सपना शर्मा ने दिव्यांगता को बनाया ताकत

# इंदौर की बेटी ने जीता पैराताइक्वांडो में गोल्ड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश की पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना शर्मा (35) ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उनका लगातार चौथा नेशनल गोल्ड है। वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। इस जीत ने इंदौर सहित पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 28-29 मार्च को बेंगलुरू के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबले में सपना ने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। तेलंगाना की ममता को रजत पदक और कृष्णवेणी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सपना का प्रदर्शन पूरे टूनामेंट में शानदार रहा और उन्होंने हर मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा।



**दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद नहीं मानी हार-** सपना शर्मा की सफलता के पीछे संघर्ष और दृढ़ संकल्प की प्रेरणादायक कहानी है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। टेबल टेनिस में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के बाद उन्होंने आर्म रेसलिंग में भी पदक जीता। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वे अपनी पहचान बना चुकी हैं और कई सम्मान हासिल कर चुकी हैं। आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने निरंतर अभ्यास जारी रखा।

---

### अभी दस दिन और इंतजार करना होगा किसानों को गेंहु विक्रय के लिए

# समर्थन मूल्य पर गेंहु खरीदी एक बार फिर आगे बढ़ी

### उज्जैन सहित तीन संभागों में 10 अप्रेल से शेष में 15 से होगी खरीदी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

समर्थन मुल्य पर गेंहु बेंचने के लिए कृषकों को अभी और 10 दिन इंतजार करना होगा। सरकार ने उज्जैन,भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में खरीदी को एक बार फिर से आगे बढाते हुए 10 अप्रेल से शुरू करने के निर्णय लिया है। शेष संभागों में यह खरीदी 15 अप्रेल से की जाएगी। इससे पूर्व उज्जैन संभाग में एक अप्रेल से



खरीदी की जाने वाली थी। समर्थन मुल्य पर गेंहु खरीदी को लेकर सरकार ने एक बार पूनः तारीखों में बदलाव किया है। इससे किसानों की चिंता बढने की स्थिति बनने के हालात हैं। खेतों से फसल निकालकर किसान ने उसे खले में रखा है। बडे किसानों के पास भी गेंहु रखने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। भारतीय किसान संघ जिला ईकाई ने इस पर आपत्ति जताई है। इधर उपार्जन के लिए उज्जैन जिले में 197 केंद्र बनाए गए हैं एवं वहां खरीदी के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं जुटाई गई हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा के अनुसार जिले में उपार्जन के लिए 1.25 लाख के करीब किसानों का पंजीयन किया गया है। शासन निर्णय से उपार्जन की तारीख बढी है।

#### दूसरी बार बढ़ाई तारीख

समर्थन मुल्य पर सरकार ने पंजीयन के साथ खरीदी की तारीख 25 मार्च घोषित की थी। इसके उपरांत खरीदी को उज्जैन संभाग में 1 अप्रेल से खरीदी की घोषणा की गई थी। अब दुसरी बार तारीख आगे बढाते हुए 10 अप्रेल घोषित की गई है। किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के अनुसार इससे किसानों की आर्थिक एवं अन्य परेशानी बढेगी। बैंकों के केसीसी को लेकर भी दबाव के हालात बनेंगे। इसी प्रकार से अन्य देनदारों की और से भी किसानों पर दबाव आ रहा है। सरकार किसानों की परेशानियों को समझे। ज्यादातर किसानों के पास गेंहु को सुरक्षित रखने के लिए स्थान एवं साधन का अभाव है। ऐसे में सरकार का यह निर्णय किसानों के लिए समस्या ही खडी करेगा।

**ये की गई घोषणा-** मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय, भोपाल ने सोमवार को तारीख वृद्धि का पत्र जारी किया है। उप सचिव बी. के. चंदेल ने जारी पत्र में सभी कलेक्टरों को कहा है रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु जारी नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित रडढ जारी की गई है। राज्य शासन द्वारा उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में गेहूं खरीदी 10.04.2026 से तथा शेष संभागों में गेहूं खरीदी 15.04.2026 से किया जायेगा।

## न्यूज कालम



### हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 1 व 2 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित

**बुरहानपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 1 और 2 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 1 अप्रैल को बड़े गणपति मंदिर से विशाल वाहन रैली निकलकर गणपति नाका, रिलायंस पेट्रोल पंप, शनवारा गेट, मण्डी चौराहे, ठाकुर कांप्लेक्स, सिटी कोतवाली, शनि मंदिर, भाई साहब की हवेली, राजपुरा, न्यामतपुरा होते हुए सालासर हनुमान मंदिर के सामने रास्तीपुरा हनुमान मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। इस वाहन रैली की अगवानी गौभक्त और सुप्रसिद्ध कथावाचक फैज खान साहब करेंगे।अगले दिन 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विठ्ठल मंदिर से लोधीपुरा तक गाजे-बाजे अखाड़े के साथ भव्य शोभा यात्रा निकलेगी, जो ईच्छैश्वर हनुमान मंदिर परिसर पर पहुंचेगी। वहां श्री ईच्छेश्वर हनुमान जी की महा आरती होगी और प्रसादी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, आरती की प्रस्तुति श्री हारून खान, संजय दुबे ब्रह्मपुर द्वारा और कुमारी जाहन्वी दिघे सूरत एवं खुशबू चौकसे ब्रह्मपुर द्वारा मधुर स्वरों में की जाएगी।

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की भव्य शोभा यात्रा निकली



**बुरहानपुर।** श्री सकल जैन समाज बुरहानपुर द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर तिलक हॉल से प्रारम्भ होकर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर राजपुरा से होते हुए पांडूमल चौराहा, कमल टाकिज, गाँधी चौक, सुभाष चौक, सिटी कोतवाली, साडी बाजार, फव्वारा चौक, बाई साहब की हवेली से होते हुए श्री आनंद संचेती भवन में धर्म सभा में परिवर्तित हुई। शोभायात्रा के दौरान कमल टाकिज क्षेत्र में विश्व शांति के लिए महामंत्र नवकार का जाप किया गया। समाजजनों ने भगवान महावीर के दिव्य सन्देश अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो के सार को समझने का आह्वान किया।शोभायात्रा के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने चांदी के रथ पर विराजमान श्रीजी की प्रतिमा की आरती उतारी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज माने, कांग्रेस के पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिंह, वर्तमान नगर निगम अध्यक्ष अनीता यादव सहित समाज के प्रमुख कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### देशवाल्या में बिजासन देवी मंदिर पर हुआ भव्य आयोजन



**जावरा ।** देशवाल्या के अंलसें परिवार द्वारा मां बिजासन देवी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति सद्भाव बना रहने की कामना की गई ।इस मौके पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी ।नगर से पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर मदन लाल गांगले ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी मां बिजासन देवी का पर्व बड़े ही उल्लास उमंग के साथ पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर माता जी के दर्शन लाभ के लिए इंदौर ,खरगोन, भोपाल, कुक्षी, बड़वानी, धार ,झाबुआ ,आदि कई स्थानों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। अंलासे परिवार के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र अंलासें राधेश्याम अलांसे श्री चंद ,सुरेश पुजारी, कैलाश, कमल, राकेश ,दीपक ,यशवंत ,जितेंद्र , राहुल, मुकेश, विवेक, प्रतीक ,आदि परिवार जनों का विशेष योगदान रहा।

### आगामी प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न

**सनावद।** आजीवन समर्पण निधि, भाजपा के आगामी प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित की गई। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने बताया कि बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे,जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा,जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोड़िया,प्रभात पंडित ने संबोधित किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित एल्डरमैन शांताबाई पंवार,नानूराम प्रजापत दिलीप सरकरोदिया, रंगीलाल वर्मा, संजय राठौर एवं चंद्रशेखर निकम का अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश शर्मा,अनिता बंसल,रश्मि ठाकुर,ज्योति येवतीकर,शुभम शर्मा,श्याम ठाकुर,केतन गेहलोत,गंगाभारती शर्मा,सरोज इंगला,दुर्गेश परिहार,सुनील माली,सरोज इंगला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सनावद में हनुमान जन्मोत्सव पर सजेगी भक्ति की गंगा

**सनावद।** सिद्धेश्वर मानस मंडल सनावद के तत्वावधान में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर दो दिवसीय विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।मंडल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार,अखंड हनुमान चालीसा का पाठ होगा व कार्यक्रम की शुरूआत 1 अप्रैल को शाम 6 बजे से होगी जो अगले दिन सुबह 5 बजे तक अनवरत चलेगी। श्रृंगार एवं चोलाः 2 अप्रैल को अलसुबह 5 से 6 बजे तक पवनपुत्र हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया जाएगा।?भव्य प्रभात फेरी मुख्य आकर्षण भव्य प्रभात फेरी गुरुवार सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगी। यह प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भक्तिमय माहौल निर्मित करेगी। महाआरती एवं प्रसादी प्रभात फेरी के समापन के पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन होगा।

# जैन पत्रकार परिषद का 'पत्रकार संगम एवं पत्रकार अवार्ड समारोह' आयोजित

## कुक्षी तहसील के जैन पत्रकार भी हुए सम्मानित



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

जैन पत्रकार परिषद का 'पत्रकार संगम एवं पत्रकार अवार्ड समारोह' भव्यता, गरिमा और व्यापक सहभागिता के साथ उज्जैन में हुआ। शंकराचार्य मठ में आयोजित समारोह में विभिन्न राज्यों से जैन पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करने हेतु मालव भूषण आचार्य श्री नवरत्नसागर सूरीश्वर जी म.सा. के सुशिष्य युवा हृदय सम्राट आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर जी म.सा. की पावन निश्रा रही। इस समारोह ने पत्रकारिता को धर्म, नैतिकता और सत्य के साथ जोड़ने का संदेश दिया। समारोह में बखतगढ़ सहित बदनावर व तहसील के जैन पत्रकार शामिल होने उज्जैन पहुंचे। जिन्हें समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी जैन पत्रकारों को विशेष उपहार भेंट किया।

आचार्यश्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर जी ने कहा कि हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हम सौभाग्य से जैन हैं। जैन परंपरा आपके आचरण को निर्माण करती है। हम भगवान महावीर के अनुयायी हैं। इसलिए हमें संप्रदाय से हटकर जैन धर्म को प्राथमिकता देते हुए जैन धर्म के प्रति समर्पित होना चाहिए। जैन पत्रकार जैन धर्म के सच्चे सिपाही होते हैं और सरस्वती आपके हाथों में बसी हुई है। अपने संप्रदाय और गुरु की मान्यता को कायम रखें। लेकिन जहां जैन और जिनशासन की बात आए वहां हाथ से हाथ मिलाकर एक जुट होना चाहिए। भगवान महावीर के उपदेश आज के समय में अत्यंत लोकोपयोगी हैं। उनके संदेशों को जन-जन तक पहुँचाकर ही लोक और परलोक को सुधारा जा सकता है।

श्री तीर्थरत्नसागर सूरीश्वर जी ने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि परिवार के साथ समाज के लिए भी कोई ऐसा कार्य करें कि हमारा धर्म सुरक्षित रहे। संगठन बनाने का एक मात्र उद्देश्य कि समाज में नया परिवर्तन आए। आज समाज के निचले व्यक्ति को समाज की ज्यादा आवश्यकता है। संगत सबसे ज्यादा असर करती है। इसलिए बच्चों की संगत पर विशेष पैनी नजर होना चाहिए। ताकि वह अपने धर्म से भटके नहीं। समाज को आप कुछ देंगे तो समाज भी एक दिन आपको कुछ भी अवश्य देगा। पीढ़ी को संस्कार देंगे तो देश सुधर जाएगा।

## महावीर जयंती पर नगर में जैन समाज ने निकाला जुलूस



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

क्षेत्र में महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य एवं आकर्षक जुलूस निकाला गया। इस आयोजन में समाज के सभी वर्ग युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय हो उठा। जुलूस के दौरान त्रिशला नंदन वीर की जय, बोलो महावीर कीज्ज के जयघोष गूंजते रहे। महिलाओं और युवाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। श्रद्धालु भगवान महावीर के रथ के साथ भक्ति भाव से आगे बढ़ते नजर आए। मार्ग में जैन समाज की महिलाओं द्वारा भगवान महावीर की गउली कर जुलूस का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण और अधिक श्रद्धामय बन गया। वगोर्ड़े में भगवान महावीर का रथ युवाओं ने अपने हाथों से खींचा, जो उनकी आस्था और समर्पण का प्रतीक बना। जुलूस के समापन पर मंदिर परिसर में सामूहिक चेत्यवंदन किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाई। इसके बाद आरती संपन्न हुई। आरती की बोली सेक्रेट्री परिवार द्वारा ली गई, जिसे लेकर समाज में विशेष उत्साह देखा गया।

## जनसुनवाई में 36 आवेदनों को अधिकारियों ने सुना व निराकरण के लिये दिये निर्देश



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला एवं अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम कुकरा निवासी श्रीमती सुशीला धनगर ने पति की मृत्यु पश्चात बच्चों की पढ़ाई हेतु स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए जनसुनवाई कर रहीं जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल संज्ञान लिया और आवेदन को जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर प्रकरण की त्वरित जांच कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

ग्राम डोंगरगाँव तहसील पाटी निवासी श्री राजु पिता गिलदार ने आवेदन प्रस्तुत कर स्कूल व आंगनवाड़ी के पास सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु स्पीड ब्रेकर एवं जाली लगवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर जनसुनवाई जिला पंचायत सीईओ ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।जनसुनवाई में ग्राम धारखेड़ा निवासी श्री नंदु, अनारसिंह एवं अन्य द्वारा आवेदन देकर बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी निर्माण के 111 दिनो की लंबित मजदूरी का भुगतान करने हेतु आवेदन दिया। जल जीवन मिशन में कार्य करने वाले मजदूरों के लंबित भुगतान के मामले में ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही कर राशि दिलवाने के निर्देश दिए गए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का विदाई समारोह आयोजित

**बड़वानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बड़वानी के अंतर्गत सेक्टर बालकुंआ के आंगनवाड़ी केन्द्र लोनसरा क्र. 2 में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता गोयल की 62 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर गरिमामय विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति वास्कले द्वारा श्रीमती गोयल को उनके सफल कार्यकाल के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें श्रीमती कविता बर्डे, श्रीमती शशिकला मालवीया, श्रीमती चंपा रावत, सुश्री मुन्नी चौहान, श्रीमती कविता बघेल, श्रीमती बसंती भिड़े, श्रीमती सेवंती अहिरवाल, श्रीमती संध्या मुजाल्दे, आदि उपस्थित थे।

## नर्मदा भवन ट्रस्ट इंदौर के द्वारा
## समाजसेवी श्री शर्मा नार्मदीय गौरव से हुए सम्मानित



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

नर्मदा भवन ट्रस्ट इंदौर के द्वारा मनोज शर्मा को उनके विविध सामाजिक राजनीतिक और परोपकारी कार्यों के लिए नार्मदीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

उन्होंने समय-समय पर समाज जनों सहायता के लिए बहुत से कार्य किए हैं और अनवरत लंबे समय से करते आ रहे हैं उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए नर्मदा भवन ट्रस्ट के द्वारा अलंकरण समारोह में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता ,पूर्व न्यायाधीश डॉ अनिल पारे के मुख्य आतिथ्य, अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राजेश बडोले, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे एवं युवा संगठन अध्यक्ष प्रबल भार्गव के विशेष आतिथ्य में उन्हें सम्मानित किया गया। यह अलंकरण समारोह आलोक बिल्लोरे प्रधान ट्रस्टी नर्मदा भवन के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि सामाजिक के और समाज जनों के लाभार्थी कार्य करने के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। मुख्य अतिथि डॉ अनिल पारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें एकजुट होकर समाज को और समाज के बच्चों को सही दिशा देना है? विशेष अतिथि महासभा अध्यक्ष राजेश बडोले अपने संकल्पों को सभी के सहयोग से पूरा करने का संकल्प लिया। नार्मदीय ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे ने इस अवसर पर महिला संगठन द्वारा की जाने वाली भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

समाज के ही श्री संतोष गीते,श्रीमती गीते को नर्मदा तपोनिष्ठ एवं श्रीमती संध्या सोहनी को भी कला संस्कृति के लिए नार्मदीय गौरव से सम्मानित किया गया।

## नगर में मंगलवार को श्वेतांबर जैन समाज द्वारा
## महावीर जन्म कल्याणक पर चल समारोह निकला



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

नगर में मंगलवार को श्वेतांबर जैन समाज द्वारा प्रभु महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के अंतर्गत नवकारसी, वरघोड़ा, महाआरती, जीवदया एवं अनुकंपा का विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। महोत्सव परम पूज्य आचार्य देव विश्व रत्नसागर सूरीश्वर महाराज एवं साध्वी शीलरेखा महाराज आदिठाना के मार्गदर्शन और आशीर्वाद में आयोजित किया गया।

चल समारोह का शुभारंभ मोदी मांगलिक जैन धर्मशाला से हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चमन चौराहा, इंदौर नाका, तिलक मार्ग और जय स्तंभ चौक से गुजरकर जैन समाज के उपासरा स्थल पर पहुंची, जहां समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। धर्मध्वज, बैंड-बाजे और धार्मिक जयघोषों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

उपासरा स्थल पर आचार्य कीर्तिरत्न सूरी के मुखारविंद से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि श्रद्धालु जब भी मंदिर जाएं तो अपने अहंकार, जिद, घृणा और दुगुर्णों को भगवान के चरणों में समर्पित करने का संकल्प लें।

उन्होंने जीवदया पर विशेष ध्यान देने और झूठ, पाखंड व आडंबर से दूर रहकर सच्ची साधना व उपासना करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची तपस्या वही है, जो आत्मशुद्धि की ओर ले जाए।

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और उन्हें मोटे अनाज की फूड बास्केट भेंट की।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं, निर्माण कार्यों और प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी बच्चों के भविष्य की नींव होती है, इसलिए उनकी गुणवत्ता बेहतर होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में च्विद्यारंभ कार्यक्रमज्ज के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस अभियान के तहत मात्र तीन दिनों में 94 प्रतिशत बच्चों का पहली कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय भाषा में शिक्षा से जुड़ने के लिए गीत का विमोचन किया गया उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा किया गया।

## किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

*__देपालपुर।__ प्रदेश में किसानों और आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस विधानसभा देपालपुर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रदीप सोनी को महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से रसोई गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे आमजन परेशान हैं। तत्काल गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। बिजली दरों में वृद्धि का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में घरेलू उपभोक्ताओं के बिल 100 से 200 रुपये तक आते थे, जो अब बढ़कर 1500 से 2000 रुपये तक पहुंच रहे हैं। साथ ही बिजली विभाग द्वारा बकाया वसूली के दौरान कथित रूप से घरेलू सामान जब्त किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। किसानों के कृषि ऋण की वसूली तिथि 15 मई तक बढ़ाने की मांग की गई। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी एक अप्रैल से प्रारंभ होना थी, जिसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है।ज्ञापन में प्रभावित किसानों को संपूर्ण नुकसान का मुआवजा देने की मांग की गई।*

## स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शालाओं में आयोजित किये जायेगे। 1 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल क्रमांक 3 बडवानी में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जायेगा। इसमें सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं पालकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं पात्र विद्यार्थियों को साईकिल वितरण का शुभारंभ किया जाएगा। कक्षा पहली में नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण भी किया जाएगा। जिले की समस्त शालाओं में भी 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। 2 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा तथा विगत अकादमिक वर्ष में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को सम्मानित किया जाएगा। पालकों के साथ विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। शाला प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन कर विद्यालय में शतप्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाई जाएगी। ऐसे छात्र जो विगत शैक्षणिक सत्र में कक्षोन्नत नहीं हुये हैं।

## कलेक्टर ने वर्ष 2026-27 के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

राज्य शासन के निर्देशानुसार अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए वर्ष 2026-27 की नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति सुश्री भव्या मित्तल द्वारा भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 और मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम, 2018 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, जिला मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदित यह नई गाइडलाइन ०१ अप्रैल 2026 से संपूर्ण जिले में प्रभावी हो जाएगी। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड, भोपाल से प्राप्त अनुमोदन और दिशा-निर्देशों के क्रम में इन नई दरों को लागू किया गया है। आम नागरिक अचल संपत्तियों की नई दरों और दिशा-निर्देशों का विस्तृत विवरण पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कल से होने वाले सभी संपत्ति हस्तांतरण और पंजीयन अब इसी गाइडलाइन के आधार पर होंगे।

## आचार्य पद की आराधना और 36 गुणों की व्याख्या की

**उज्जैन।** नवपद ओली आराधना के तीसरे दिन आचार्य विश्वरत्नसागर मसा ने आचार्य पद की आराधना कराई। आचार्य पद की महिमा बताई और ३६ गुणों की व्याख्या की। सुबह ६ बजे आराधक शहनाई वादकों के साथ झालरिया मठ से पैदल खाराकुंआ मंदिर पहुंचे। सिद्धचक्र भगवान के समक्ष तीसरे आचार्य पद की आराधना हुई।कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट नाहर के अनुसार लाभार्थी परिवार के जयंतीभाई ने परिवार सहित मूलनायक भगवान श्री ऋषभदेव का पक्षाल और सिद्धचक्र भगवान का पूजन किया। आयंबिल की व्यवस्था में बदलाव किया गया। सभी आराधकों को टोकन दिए गए। तीन शिफ्ट में सातापूर्वक आयंबिल करवाए गए। दोपहर के प्रवचन में आचार्य विश्वरत्नसागर मसा ने सभी गच्छों के आचार्यों चंद्राननसागर मसा, नवरत्नसागर सूरीश्वर मसा, मोहनखेड़ा समाधिस्थ राजेंद्र सूरीश्वर मसा, आचार्य दिवाकर सूरी मसा के गुणों का स्मरण किया। जिनशासन के प्रति उनके उपकार बताते हुए कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं होता।

## न्यूज -कॉलम

### गश खाकर गिरे ड्रायवर की रास्ते में थमी सांस

**उज्जैन।** राघवी क्षेत्र के ग्राम खेड़ा खजूरिया में रहने वाला दशरथ पिता शंभुलाल 35 साल ड्रायवरी करता था। मंगलवार को मक्सी स्थित शराब वेयर हाऊस पर गाड़ी भरने गया था। जहां अचानक गश खाकर गिर गया, उसे वेयर हाऊस के कर्मचारी मक्सी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन को उसकी मौत का विश्वास नहीं हुआ और दशरथ उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। यहां भी डॉक्टरों ने ईसीजी कर परीक्षण किया, लेकिन उसकी सांसे थम चुकी थी। आशंका जताई गई कि दशरथ को हार्ट अटैक हुआ था। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया और शव अंतिम संस्कार के लिये खेड़ा खजूरिया ले गये।

### कार-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

उज्जैन। ग्राम कानाखेड़ी-पिपलियाधूमा के बीच उज्जैन-गरोठ मार्ग पर बाइक और कार के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार लव पिता जीतमल धाकड़ 35 साल ग्राम बैरीसाल भीलवाड़ा राजस्थान की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्राम इंदोख टोल प्लाजा की एम्बुलेंस पहुंची। ईएमटी विनय वर्मा ने मृतक को अस्पताल तक पहुंचाया। उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर झारड़ा थाना पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मंगलवार को परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि लव इंदौर में प्रायवेट जॉब करता था और छुट्टी लेकर भीलवाड़ा आ रहा था। पुलिस ने मामले में एम्बुलेंस के ईएमटी विनय वर्मा की शिकायत पर कार से हुई दुर्घटना में युवक की मौत का प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद कार और चालक मौके पर मिले। पुलिस ने कार को जप्त किया है।

### चारा काट रहे अखाड़े के सेवादार को सांप ने डंसा

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग खाकी अखाड़े का सेवादार मंगलवार सुबह गायों के लिये चारा काट रहा था। उसी दौरान घास के बीच सांप की पूंछ उसके हाथ में आ गई और चारे के साथ कट गई। सांप ने पलटवार किया और सेवादार लखर पिता गजराज को डंस लिया। तत्काल लखन के अखाड़े अन्य सदस्य चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, बताया जा रहा है कि सांप ज्यादा जहरीला नहीं था, जिसके चलते सेवादार की हालत खतरे से बाहर बनी रही। बावजूद डॉक्टरों ने एक दिन आब्जेर्वेशन में रखने की बात कहीं।

### कीटनाशक के प्रभाव में आकर बेहोश हुआ युवक

**उज्जैन।** ग्राम चांदमुख में रहने वाला गोपी पिता नारायणसिंह अजमेरा 24 साल दोपहर में अपने खेत पर लहसुन की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। दवा के प्रभाव में आने वह बेहोश हो गया, शाम को घर नहीं लौटा तो परिजन खेत पर पहुंचे, जहां बेसुध हालत में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। मामले की सूचना मिलने पर चिंतामण गणेश थाना पुलिस युवक के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### मकान विवाद में पुत्र ने किया पिता पर हमला

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मकला में रहने वाला गोपाल पिता काना 50 साल सोमवार रात गांव में अशोक की दुकान पर बैठ बीड़ी पी रहा था। उसी दौरान पुत्र लालाराम आया और कहा कि तुमने दूसरी औरत रख ली है। उसके पास रहा करो, यहां मत आया करो। यह मकान मेरे नाम कर दो। गोपाल ने पुत्र के तेवर देख उसे फटकार लगाई तो उसने लाठी से हमला कर दिया। गोपाल सिर में लगी गंभीर चोंट से लहूलुहान हो गया। गांव ने वालों ने बीच बचाव किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और घायल को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। वहीं बयान दर्ज कर लालाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घायल गोपाल को झारड़ा अस्पताल से उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है।

### युवक से मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

**उज्जैन।** ताजपुर के ग्राम उमरिया जागीर में रविवार-सोमवार रात 12 बजे घर की लाईट बंद होने पर चालू करने के लिये अनिल पिता कैलाश परमार पड़ोस में रहने वाले नाथूबा के निमार्णाधीन मकान के पास पहुंचा था। तभी नाथूबा ने चोर-चोर की आवाज लगा दी। समीप रहने वाले कान्हा, पप्पू और एक अन्य वहां पहले और अनिल के साथ लाठी-डंडे से बुरी तरह मारपीट कर दी। अनिल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किये और मारपीट करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 578-0 | 446-4 |
| मेन बाजार | 237-2 | 457-6 |
| कल्याण नाइट | 239-4 | 590-4 |
| मिलन डे | 890-7 | 380-1 |
| मिलन नाइट | 168-5 | 258-5 |
| मधुर डे | 390-9 | 178-6 |
| मधुर नाइट | 117-9 | 250-7 |
| शुभांक | 2 5 | 9 |

एसपी बोले- 'क्यों ना रोकी जाये वार्षिक वेतन वृद्धि'

# विष्णु सागर में बंद थे कैमरे, साक्ष्य संकलन में हुई थी बाधा



### अपराध समीक्षा में सामने आई लापरवाही

एसपी शर्मा ने अपराधों की समीक्षा के दौरान भी नाराजागी जाहिर की। उन्होने खाराकुआ थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा, प्रभारी थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई और नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई को अपने क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों की सही जानकारी नहीं होने पर5-5 हजार का अर्थदंड लगा दिया,यहीं नहीं महिदपुर थाना प्रभारी नरेंद्रसिंह परिहार की लापरवाही सामनेआने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने, स्थाई वारंटियों और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये विशेष अभियान चलाने और गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाने के निर्देश जारी किये। जिले की कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाने पर भी जोर दिया गया। अपराध समीक्षा बैठक में शहर और ग्रामीण के एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी के साथ थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### अनुकंपा नियुक्ति मामलों को प्राथमिकता

तकनीकी कार्यप्रणाली और अपराध समीक्षा के साथ एसपी शर्मा ने एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की।जिसमें कई शाखाओं के प्रभारियों को बुलाया गया। इस दौरान उन्होने अनुकंपा और पेंशन से जुड़े प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सेवानिवृत्त और पुलिस परिवार के आश्रितों को उनके हक का लाभ तुरंत मिलना चाहिये। इस दौरान थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पुलिसकर्मियों के रिकार्ड को व्यवस्थित रखे और अधूरी जानकारी को पूर्ण करे। डीबीसी प्रभारी प्रकाश विश्वे को लंबित प्रकरणों के मामलों में सुधार लाने के निर्देश दिये।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुलिस कंट्रोलरूम पर मंगलवार को विभाग की तकनीकी कार्यप्रणाली के साथ अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। तकनीकी कार्यप्रणाली को लेकर एसपी ने 10 पुलिसकर्मियों से बोला क्यों ना वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी जाये। वहीं अपराध समीक्षा में 2 प्रभारियों पर अर्थदंड लगाया और एक प्रभारी को जानकारी नहीं होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया। एसपी प्रदीप शर्मा ने विभाग की कई शाखाओं के साथ सुरक्षा-व्यवस्था और अपराधों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की थी। इस दौरान उन्होने पुलिस विभाग की तकनीकी ईकाई की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों को लेकर 26 मार्च की शाम विष्णु सागर में लापता हुई ढाई साल की बालिका के मामले में नाराजगी जताते हुए बोला कि उक्त क्षेत्र के 16 से 28 मार्च तक कैमरे बंद थे। बालिका की सुरक्षा और विवेचना की दृष्टि से इतने लंबे समय तक कैमरे बंद रहना और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देना अत्यंत गंभीर है। उन्होने कंट्रोलरूम प्रभारी सुबेदार मनीष शुक्ला, एसआई (रेडियो) अनिल सराफ, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक विनोद मिश्रा, रविन्द्रसिंह, इरफान खान, महिला प्रधान आरक्षक नीलम चौहान, रणजीतसिंह भाटी, कैलाश देवड़ा, आरक्षक शुभम नामदेव और गगनदीप डाबी पूछा कि क्यो ना सभी की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जाये। विष्णु सागर के साथ शहर की तकनीकी सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं है। उन्होने सभी 10 पुलिस कर्मियों को कारण बताओं नोटिज जारी कर बंद कैमरों के मामले में जवाब मांगा और कहा कि भविष्य में किसी भी गंभीर और महत्वपूर्ण मामले में तकनीकी देरी या लापरवाही पाई गई तो संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

कैमरों की मदद से पकड़ाया जेब काटने वाला बदमाश...

## होटल में ले रखा था रूम, हेयर सैलून की दुकान पर करता है काम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक यात्रा पर आये अभिभाषक की जेब काटने वाले बदमाश को एक माह बाद कैमरों की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश ने होटल में रूम ले रखा था और हेयर सैलून की दुकान पर काम कर रहा था। आज पुलिस बदमाश को न्यायालय में पेश करेगी। हरियाणा के पानीपत स्थित गोहाना रोड अशोक विहार में रहने वालेअभिभाषक अभिमन्यु पिता वेदप्रकाश कोशिक 27 फरवरी को परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आये थे।

गढ़ कालिका मंदिर में दर्शन के दौरान भीड़ के बीच उनकी जेब अज्ञात बदमाश ने काट ली थी। पर्स में 22 हजार रुपए नगद और दस्तावेज रखे थे। मंदिर में हुई वारदात की शिकायत अभिभाषक ने जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बदमाश का पता लगाने के लिये प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट, आरक्षक रूपेश ठाकुर, राहुल, हरिओम भदौरिया, भूपेन्द्र ठाकुर की टीम गठित की थी।

टीम द्वारा मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे।जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, वहीं आसपास के कैमरों को भी खंगाला गया। जिसमें उक्त संदिग्ध की गतिविधियां दिखाई दी।

फुटेज के आधार पर उक्त युवक की तलाश शुरू की गई और मुखबीर तंत्र कोअलर्ट किया गया।एक माह बाद मंगलवार को मुखबीर से खबर मिली कि उक्त हुलिये का युवक गढ़कालिका मंदिर के पास भैरवगढ़ रोड़ पर घूम रहा है। तत्काल पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी की उक्त संदिग्धको हिरासत में लिया। थानेलाकर पूछताछ करने पर संदिग्ध का नाम जयदीप पिता लालशंकर भाटिया निवासी ग्राम छापी डूंगर राजस्थान सामने आया। सख्ती करने पर उसने जेबकटी की वारदात कबूल कर ली।

### होटल से बरामद किये पर्स और दस्तावेज

प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट ने बताया कि जेबकटी की वारदात का खुलासा होने पर आरोपी ने बताया कि वह देवासगेट क्षेत्र की होटल में एक माह से रूम लेकर रह रहा है। महाकाल क्षेत्र में हेयर सैलून की दुकान पर काम करता है। पुलिस होटल पहुंची तो वहां से अभिभाषक का पर्स और दस्तावेज बरामद हो गये। वहीं 5 हजार की राशि भी जप्त की गई। शेष राशि उसने खर्च करना बताया है। फिलहाल अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बुधवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा। बदमाश के खिलाफ महाकाल में जहरीली शराब का मामला भी दर्ज होना सामने आया है।

जिंदा जलाने की धमकी देकर महिला से मांगे थे 5 हजार

## हिस्ट्रीशिटर बदमाश को 3 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खुद को दादा बताते हुए महिला को जिंदा जलाने की धमकी देकर 5 हजार रुपए मांग रहे हिस्ट्रीशिटर बदमाश को पुलिस ने 3 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मंगलवार सुबह गणेश घाट कालोनी में रहने वाली कविता पति मेहरबान ठाकुर ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि रात में नटराज टाकिज के पास रहने वाला असलम पिता हैदर शाह घर के बाहर खड़ा होकर अपशब्द बोल रहा था और खुद को दादा बताकर कहने लगा कि यहां व्यापार करना है तो 5 हजार रुपए देना होगें। नहीं तो जिंदा जला दूंगा। मामला हिस्ट्रीशिटर बदमाश और गंभीर होने पर तत्काल धारा 308 (5), 296 (बी), 351 (3) भारतीय न्याय संहिता का दर्ज किया और बदमाश की गिरफ्तारी के लिये एएसआई सुनील देवके की टीम गठित की और रवाना किया। 3 घंटे की तलाश के बाद बदमाश को नटराज टाकिज के पीछे से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश वर्ष 2006 से अपराधों में लिप्त है। उसके खिलाफ मारपीट, आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, चोरी, धमकाने और गाली-गलौच के पूर्व में 15 अपराध दर्ज है। महिला की शिकायत पर 16 वां अपराध दर्ज किया गया है।

## खेत में काम करने वाले निकले चोरी के आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

किसान के खेत से चोरी हुई हजारों रुपए की कॉपर केबल चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। दोनों समीप खेत में हाली का काम करते थे।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार को ग्राम किठोदाराव में रहने वाले किसान रामसिंह जादौन ने मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि रविवार रात खेत पर लगे बोरिंग से अज्ञात बदमाश 15 हजार रुपए कीमत की कॉपर केबल चोरी कर ले गये है।

मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार को खबर मिली कि केबल चोरी करने वाले कमलसिंह खेत में बनी टापरी के पास खडे और केबल जलाकर कॉपर निकलकर बेचने की फिराक में है। तत्काल ग्राम किठोदाराव पहुंचकर दबिश दी गई।

पुलिस को देख 2 युवक जलती केबल छोड़ भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पकड़ा गया और टापरी में जल रही केबल को बुझाकर जप्त किया गया।

दोनों से पूछताछ करने सामने आया कि सगे भाई दुला पिता थावर सूर्यवंशी और रामचंद्र सूर्यवंशी निवासी ग्राम पीर काचरिया थाना झारड़ा हाल मुकाम किठोदाराव टापरी है। वह खेत में हाली का काम करते है, रात में उन्होने केबल चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

युवक की गर्दन पर चाकू रख लूटे थे रुपए और मोबाइल

## रेलवे क्रासिंग से हिरासत में आया आरोपी, बाइक-चाकू, मोबाइल बरामद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गर्दन पर चाकू रख लूट की वारदात को अंजाम देने वाला बदमाश सोमवार-मंगलवार रात पुलिस की हिरासत में आ गया। उसकी निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल, चाकू और लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि 26 फरवरी की रात दुगार्पुरा पारदी गेट के पास रहने वाले जफर ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ढाबे से खाना खाकर बाइक से लौट रहा था।

रास्ते में बदमाश अरबाज लाला आया और रास्ता रोक गर्दन पर चाकू रख कहा कि चिल्लाया तो जान से मार दूंगा। उसने जेब में रखा ओपो कंपनी का मोबाइल और साढ़े तीन हजार रुपए निकाल लिये। अरबाज धमकी देकर बाइक से भागा है। मामले में धारा 309 (4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। अरबाज पहले भी चोरी और मारपीट के चार मामलों का आरोपी रह चुका था। जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। रात में पता चला कि अरबाज उर्फ भूरा पिता सलीम 25 साल निवासी बडी जीन राजीव कालोनी नागदा रेलवे क्रासिंग के पास दिखाई दिया है। जिसे गिरफ्तार के लिये एसआई संजय माथुर, आरक्षक संदीप यादव, हेमराज को रवाना किया। अरबाज ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने लूट करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानेदही पर लूटा गया मोबाइल, चाकू और बाइक बरामद की गई है। लूट गये रुपए उसने खर्च कर दिये थे, जिसके चलते बरामदगी नहीं हो पाई। मंगलवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## खेत में काम करने वाले निकले चोरी के आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

किसान के खेत से चोरी हुई हजारों रुपए की कॉपर केबल चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। दोनों समीप खेत में हाली का काम करते थे।नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार को ग्राम किठोदाराव में रहने वाले किसान रामसिंह जादौन ने मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि रविवार रात खेत पर लगे बोरिंग से अज्ञात बदमाश 15 हजार रुपए कीमत की कॉपर केबल चोरी कर ले गये है। मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार को खबर मिली कि केबल चोरी करने वाले कमलसिंह खेत में बनी टापरी के पास खडे और केबल जलाकर कॉपर निकलकर बेचने की फिराक में है। तत्काल ग्राम किठोदाराव पहुंचकर दबिश दी गई। पुलिस को देख 2 युवक जलती केबल छोड़ भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पकड़ा गया और टापरी में जल रही केबल को बुझाकर जप्त किया गया। दोनों से पूछताछ करने सामने आया कि सगे भाई दुला पिता थावर सूर्यवंशी और रामचंद्र सूर्यवंशी निवासी ग्राम पीर काचरिया थाना झारड़ा हाल मुकाम किठोदाराव टापरी है।

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, संपत्ति स्थित सर्वे क्रमांक 751/2/3/7 रकबा 0.0780 हे.. लोकमान्य टिलक वार्ड नगरपालिका सिमा क्षेत्र के अन्दर कस्बा बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) उक्त संपत्ति असगर अली पिता अनवर अली ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 171 जीआर 18782025 ए 100504432 दि. 20/06/2025 के माध्यम से कनीजा बी पति मुस्तक से क्रय की है। असगर अली पिता अनवर अली द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति्, संस्था, बैंक सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋ ण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 31/03/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1- प्रवीण पांचाल पिता स्व. श्री गजानंद पांचाल, निवासी 3, ढाबा रोड़, उज्जैन 2- पंकज पांचाल पिता स्व. श्री गजानंद पांचाल, निवासी 3, ढाबा रोड, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन म्यु. क्रमांक 1, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 4, उज्जैन पर स्थित है। उक्त भवन का क्षेत्रफल लगभग 6000 वर्गफीट है एवं प्रवीण पांचाल के एकांकी स्वामित्व का भवन क्रमांक 2/1, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 4, उज्जैन पर स्थित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 2000 वर्गफीट है को क्रय करने का अनुबन्ध किया है और इसके सम्बन्ध में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है, उक्त अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति , शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 31/03/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो. 9826266570**

# महावीर जो सिखा गए



प्रकाश का एक स्वभाव होता है। वह चुपचाप उतरता है, बिना किसी उद्घोष के भीतर के अंधकार को ऐसे स्पर्श करता है, जैसे कोई पुराना मित्र धीरे से कंधे पर हाथ रख दे। महावीर का स्मरण भी कुछ ऐसा ही है। वह शोर नहीं करता, भीतर की निस्तब्धता में अपनी उपस्थिति दर्ज करता है। यह दिन केवल एक ऐतिहासिक जन्मतिथि नहीं, बल्कि उस क्षण का पुनरागमन है, जब मनुष्य ने अपने भीतर की हिंसा, भय और आसक्ति से आंख मिलाने का साहस किया था। जैन परंपरा में यह दिन उत्सव की तरह कम और आत्म-स्मरण की तरह अधिक आता है। कोई बाहरी उल्लास नहीं, कोई चकाचौंध नहीं, केवल एक धीमी, किंतु दृढ़ चेतना, जो कहती है कि मनुष्य का सबसे बड़ा संघर्ष बाहर नहीं, भीतर है। महावीर का जीवन इसी अंतर्द्वंद्व की कथा है। एक ऐसी यात्रा, जिसमें हर कदम त्याग का नहीं, बल्कि जागरण का प्रतीक बन जाता है। जब संसार अपने विस्तार में उलझा हुआ था, तब एक मनुष्य ने संकुचन को चुना- इच्छाओं के, वाणी के, स्पर्श के। यह संकुचन पलायन नहीं था, बल्कि गहन प्रवेश था। अपने अस्तित्व के केंद्र में उतर जाने का, जहां कोई दूसरा नहीं, केवल स्वयं का सत्य होता है। इस सत्य तक पहुंचने के लिए महावीर ने जो मार्ग चुना, वह कठोर अवश्य था, पर उसमें एक अद्भुत कोमलता थी, अहिंसा की, करुणा की, समभाव की। अहिंसा केवल बाहरी आचरण नहीं है, बल्कि एक आंतरिक अनुशासन है। किसी को चोट न पहुंचाना उतना कठिन नहीं, जितना यह सुनिश्चित करना कि हमारे विचार भी किसी के प्रति कठोर न हों। महावीर का आग्रह इसी सूक्ष्मता पर है। वह हमें केवल हाथों से नहीं, मन से भी अहिंसक होने की ओर ले जाते हैं। महावीर संयम की बात करते हैं। संयम अक्सर कठोर शब्द की तरह प्रतीत होता है, वास्तव में यह गहरी स्वतंत्रता का द्वार है। इच्छाओं के अनंत विस्तार में मनुष्य स्वयं को खो देता है, पर जब वह उन्हें सीमित करता है, तब वह भीतर के उस रिक्त स्थान को पहचान पाता है, जहां शांति निवास करती है। महावीर का जीवन इस रिक्तता की खोज है। एक ऐसी रिक्तता, जो शून्यता नहीं, बल्कि पूर्णता का अनुभव कराती है। महावीर हमें यह विश्वास दिलाते हैं कि साधारण मनुष्य भी असाधारण बन सकता है, यदि वह अपने भीतर झांकने का साहस कर सके। यह साहस ही उनका सबसे बड़ा उपदेश है। महावीर जयंती का अवसर एक दर्पण की तरह है, जिसमें हम अपने वर्तमान को देख सकते हैं। यह दर्पण हमें हमारे वास्तविक रूप में दिखाता है और शायद यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। यह हमें बदलने के लिए बाध्य नहीं करता, बल्कि समझने का अवसर देता है कि परिवर्तन की आवश्यकता कहां है।



सम्पादकीय

## अमेरिका में चिंता

पूरे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और उनकी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन के बावजूद युद्ध के मोर्चे पर किसी तरह की नरमी न दिखना दुखद और चिंताजनक है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में यह तीसरा देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन था। बड़ी संख्या में ऐसे अमेरिकी हैं, जो अपने देश में राजा जैसा नेता नहीं चाहते। उन्होंने अपने विरोध-प्रदर्शन अभियान का नाम बेबाकी से नो किंग्स रखा। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने ऐसे-ऐसे निर्णय लिए हैं, जिनसे खुद अमेरिका में तनाव और चिंता की स्थिति लगातार बनी हुई है। यह भी ध्यान देने की बात है कि ट्रंप और युद्ध के खिलाफ ऐसे प्रदर्शन दुनिया के किसी भी देश में नहीं देखे गए हैं। एक अनुमान के अनुसार, 3,000 से ज्यादा जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। लोकतंत्र तो यही कहता है कि इस प्रदर्शन का असर अमेरिकी राष्ट्रपति पर पड़ना चाहिए, लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसे दो प्रदर्शन पहले हो चुके थे, मगर ट्रंप पर कोई असर नहीं हुआ था। अमेरिका में लोग चाहते हैं कि ट्रंप शासन-प्रशासन में किसी तरह की मनमानी से बचें और अमेरिका के वास्तविक हितों की रक्षा करें।

अमेरिका में हुए इन प्रदर्शनों में देश के आम लोग ही नहीं, खास लोग भी शरीक रहे, पर उनकी आवाज भी अनसुनी कर दी गई। अनगिनत अमेरिकियों को शिकायत है कि उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों, मतदान के अधिकार पर हमले हो रहे हैं। अमेरिका में जीवन की लागत तेजी से बढ़ रही है। वहां लोग नहीं चाहते कि ट्रंप किसी तानाशाह की तरह शासन करें। अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन का संदेश साफ है, लेकिन लोगों के हाथों में ज्यादा विकल्प नहीं हैं। सवा साल पहले डोनाल्ड ट्रंप को लोगों ने ही चुना है और उनका कार्यकाल अभी बहुत बाकी है। संकेत यही है कि ट्रंप इस युद्ध को जल्दी खत्म नहीं कर पाएंगे। यही कारण है, पेंटागन ईरान में कई हफ्तों के जमीनी अभियान की योजना बना रहा है, जिसमें खारग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तटीय क्षेत्रों पर कार्रवाई शामिल है। ईरान के आसपास 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिकों को तैनात करने पर विचार किया जा रहा है। यह कहना चाहिए कि खाड़ी के देशों में जमीनी युद्ध बहुत घातक होते हैं और इसमें अमेरिका को भी भारी जान-माल की हानि होने की आशंका है। वैसे भी, जिस तरह की ईरान की मारक क्षमता है, उसमें अमेरिका की सैन्य उपस्थिति कितनी सुरक्षित होगी, कहना मुश्किल है।

### संदर्भः-जनगणना के पहले चरण की शुरूआत आज से

# देश की पहली डिजिटल जनगणना

दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की जनगणना 1 अप्रैल से आरम्भ हो रही है। गृह मंत्री अमित शाह जनगणना के नए नियम और टूल (औजार) पसहले ही जारी कर चके हैं। कोविड महामारी के कारण 2021 में टाली गई जनगणना 2027 में अब शुरू हो रही है। ई-बाजार, ई-आवेदन, ई-रेल व बस में आरक्षण ई-भुगतान के बाद अब ई-जनगणन यानी डिजिटल गिनती होगी। इस गिनती में जाति की गिनती भी साथ-साथ होगी। इसमें जन्म और मृत्यु दोनों ही डिजिटल जनगणना से जुड़े होंगे। हर जन्म के बाद डिजिटल जनगणना खुद ही अद्यतन हो जाएगी और जब किसी की मृत्यु होगी तो उसका नाम खुद ही डाटा से डिलीट हो जाएगा। सेंसर रजिस्टर यानी जनगणना में बच्चे के जन्म माता-पिता ,जाति और जन्म स्थान की जानकारी समेत 16 भाषाओं में 36 प्रश्नों के उत्तर दर्ज हो जाएंगे। बालक जब 18 साल का होगा तो खुद ही उसका नाम चुनाव आयोग के पास चला जाएगा, नतीजतन उसका मतदाता पहचान पत्र बनने के साथ मतदाता सूची में भी नाम स्वमेव दर्ज हो जाएगा। फिर जब किसी की मौत हो जाएगी तो ऑनलाइन जनगणना के डाटा से उस शख्स का नाम खुद ही डिलीट भी हो जाएगा। इस तरह से जनगणना का डाटा हमेशा खुद अद्यतन होता रहेगा। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर (एनपीआर) की प्रक्रिया पर करीब 12000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। डिजिटल जनगणना की घोषणा 1 फरवरी 2021 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

जनगणना-2021 में नागरिकों को गणना में शामिल होने की एक बेहतर और अनूठी ऑनलाइन सुविधा दी गई है। भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना का अधिकार देने के लिए नियमों में परिवर्तन किए हैं। जनगणना (संशोधन)-2022 के अनुसार परंपरागत तरीके से तो जनगणना घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी करेंगे ही, लेकिन अब नागरिक स्व-गणना के माध्यम से भी अनुसूची प्रारूप भर सकता है। इसके लिए पूर्व नियमों में ह्यइलेक्ट्रॉनिक फार्मह्य शब्द जोड़ा गया है, जो सूचना प्रौद्योगिकी कानून 2000 की धारा दो की उप धारा (एक) के खंड आर में दिया गया है। इसके अंतर्गत मीडिया, मैग्नेटिक, कंप्यूटर जनित माइक्रोचिप या इसी तरह के अन्य उपकरण में तैयार कर भेजी या संग्रहित की गई जानकारी को इलेक्ट्रॉनिक फार्म में दी गई जानकारी माना जाएगा। यानी एनरायड या आईओएस प्लेटफार्म पर अपनी गिनती दर्ज की जा सकेगी, जो कि आजकल घर-घर में उपलब्ध है। इस ऑनलाइन प्रविष्टि के अलावा घर-घर जाकर भी जनगणना की जाएगी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑनलाइन प्रयोग अद्वितीय है। लेकिन देश की जनता के स्थायी और निरंतर गतिशील पंजीकरण के दृष्टिगत अब जरूरी है कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनगणना की जवाबदेही सौंप दी जाए। गिनती के विकेर्द्रीकरण का यह नवाचार जहां 10 साला जनगणना की बोझिल परंपरा से मुक्त होगा, वहीं देश के पास प्रतिमाह प्रत्येक पंचायत स्तर से जीवन और मृत्यु की गणना के सटीक व विश्वसनीय आंकड़े मिलते रहेंगे। इस लेख में प्रस्तुत की जाने वाली जनगणना की यह तरकीब अपनाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि तेज भागती यांत्रिक व कंप्यूटरीकृत जिदंगी में सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक बदलाव के लिए सर्वमान्य जनसंख्या के आकार व संरचना का दस साल तक इंतजार नहीं किया जा सकता ? वैसे भी भारतीय समाज में जिस तेजी से लैगिंक, रोजगारमूलक और जीवन स्तर मे परिवर्तन आ रहे हैं, उसकी बराबरी के प्रयासों के लिए भी जरूरी है कि हम जनगणना की परंपरा में आमूलचूल परिवर्तन लाएं ?

जनसंख्या के आकार, लिंग और उसकी आयु के अनुसार उसकी जटिल संरचना का कुछ ज्ञान न हो तो आमतौर पर अर्थव्यवस्था के विकास की कालांतर में प्रगति, आमदनी में वृद्धि, खाद्य पदार्थों व पेयजल की उपलब्धता, आवास, परिवहन, संचार, रोजगार के संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के पर्याप्त उपायों के इजाफे के पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। जनसंख्या में वृद्धि के अनुपात में ही लोकसभा और विधानसभा सीटों को परिसीमन के जरिए बढ़ाया जाता है। 2028 में होने वाले लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए भी 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। जनगणना में निरंतरता इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश व दुनिया में जनसंख्या वृद्धि विस्फोटक बताई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया की जनसंख्या लगभग सात सौ करोड़ हो चुकी है। 2050 में यह आंकड़ा 10 करोड़ तक पहुंच सकता है। इस आबादी का पचास प्रतिशत से भी ज्यादा हिस्सा महज नौ देशों चीन, भारत, अमेरिका, पकिस्तान, बांग्लादेश, नाइजीरिया, कांगो, इथोपिया और तंजानिया में होगा। परिवार नियोजन के तमाम उपायों के बावजूद दुनिया में प्रति महिला सकल प्रजनन दर 2.5 शिशु है, 2050 में यह दर घटकर 2.1 प्रति महिला प्रति शिशु रह जाने की उम्मीद है।

धरती पर जितनी तेजी से मानव समुदायों की आबादी उन्नीसवीं सदी में बढ़ी है, उतनी तेजी से बढ़ोतरी पहले कभी दर्ज नहीं हुई। एक अनुमान के मुताबिक ईसवी सन एक में धरती पर कुल आबादी लगभग तीस करोड़ थी। अठारहवीं शताब्दी के अंत में दुनिया की जनसंख्या एक अरब के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई थी। इन शताब्दियों में जन्म दर की मात्रा अधिक होने के बावजूद जनसंख्या वृद्धि दर बेहद मंदी थी। प्रकृति पर निर्भर गर्भ निरोधकों से दूर और उपचार की आसान व सुलभ पद्धतियों से अनजान स्त्री-पुरूष बच्चे तो खूब पैदा करते थे, लेकिन उनमें से ज्यादातर मर जाया करते थे। बीमारियों की पहचान और उपचार से नियंत्रण के चलते बीसवीं शताब्दी के पहले ही तीन दशको में यह आबादी दोगुनी होकर करीब पौने दो अरब के आंकड़े को छू गई थी।

भारत की जनसंख्या 1901 में 23,83,96,327 थी। आजादी के साल 1947 में यह आबादी 34.2 करोड़ हो गई थी। 1947 से 1981 के बीच भारतीय आबादी की दर में ढाई गुना वृद्धि दर्ज की गई और आबादी 68.4 करोड़ हो गई थी। जनसंख्या वृद्धि दर का आकलन करने वाले विशेषज्ञो का मानना है कि भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ 60 लाख आबादी बड़ जाती हैं। इस दर के अनुसार हमें अपने देश की करीब एक अरब 40 करोड़ लोगों की एक निशचित जनसंख्या प्रारूप में गिनती करनी है,>

## नींद-बैंक और खराटों का टैक्स

नीमझर गाँव के आधुनिक दार्शनिक 'गपोड़ी लाल' ने इस बार प्रधानी के चुनाव में वह मुद्दा उठाया, जिसे सुनकर कुंभकरण भी अपनी समाधि तोड़ देता। उनका चुनावी शगूफा था- 'स्लीप मैनेजमेंट और खरार्टा ऊर्जा संरक्षण योजना'। गपोड़ी लाल का तर्क था कि गाँव का आदमी दिन भर मेहनत करके रात को जो खरार्टे भरता है, वह वास्तव में एक 'ध्वनि ऊर्जा' है जो व्यर्थ जा रही है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गाँव में एक 'सेंट्रल स्लीप बैंक' बनवाएंगे, जहाँ ग्रामीण अपनी अतिरिक्त नींद जमा कर सकेंगे और जरूरत पड़ने पर बुवाई या कटाई के सीजन में उसे 'विड्रॉ' कर सकेंगे। गाँव के लोग, जो साल भर की थकान को एक रात में उतारने की कोशिश में लगे रहते थे, अचानक इस 'नींद के निवेश' वाले विचार पर ऐसे लट्टू हुए कि उन्हें गपोड़ी लाल में साक्षात निद्रा देवी का अवतार दिखने लगा।

प्रचार के अंतिम चरण में गपोड़ी लाल ने गाँव के ऊसर मैदान में एक विशाल लोहे का पिंजरा रखा और उसे 'ड्रीम-कैप्चर यूनिट' घोषित कर दिया। उन्होंने दावा किया कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की प्रतिज्ञा लेकर इस पिंजरे के पास पाँच मिनट सोएगा, उसके सारे बुरे सपने (जैसे कर्ज का नोटिस या साले की विदाई) यह मशीन सोख लेगी और बदले में उसे 'स्वर्गीय सुख' के हसीन सपने मुफ्त में दिखाए जाएंगे। विपक्षी उम्मीदवार 'भोला नाथ' नाली, खड़ंजे और शिक्षा की पुरानी रट लगा रहे थे, लेकिन जनता को तो उस 'डिजिटल तकिये' की तलाश थी जो उनकी सारी चिंताओं को चबा जाए। गपोड़ी लाल ने एक पुराना जनरेटर चलाया और कहा कि यह 'नींद की फ्रीक्वेंसी' सेट कर रहा है। गाँव के सीधे-सादे लोग अपनी चादरें लेकर मैदान में कतार में लग गए, इस उम्मीद में कि अब बिना कुछ किए ही उनकी किस्मत सोये-सोये बदल जाएगी। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और गपोड़ी लाल रिकॉर्ड मतों से विजयी हुए, पूरा गाँव अपनी 'जमा नींद' और 'सपनों का कूपन' लेने उनके घर पहुँच गया। लोग चाहते थे कि अब वे हफ्तों तक सोएं और विकास अपने आप हो जाए। गपोड़ी लाल अपनी नई एसयूवी की छत पर खड़े होकर बोले- ₹भाइयों, बैंक की मशीन खराब हो गई है क्योंकि आप सबके खराटों का वॉल्यूम इतना हाई था कि डेटा क्रैश हो गया!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 अप्रैल 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:23 सूर्यास्त 18:39
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - चतुर्दशी 07:05 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 16:16 उपरांत हस्त
योग - वृद्धि 14:50 उपरांत ध्रुव
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 12 तारिख

**मेष-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। किस्मत मेहरबान रहेगी।

**वृषभ-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन-** पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कर्क-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह-** धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक-** सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**धनु-** अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मकर-** पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें।

**कुंभ-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**मीन-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

कविता

## प्यास

यह नदी नहीं, शायद 'घाव' है कोई,
जिसमें बहता रहता दुख का पानी।
किनारे बैठा है छोटा-सा वह बच्चा,
आँखों में है 'समाई' अधूरी कहानी।
जैसे किनारे 'उम्मीद' समेट रहा हो।
इन नन्हें हाथों में भर लेता है पानी,
यूं खुद को दुनिया से जोड़ रहा हो।
गन्दगी में ढूँढे अपनी जीवन रवानी,
उसके नंगे पाँव, फटेहाल हैं दुनिया,
वह मासूमियत से भरी हुई निगाहें।
कौन? छीन लें गया उसका बचपन,
क्यों? सूनी-सी हो गई उसकी राहें।
यहाँ 'प्यास' सिर्फ पानी की नहीं है,
एक प्यास है अपने सम्मान की भी।
एक साफ-स्वच्छ कल की चाहत में,
ये अपनी खोई हुई पहचान की भी।
हे दुनिया वालों अब जागो-जगाओ,
ये सवाल आज भी बहुत गहरा है-
क्यों? हमारे बच्चे पिएँ 'गन्दा' पानी,
ये समझना विकास कहाँ ठहरा है ?



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# गर्मियों में फाइबर से भरपूर इन फूड्स का करें सेवन



गर्मियों का मौसम सेहत के लिहाज से काफी संवेदनशील होता है> शरीर में पानी की कमी होने के साथ ही खाने के प्रति थोड़ी भी लापरवाही बीमार करने के लिए काफी होती है। समर सीजन में ज्यादातर पेट संबंधी बीमारियां होती हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि हम दिनभर अपनी बॉडी को हाइड्रेट रखें और ज्यादा से ज्यादा फाइबरयुक्त भोजन करें। आज हम आपको कुछ फूड्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें गर्मियों में अपनी डेली डाइट में शामिल कर आप ज्यादा से ज्यादा फाइबर युक्त भोजन कर सकते हैं।

### दालें और बीन्स

हमारे खाने में इस्तेमाल होनें वाली दालें और बीन्स सेहत का खजाना होती हैं। इनमें पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। दालें और बीन्स जैसे मसूर, चना, राजमा में काफी मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और अन्य तत्व पाए जाते हैं। इनमें फाइबर भी काफी मात्रा में होता है।

दिन में जब कभी भूख लगे तो उल्टा सीधा खाने के बजाय नट्स का सेवन काफी फायदेमंद होता है। इसमें बादाम, अखरोट, पिस्ता और मूंगफली आदि शामिल हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है।

### साबुत अनाज

ज्यादातर साबुत अनाज फाइबर से भरपूर होते हैं। इसमें गेहूं, जौ, ब्राउन राइस, जई, बाजारा आदि शामिल हैं। इसके साथ ही साबुत अनाज में विटामिन, प्रोटीन, न्यूट्रीशन्स भी काफी होते हैं।

### नारियल

नारियल में काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। नारियल की तारीस ठंडी होने की वजह से गर्मियों में ये पेट की गर्मी बढ़ने से भी रोकता है।

### केला

फ्रूट्स में केला सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। ये एनर्जी का पावर हाउस है। केले में काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो डाइजेशन को बेहतर रखने में काफी मददगार होता है।

### चिया सीड्स

फाइबर से भरपूर चिया सीड्स को सुपर फूड भी कहा जाता है। इसमें ज्यादातर पोषक तत्व मौजूद होते हैं। चिया सीड्स को भिगोकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। ये वजन कम करने में भी मदद करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,49,200, रवा- 1,49,000 चांदी- टंच- 2,30,000 पाट- 2,29,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# अब तो श्रीनगर में भी जय-जय श्रीराम



कश्मीर,श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में 170 साल पुराने राम मंदिर के दरवाजे अब 36 साल बाद खुल गये है एवं कश्मीरी पंडितो सहित यहां के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी इस मंदिर के पुजा पाठ में मिल जुलकर हिस्सा लिया है एवं रामनवमी उत्सव मनाया है। ये राममंदिर जो 1857 में बनाया गया था ,अब इसका जिर्णोद्धार किया जा रहा है। इस मंदिर में दोनों समुदायों के लोगों ने ईश्वर- अल्लाह तेरो नाम कहते हुए यह भी कहा है कि आज सभी को 36 साल पुराने दिन याद आ गये। जब आरती एवं अंजान की आवाजें एक साथ सुनाई देती थी तब हम भी यही कहना चाहते हैं कि कश्मीर से धारा 370 को हटाना मोदी सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम था कारण उसके हटते हि आज श्रीनगर , कश्मीर में हिन्दूओं को अपने घरों में बसने की एक बार फिर आजादी मिल गई है एवं अब वह श्रीनगर कश्मीर के लाल चौक में अपना हर त्यौहार बड़ी खुशहाली से मना रहे है। अतः अब हमारे मन में यही विचार बार बार आता है कि काश ! धारा 370 को हटाने का यही निर्णय कांग्रेस की नेहरु ,इन्दिरा या फिर राजीव सरकार ने ले लिया होता तो आज स्थिति हि कुछ और होती तथा पाक अधिकृत कश्मीर भी कब का भारत में मिल चुका होता जो आज के समय भारत से मिलने के लिए काफी बेकरार है।

**एमएम राजावतराज**

धर्म-आस्था

# क्या कुण्डली मैच नहीं होने पर रिश्ता तोड़ना ही अंतिम उपाय होता है?



भारतीय विवाह में कुण्डली मिलान एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। कुण्डली से न केवल लड़का-लड़की के गुणों और व्यवहार का पता चलता है, बल्कि ये भी समझ आता है कि भविष्य में दोनों एकसाथ आगे बढ़ पायेंगे या नहीं। कुण्डली से यह भी बताया जाता है कि उनका आर्थिक जीवन कैसा रहेगा, बच्चे होंगे या नहीं और अगर दोनों में टकराव होगा, तो किन कारणों से होगा। पर कभी-कभी ऐसा भी होता है कि लड़का-लड़की एक-दूसरे को बेहद पसंद करते हैं लेकिन उनकी कुण्डली नहीं मिलती। ऐसे में परिवार को यह डर लगा रहता है कि अगर उनका विवाह होता है, तो भविष्य में दोनों के रिश्ते मजबूत ना रहे। लेकिन वे शादी भी नहीं तोड़ना चाहते। ऐसे में उन्हें क्या करना चाहिये, चलिए जानते हैं।।।।

कुंडली नहीं मिलने के मुख्य कारणअधिकतर विवाह में मांगलिक दोष को कुण्डली मिलान के समय प्रमुखता दी जाती है क्योंकि कुंडली का ना मिलना वैवाहिक जीवन में तनाव या स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ पैदा कर सकता है। इसके अलावा कुण्डली में नाड़ी दोष भी देखा जाता है, जो स्वभाव और तंत्र में असंगति दशार्ता है। कुण्डली में भकूट दोष भी महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक और पारिवारिक स्थिरता पर असर दिखा सकता है।

कुंडली ना मिले, तो क्या उपाय करें?अगर सब कुछ सही होने के बावजूद कुंडली मेल नहीं खाती, तो ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इसका मतलब यह नहीं कि रिश्ता सफल नहीं हो सकता। कुंडली मिलान में अंतर चिंता का कारण हो सकता है पर समाधान भी मौजूद हैं। इसके लिए विवाह तोड़ने की आवश्यकता नहीं होती। कुण्डली ना मिले, तो सबसे पहले यह जानें कि कौन-से गुण या दोष मेल नहीं खा रहे। कुछ दोष मामूली होते हैं, लेकिन कुछ गंभीर होते हैं। अगर कुछ गंभीर दोष होते हैं, तो ऐसे में ज्योतिष के विशेषज्ञ से परामर्श लें। मंगल या शनि दोष के लिए विशेष अनुष्ठान और दिन-विशेष पर पूजा से शांति मिल सकती है। बड़े दोषों के लिए शनि पूजा, मंगल पूजा आदि करवाई जा सकती है, ताकि नकारात्मक प्रभाव घटे। इसके अलावा कुंडली के अनुसार उपयुक्त रत्न (जैसे रूबी, पन्ना, पुखराज) पहनने से ग्रहों का संतुलन बेहतर माना जाता है। लेकिन रत्न केवल विशेषज्ञ की सलाह पर पहनें। कई जानकारों की सलाह होती है कि आप जिस ग्रह के दोष से पीड़ित हैं, आपको उस ग्रह के मंत्र का जाप नियमित रूप से करना चाहिए। मंत्र जाप शांति और समझ बढ़ाने में सहायक होते हैं। ग्रहों से जुड़ी वस्तुएँ दान करने से नकारात्मक प्रभाव कम करने की परंपरा है। इसलिए, ज्योतिषी के निदेर्शानुसार दान करें। ज्योतिष उपायों के साथ-साथ आपको अपने रिश्ते पर भी काम करना चाहिए। ईमानदार बातचीत, साझा मूल्य और समझ रिश्ते की नींव मजबूत करते हैं। ध्यान रहे कि कुंडली का न मिलना कोई अंतिम निर्णय नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। सही मार्गदर्शन, समझ और प्रेम के साथ कोई भी रिश्ता मजबूत और सफल बनाया जा सकता है। सिर्फ ग्रह नहीं, बल्कि आपके कर्म और व्यवहार भी रिश्ते को सफल बनाते हैं।



शुजालपुर में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## स्वयं की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित रहने का कार्यक्रम में संदेश दिया

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश शासन एवं मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक वर्षा के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद एवं समाधान की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना रहा। ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जन अभियान परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी एवं स्वागत उद्बोधन दिया। अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक मोहनसिंह सदस्य ने की व मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी निमेष देशमुख उपस्थित रहे। उन्होंने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए नागरिकों को स्वयं की सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित रहने का संदेश दिया। साथ ही राज्य आपदा मोचन बल एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए 1070 आपदा सहायता हेल्पलाइन एवं 112 पुलिस सहायता सेवा के प्रति जागरूक किया। विशेष अतिथि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि आपदा केवल प्राकृतिक ही नहीं होती, बल्कि अस्वच्छता एवं कीटनाशकों के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियां भी आपदा का रूप ले सकती हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास समिति अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद जाटव, कमलसिंह पवार, ज्योति कुशवाह, सचिन एवं फू लवती दीक्षित सहित सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पार्षद सदस्य, प्रस्फु टन समिति,नगर ग्राम सुरक्षा समिति,आंगनवाड़ी, विद्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संचालन परामर्शदाता हरिओम जौहर व आभार नंदकिशोर लववंशी एवं अशोक पांचाल ने माना। कार्यक्रम के समापन पर जमदड़ नदी घाट पर अतिथियों द्वारा पूजन किया गया तथा शैक्षणिक नवांकुर संस्था के संध्या कमल सिंह सूर्यवंशी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

आकर्षक पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

## इको क्लब द्वारा पर्यावरणीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरणीय पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण, स्वच्छता, स्वस्थ जीवन शैली एवं ऊर्जा बचत जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में विभिन्न जागरूकता स्लोगन भी लिखे गए, जिनका उद्देश्य आमजन को पर्यावरणीय गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा। इस दौरान इको क्लब के विद्यार्थियों ने पर्यावरण आधारित रंगोलियां भी बनाई, जिनमें जीव-जंतुओं के महत्व को रेखांकित किया गया। इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति चेतना एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार शर्मा ने पोस्टर एवं रंगोली की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर ऐसे रचनात्मक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम पर्यावरण शिक्षण योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी का वरघोड़ा निकाला

# महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर में सकल जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शुजालपुर सिटी में निकाले गए विशाल चल समारोह की विशेषता राष्ट्रीय ध्वज के साथ जैन धर्म ध्वज एवं वेदीजी को प्रमुखता देना रहा, जिसने कार्यक्रम को राष्ट्र एवं धर्म के समन्वय का संदेश दिया।

प्रातःकाल श्री दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी का वरघोड़ा निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः मंदिर पहुंचा। यहां जैन ध्वजारोहण की बोली लगाई गई, जिसका लाभ प्रवीणकुमार एवं उज्ज्वल कुमार जैन परिवार ने लेकर विधिवत ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात मंदिर में श्रीजी का अभिषेक एवं आरती सम्पन्न हुई। मंदिर परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का



शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रारंभ में मंगला चरण गीत मिष्ठी जैन ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सकल जैन समाज के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पारस चौपड़ा, कमल चौधरी, राजेंद्र जैन, प्रवीण जैन एवं नवरतन धारीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। वहीं प्रतीक जैन एवं भव्यांश नारेलिया ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम



का संचालन अनीता जैन द्वारा किया गया। साथ ही मंडी सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर सेवा कार्य भी किया गया। उल्लेखनीय है कि भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव शुजालपुर सिटी में तीनों जैन संप्रदायों द्वारा मिलकर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

### खाचरौद

नगर में महावीर जयंति के उपलक्ष्य में जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का चल समारोह धुमधाम से जय महावीर के उदघोष के साथ प्रमुख मार्गो से निकाला गया। जैन धर्म के अहिंसा , सत्य,करूणा के दिव्य संदेश के साथ मानवता को नई दिशा देने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव जैन समाजजन के पुरूष महिला एंव युवा बच्चे अहिंसा परमो धर्मः के उद्वेश्य को लेकर बेण्डबाजे डोल के साथ भगवान को पालकी में विराजीत कर चलसमारोह से निकले। नगर में जैन संतो का समागम होने से संतो के प्रवचन समाजजन द्वारा भावना से ग्रहण किया और सभी समाजजन को महावीर भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएॅ दी गई। सम्पूर्ण समाजजन का स्वामीवात्सल्य भी रखा गया। चल समारोह का स्वागत नगर के विभिन्न राजनेतिक व सामाजिक संस्थाओ द्वारा स्वागत सत्कार कर शुभकामनाऍ दी गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर कुएं के पास किया सघन श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से, सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। अभियान के प्रथम चरण में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। रैली के पश्चात, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित कुएं के समीप मोर्चा संभाला। यहां सघन स्वच्छता अभियान चलाते हुए



स्वयंसेवकों ने कुएं के आसपास मौजूद एकल उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) और अन्य कचरे को एकत्रित किया। साथ ही, जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और स्वच्छता के प्रति सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया।

### जल संरक्षण जरूरी-डॉ. तिवारी

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और युवाओं को जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा होनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. दिनेश निगावल, डॉ. अरुण कुमार बोडाने, डॉ. बी.के. सोलंकी, डॉ. सुनील अडवाणी और डॉ. दिलीप माहेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने श्रमदान कर रहे स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## सारंगपुर ब्लॉक में सिर्फ 52.94 फीसदी एचपीवी टीकाकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में सर्वाइकल कैंसर निरोधक एचपीवी टीकाकरण अभियान की गति धीमी पड़ रही है। हालांकि ब्लॉक में अब तक लक्ष्य का 50 फीसदी से अधिक वैक्शीनेशन पूरा हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को लेकर सारंगपुर बीएमओ डॉ. मनीष चौहान ने अभिभावकों में जागरूकता की कमी को धीमी गति का मुख्य कारण बताया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए निशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत कुक्षी ब्लॉक को 3400 छात्राओं को एचपीवी टीके लगाने का लक्ष्य दिया है। इसके मुकाबले, ब्लॉक में 14 से 15 वर्ष की केवल 1800 बालिकाओं को ही अब तक टीके लगाए गए हैं।

डॉ. चौहान ने बताया कि विभाग की आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अभिभावकों से संपर्क कर उनकी बेटियों को एचपीवी टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। हालांकि, अभिभावकों में टीकाकरण को लेकर उत्साह की कमी देखी जा रही है, जिससे अभियान की गति धीमी बनी हुई है। हमारा लक्ष्य है कि एक माह के भीतर लक्ष्य की 100 फीसदी प्राप्ति हो जाए। टीकाकरण की गति बढाने के लिए सोमवार से लगातार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में शिक्षा विभाग के बीईओ, बीआरसी और हॉस्टल वार्डन की भी सहायता ली जाएगी। जिला स्तर के अधिकारी भी इन शिविरों की निगरानी करेंगे।

### 6 हजार का टीका फ्री

डॉ. चौहान ने यह भी बताया कि निजी स्तर पर एचपीवी टीके की कीमत लगभग 6,000 रुपए है, जबकि सरकार इसे निशुल्क उपलब्ध करा रही है। विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीनेशन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास करेगा। उन्होंने एचपीवी टीके के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करता है, जो सर्वाइकल कैंसर का एक प्रमुख कारण है।



## खाद्य आपूर्ति विभाग ने मिठाई की दुकानों से पकड़े पांच घरेलू गैस सिलिंडर

**सारंगपुर।** खाद्य आपूर्ति विभाग एवं राजस्व विभाग ने रविवार शाम शहर में दो अलग-अलग दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 3 घरेलू गैस सिलिंडरों का व्यावसायिक प्रयोग करते हुए पकडा। नेमा फूड जोन से 2 सिलेंडर तथा लववंशी दुकान से 1 घरेलू सिलिंडर जब्त किए हैं। जांच टीम में खाद्य आपूर्ति विभाग प्रभारी एवं नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम के सदस्य मौजूद रहे। चौहान ने बताया कि हमारा लक्ष्य सारंगपुर क्षेत्र में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग न केवल आर्थिक अपराध है बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। यह अभियान उपायुक्त के निर्देश पर जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक के निर्देश पर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर की गैस एजेंसियों पर जाकर जांच की गई और उपभोक्ताओं से भी बातचीत की गई।

## भगवान परशुराम प्रकट उत्सव की भव्य तैयारी, बैठक में बनी रूपरेखा

**गुना।** शहर के त्रिमूर्ति भवन में सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी भगवान परशुराम प्रकट उत्सव को भव्य रूप देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा शंकर भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष रजनीश शर्मा और जिलाध्यक्ष आनंद भार्गव की विशेष उपस्थिति में समाज बंधुओं से सुझाव आमंत्रित किए गए। जिलाध्यक्ष आनंद भार्गव ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि प्रकट उत्सव पर विशाल चल समारोह मंडी प्रांगण से प्रारंभ होगा, जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ दुबे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगा।

## कनासिया में धूमधाम से मना महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

**मक्सी।** ग्राम कनासिया में सकल जैन श्री संघ के तत्वाधान में प्रभु महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव अपूर्व श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चल समारोह भी निकाला गया जिसमें युवक - युवतियों द्वारा महावीर के शुभ संदेशों के नारे लगाए गए। चल समारोह का समापन श्री जैन मंदिर परिसर पर हुआ, जहां पर सकल जैन श्री संघ द्वारा स्नात्र महापूजन, सामूहिक चेत्यवंदन एवं आरती आदि धार्मिक आराधनायें संपन्न हुई, तत्पश्चात प्रभावना वितरण की गई। यह जानकारी जैन श्री संघ अध्यक्ष सुभाष जैन ने दी।



**In The Court Of VII Civil I Judge Clereja District Court, Ujjain Presiding Officer:**

**श्री राघवेन्द्र पटेल**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000031/2024)

**ओमप्रकाश....... आवेदक**
**Vs**
**सरितादेवी---- अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 08/04/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश पिता श्री राजपाल, आयु 66 वर्ष, निवासी-ग्राम निमनवासा मक्सी रोड बिटल्स फैक्ट्री उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अधीनआवेदक की माता मोहनीबाई उदासी पति स्व. रामपाल उदासी, आयु-86 वर्ष, निवासी-मोहननगर आगर रोड उज्जैन म प्र की मृत्यु दिनांक 14/02/2024 को हो चुकी है। ऑवेदक के अतिरिक्त स्व. मोहनीबाई उदसी के अन्य उत्तराधिकारी अनावेदकगण क्रं. 1 सरितादेवी पति गुरमुखदास, आयु-69, व्यवसाय-गृहिणी, निवासी-63 मोहननगर उज्जैन म प्र, क्र.2 मंजु उदासी पति सुरेश उदासी, आयु-43 वर्ष, व्यवसाय-गृहिणी, निवासी- म.नं. 19/1 वार्ड नं.2 पोस्ट बरुद तहसील हरसूद जिला पूर्वी निमाड म प्र, क्रं.3 जगदीश पिता रामपाल, आयु-56 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-32/2 मोहननगर उज्जैन मप्र है। स्व. मोहनीबाई उदासी द्वारा अनावेदक क्रं. 4 बैंक ऑफ इण्डिया मोहन नगर आगर रोड ब्रांच इंदिरा नगर उज्जैन में डिपोजिट राशि 65,446/- रुपये दिनांक 16/11/2021 कस्टमर आईडी 119324384 जिसका खाता क्रमांक-912645110005536 डिपाजिट टाईप डीबीडी टोटल ब्याज 3674/- परिपक्वता दिनांक 03/08/2022 कुल राशि 69120/- रुपये है। आवेदक स्व. मोहनीबाई उदासी के पुत्र होने के कारण उक्त राशि 69120/- रुपये प्राप्त करने के वैध उत्तराधिकारी है. जिसमें अनावेदकगण क्रं.1.2 एवं 3 को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। आवेदक ने मृतक मोहनीबाई उदासी की उपरोक्त बैंक में जमा एफडी की उपरोक्त राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 अप्रैल 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 अप्रैल 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 25 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

नवागत पुलिस अधीक्षक हितिका वसल ने छात्र छात्राओं को दिए कई महत्वपूर्ण टिप्स

# महिला एसपी ने सतनपुर में आयोजित पहले जनसंवाद में कानूनी, सुरक्षा और जागरूकता की दी जानकारी

जनसंवाद में आईपीएस कैसे बने आदि प्रश्नों का भी छात्र छात्राओं को दिया संतुष्टि पूर्ण उत्तर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

जिले को भयमुक्त और सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से जिले की नवागत पहली महिला आईपीएस हितिका वसल ने बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सतनपुर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वसल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच की दूरी खत्म कर जनता में पुलिस पर विश्वास बनाना है। इसी कड़ी में उन्होंने आम जनता के बीच पहुंचकर ग्राम सतनपुर के महिला, पुरुष, बालक, बालिकाओं से नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं पॉस्को एक्ट एवं बाल विवाह अधिनियम 2006 एवं बाल मजदूर अधिनियम 1986 एवं सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति एवं साइबर अवेयरनेस के बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी को समझाइश दी गई की 18 साल से पहले लड़की एवं 21 साल से पहले लड़के की शादी न करे अन्यथा माता पिता के ऊपर 2





लाख का जुर्माना किया जाएगा। इस प्रकार महिलाओं बच्चियों को कोई परेशान करेगा तो संबंधित के विरुद्ध बीएनएस एवं पॉस्को एक्ट के विरुद्ध कार्रवाई की जावेगी। इसके साथ मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहन से घर से बाहर निकले तो हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशा का सेवन न करें अन्यथा सामाजिक आर्थिक, शारीरिक, मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर पुलिस हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 का उपयोग करने हेतु समझा दी गई।

गौरतलब है कि जनसंवाद के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती वसल से छात्र-छात्राओं ने आईपीएस कैसे बनें प्रश्न का उत्तर एसपी के द्वारा बड़े ही सरलता पूर्वक दिया गया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत एवं परिश्रम करने के बाद ही आप नौकरी पा सकते हैं। इसी क्रम में विशेष पचौरी ने पुलिस अधीक्षक से प्रश्न पूछा कि यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले एस्पिरेंट्स ज्यादातर क्यों होते है, इसके जवाब में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो स्टूडेंट आई आई टी पास करने वाले एस्पिरेंट्स की तैयारी पक्की होती है, जिससे उन्हें यूपीएससी की परीक्षा में मदद मिलती है।

इस मौके पर जनसंवाद में ग्राम पंचायत सतनपुर के प्रतिनिधि एवं संभ्रांत व्यक्तियों तथा महिला, बच्चे उपस्थित रहे जिन्होंने खुशी जाहिर की। इसके पूर्व नवागत एसपी का सभी ग्रामीण महिलाओं ने फूलमाला एवं पुष्प गुच्छों से स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा क्षेत्र में आमजन के बीच जनसंवाद चौपाल लगाए जाने से खुशी का माहौल होने के साथ ही उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की हैं।

## माता टेकरी की दानपेटियों से 13.34 लाख मिले

**देवास।** चैत्र नवरात्र के समापन के बाद सोमवार को माता टेकरी स्थित मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा मंदिरों की दानपेटियां खोली गईं। इस दौरान दोनों मंदिरों की कुल 19 दानपेटियों की गिनती की गई। दानपेटियों से कुल 13 लाख 34 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही सिंगापुर का 2 डॉलर का नोट, 2000 रुपए के तीन और 1000 रुपए का एक पुराना नोट भी मिला। वहीं चांदी के आभूषण, एक मोती और मनोकामनाओं से जुड़े कई पत्र भी दान में प्राप्त हुए।

**न्यायालय :- संजय श्रीवास्तव, पंचम जिला न्यायाधीश उज्जैन म.प्र.**

**सूचना पत्र**

**एम.जे.सी.जी.डब्ल्यू 8/2025**

श्रीमती सुन्दर केमा......... आवेदिका
वि.
सर्वसाधारण आदि......... अनावेदकगण

**प्रोसेस आई.डी..../2025**
**पेशी दिनांक. 28.4.2026**

प्रति,
सर्वसाधारण.

आवेदिका श्रीमती सुन्दर केमा पति स्व. भेरूलाल केमा आयु 60 वर्ष निवासी 41, बैकुंठधाम कालोनी उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 सरंक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के अधीन उसके उसके पुत्र हरीश केमा की मृत्यु हो जाने से उक्त हरीश केमा के अवयस्क पुत्र पुत्रियां कु. दिशा केमा, भाविषेक केमा, अभिनव केमा, जो कि आवेदिका के पोत्र पोत्री है, का वैध संरक्षक नियुक्त किए जाने के संबंध में पेश किया गया है।

उपरोक्त अवयस्क आवेदकगण कु. दिशा केमा, भाविषेक केमा, अभिनव केमा का वैध संरक्षक उनकी दादी श्रीमती सुन्दर केमा को नियुक्त किए जाने के संबंध में यदि किसी पक्ष को आपत्ति हो तो नियत दिनांक 28.4.2026 को न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें ।

यदि नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य-दिवस पर प्रकरण में सुनवाई की जावेगी ।

आज दिनांक 28.3.2026 को हमारे हस्ताक्षर ओर न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**संजय श्रीवास्तव**
**पंचम जिला न्यायाधीश उज्जैन**

## खेत से मोटर व केबल चोरी

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम जेठडा में अज्ञात चोरों ने खेत से सिंचाई में उपयोग होने वाली मोटर एवं केबल चोरी कर ली। घटना में करीब 70 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी चंदरसिंह पिता मोतीलाल सिसोदिया निवासी ग्राम जेठडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने खेत पर सिंचाई का कार्य करता है। 30 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह खेत पर लगी तीन हॉर्सपावर की मोटर बंद कर घर चला गया था। अगले दिन 31 मार्च की सुबह करीब 9 बजे जब वह वापस खेत पर पहुंचा तो देखा कि कुएं से मोटर और उससे जुड़ी केबल गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। बताया गया कि चोरी गई सामग्री में 5 हॉर्सपावर की मोटर एवं केबल शामिल है, जिसकी कुल कीमत लगभग 70 हजार रुपए है। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## अंबेडकर जयंती समन्वय समिति की बैठक

**गुना।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित अजाक्स कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से संजीव सरहैया को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके नाम पर सहमति जताई और उन्हें आगामी अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक के दौरान कोर कमेटी के सदस्यों ने जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में अपने अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के सफल आयोजन भव्य शोभायात्रा का नेतृत्व करने तथा अध्यक्ष चुनने के लिए सहमति ली गई। इसके उपरांत अंबेडकर जयंती समन्वय समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से संजीव सरहैया की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की। समाज जागरूकता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा कलेक्शन तथा सहयोग राशि एकत्रित करने पर निर्णय लिया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना के लव - कुश मंडल की बैठक संपन्न

**गुना।** 31 मार्च को म.प्र.कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश अनुसार पूर्व मंत्री जिला कांग्रेस कमेटी गुना अध्यक्ष जयवर्धन सिंह विधायक राघोगढ़ के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना के लव – कुश मंडलम 3 के अन्तर्गत वार्ड 7, 8 एवं 12 बैठक की बैठक शिव गीता मांगलिक भवन पुरानी छावनी गुना में संपन्न हुई। बैठक में तीनों वार्डो की वार्ड समिति का गठन, कांग्रेस संगठन मजबूर बनाने, कांग्रेस शासन की उपलब्धियां, भाजपा शासन में खाद्य सामग्री सहित तरफ मंहगाई, एलपीजी गैस, डीजल, किसानों, गरीबों की समस्यों, कांग्रेस शासन की उपलब्धियों पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्ति किये। मंचासीन अतिथियों एवं विचार व्यक्ति करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, शहर गुना के अध्यक्ष रजनीश शर्मा, ब्लॉक प्रभारी आविद भाई, रमेश सेंडो़ पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष, बृजलाल जाटव ठेकेदार ने विचार रखे। इस अवसर पर नारायण लाल मैयर, संदीप श्रीवास्तव कालूराम कुशवाह, वीरेंद्र ओझ, मोतीलाल कुशवाह, संदीप शर्मा,बब्लू कुशवाह, आर्यन सेंड़ो, सचिन रजक, गोलू कुशवाह, सुनीता, बब्ली, सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नशे के खिलाफ सख्त एक्शन का रोडमैप तैयार

**गुना।** मादक पदार्थों की रोकथाम और विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने साफ निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों की खरीद–फरोख्त, तस्करी और उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण गुना में तस्करी की आशंका को देखते हुए कड़ी निगरानी और सतर्कता बरतने को कहा गया। सामाजिक न्याय विभाग को नशामुक्ति के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग को गश्त बढ़ाकर अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए कहा गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया गया। बैठक में मादक पदार्थों से जुड़ी सूचनाओं के आदान–प्रदान, अफीम और भांग की अवैध खेती पर निगरानी, अंतरराज्यीय मामलों की जांच और स्कूल–कॉलेजों में जागरूकता बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में सभी विभाग अपनी कार्रवाई की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करें और स्पष्ट एजेंडा के साथ तैयारी करें।

## महावीर जन्म कल्याणक पर लड्डू वितरण

**शुजालपुर।** महावीर जन्म कल्याणक उत्सव के अवसर पर शहर के मिर्ची बाजार स्थित नेकी की दीवार पर जैन समाज द्वारा सेवा एवं सद्भाव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व शांति एवं जनजागृति के उद्देश्य से भगवान महावीर के संदेशों का प्रचार–प्रसार किया गया। कार्यक्रम में नगर की वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन ने श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए, साथ ही जीव दया की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए सकोरों का वितरण भी किया गया। इस दौरान होनहार बालक दिव्यांश जैन पिता विजय जैन नीलम जैन का सम्मान किया गया, जो हाल ही में सेमीकंडक्टर रिसर्च के लिए विदेश गए हैं। कार्यक्रम में सुरेंद्र धारीवाल, संदीप शाह, हर्ष जैन, अभिनंदन जैन, सिद्धार्थ जैन, दीपक गोयल, भूपेंद्र गुगलिया, दर्शन जैन, राघव, योगेश परमार, रचना जैन, संध्या धारीवाल, ग्रीष्मा शाह, आरती मारवाड़ी, खुशबू जैन, वीणा गोयल, राजकुमारी अग्रवाल, संगीता गुगलिया एवं परमजीत कौर खालसा सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

# आस्था और अनुशासन का संगम... महावीर जन्मोत्सव पर जयकारों से गूंजा उज्जैन, नंगे पांव खींचा रथ

### भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल.. शाम को तपोभूमि पर अभिषेक, महाआरती

**दैनिक अवन्तिका » उज्जैन**



जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर मंगलवार को उज्जैन में आस्था, अनुशासन और सामाजिक एकता का अनूठा दृश्य देखने को मिला। सकल जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और जयकारों से शहर का वातावरण गुंजायमान हो उठा।

मंगलवार सुबह नमकमंडी स्थित जैन मंदिर से पारंपरिक विधि–विधान के साथ शोभायात्रा की शुरुआत हुई। यहां भगवान महावीर की प्रतिमा को चांदी की वेदी में विराजमान कर श्रद्धालुओं ने कंधों पर उठाया। जुलूस में श्वेतांबर और दिगंबर समाज की संयुक्त भागीदारी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया।



**शहर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा**–शोभायात्रा नमकमंडी, छोटा सराफा, सती गेट, कंठाल, फव्वारा चौक, इंदौर गेट, सखीपुरा, घी मंडी, तोपखाना, उपकेश्वर चौराहा और बंसफोड़ गली होते हुए खाराकुआं मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह–जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व मंत्री पारस जैन और नारायण यादव की उपस्थिति भी रही।

### नंगे पांव रथ खींचते श्रद्धालु, परंपरा और श्रद्धा का प्रदर्शन

शोभायात्रा का सबसे प्रमुख आकर्षण वह दृश्य रहा, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंगे पांव भगवान का रथ खींचते नजर आए। इसे तप, त्याग और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। जुलूस में हाथी, बग्घी, बैंड–बाजे और पारंपरिक वेशभूषा में महिला मंडलों की सहभागिता ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। शाम को श्री महावीर तपोभूमि पर आचार्य प्रज्ञा सागर के सान्निध्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भगवान महावीर का अभिषेक, शांति धारा, वात्सल्य भोज और पालना झुलाने जैसे आयोजन संपन्न हुए। अंत में महाआरती के साथ पूरे दिन चले उत्सव का समापन हुआ।

## गर्मी बढ़ी तो आक्रामक हुए आवारा कुत्ते, उज्जैन में बढ़े हमले के मामले

**उज्जैन।** शहर में बढ़ती गर्मी के साथ आवारा कुत्तों का व्यवहार आक्रामक होता जा रहा है। तापमान बढ़ने के साथ कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में लोग रात के समय घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं।



**लगातार बढ़ रहे हमले के मामले**–पिछले कुछ दिनों में एक दर्जन से अधिक लोगों के कुत्तों के हमले में घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों का इलाज चरक अस्पताल के साथ–साथ निजी और अस्पतालों में भी कराया जा रहा है। स्थानीय निवासी दीपक शर्मा के अनुसार, शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं और राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं।

**रात में ज्यादा खतरा**– शहर के कई क्षेत्रों, खासकर फ्रीगंज नानाखेड़ा छत्री चौक, गोपाल मंदिर, तोपखाना, इंदौर गेट, आसपास के इलाकों में रात 11 बजे के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है। इन इलाकों में कुत्तों के झुंड सक्रिय हो जाते हैं, जिससे लोगों में भय बढ़ गया है।

**प्रशासन की तैयारी पर सवाल**– लगातार बढ़ रही घटनाओं के बावजूद नगर स्तर पर ठोस नियंत्रण की कमी नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण, टीकाकरण और सुरक्षित स्थानों पर शिफ्टिंग जैसे कदम तुरंत उठाने की जरूरत है।यह समस्या केवल मौसमी नहीं, बल्कि शहरी प्रबंधन की कमी का संकेत भी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में हमलों की संख्या और बढ़ सकती है। प्रशासन, नगर निगम और नागरिकों के समन्वय से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. शमा बी पिता हिसामुउद्दीन, 2 अकीला बी पति मो. इदरिश पिता हिसामुउद्दीन, 3. शाकिर उदीन पिता हिसामुउद्दीन निवासीगण 3. भद्रबाहू मार्ग, पथ 1. उज्जैन, म.प्र. 4. शबाना बी पति ताज मोहम्मद पिता हिसामुउद्दीन निवासी 3, हरसिद्धि दरवाजा, बड़ी तोडी, उज्जैन, म.प्र से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 3, 4 रामघाट मार्ग, उज्जैन, म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 3200–00 वर्गफीट है जो फ्री होल्ड है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में रास्ता गली आम, पश्चिम में रास्ता गली आम, उत्तर में रास्ता गली आम, दक्षिण में मकान धीसे खा का है। इसके मध्य स्थित संपत्ति को मय जमीन तला एवं उसने किया हुआं कुल निर्माण एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के वाद विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई है और अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। को इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्थी, बैंक या किसी दिमाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण भारा टेक्स मेंटेनेस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिन की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाणं के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जाएगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 31-03-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट**
**सिटी कार्यालय 15. कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो. 8827765533, 7000192470**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी विजय सितलानी पिता श्री प्रताप जी सितलानी, निवासी आर.टी.ओ. आफिस, 197, सचिदानंद नगर, सुदामा नगर, इंदौर (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 322/2/2/2 रकबा 0.220 हेक्टर भूमि, ग्राम पालखन्दा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-31/03/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-256/3 रकबा 1.0200 हेक्टेयर ग्राम एरवास तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पटवारी हल्का नंबर 09 में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित भूमि सर्वे नंबर-256/3 रकबा 100200 हेक्टेयर में से रकबा 0-8200 हेक्टेयर इस प्रकार कुल कित्ता 1-एक कुल रकबा 0-8200 हेक्टेयर ग्राम एरवास तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार गब्बूलाल जाटवा पिता श्री रामचन्द्र जाटवा ने भूमिस्वामी भंवरलाल पिता श्री भागीरथ जी, निवासी-ग्राम एरवास तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर सम्पूर्ण राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। इति दिनांक -31/03/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालय-दुकान संख्या-ए-17**
**भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन ( मध्य प्रदेश )**
**मो. 98272-99159**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी गिरधारीलाल पिता श्री उंकार लाल निवासी ग्राम ब्रजराजखेडी तहसील व जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की, कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 188/1 रकबा 2.500 हैक्टर स्थित ग्राम ब्रजराजखेडी तहसील उज्जैन जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वितीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी।

सो सूचित हो। इति दिनांक 30-03-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन जो भूमि सर्वे क्र. 3688 व 3693 का भाग स्थित ग्रीन पार्क कालोनी उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 55.62 वर्गमीटर है। उक्त भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में दिगर की भूमि, पश्चिम दिशा में रास्ता कालोनी का, उत्तर दिशा में-शेष भाग, दक्षिण दिशा में शेष भाग है। उक्त चर्तु:सीमा के मध्य के भवन को मेरे द्वारा आरेफा कुरैशी पति अनीस कुरैशी, मो. आवेश पिता अनीस कुरैशी, निवासी 9. ग्रीन पार्क कालोनी इंदौर बायपास रोड उज्जैन म.प्र.से क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है, केवल विक्रय पत्र का ई. पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त भूखण्ड पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के लिखित मेरे निवास-52, महाकाल मार्ग पथ क्र.01 उज्जैन म.प्र.पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे द्वारा अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लिया जावेगा व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । इति दिनांक 31.03.2026

**मोहम्मद नोमान**
**निवासी 52, महाकाल मार्ग पथ क्र.01 उज्जैन**
**मो. 98273-04911**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने निर्भयसिंह पिता कालूसिंह जी, निवासी- ग्राम बाड़कुम्मेद, तहसील व जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 670 (स) रकबा 0.41 हेक्टेयर स्थित ग्राम बाड़कुम्मेद, तहसील व जिला उज्जैन, जिसके पूर्व में सड़क, पश्चिम में अमर सिंह जी की भूमि, उत्तर में-श्रीमती कमला बाई पति मयाराम जी की भूमि व भूमि सर्वे क्रमांक 70, दक्षिण में- चन्दन कुमार जी पाटीदार पिता राधेश्याम जी की भूमि है, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशी अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है। उक्त वर्णित कृषि भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार हो, भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, भूमि अन्यत्र कहीं रहन, बय या दान या विक्रय अनुबंधित की हुई हो और भूमि के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद व्यतीत होने अवधि विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जायेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो।

दिनांक 31/03/2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4, महावीर नगर, सार्वेर रोड, उज्जैन**
**मो. 94068-86383**

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर सिसोदिया का सम्मान

**शुजालपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा शुजालपुर के उपाध्यक्ष भागीरथ सिसोदिया को पिछड़ा वर्ग महापंचायत का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन पदाधिकारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान तहसील शाखा शुजालपुर के अध्यक्ष गंगाधर वर्मा, मोहन बड़ोदिया तहसील अध्यक्ष मांगीलाल अंबावतीया, मक्सी शाखा अध्यक्ष किशोर कुमार श्रीवास्तव एवं पोलाय कला शाखा अध्यक्ष गजराज सिंह वर्मा ने सिसोदिया को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया।

**पश्चिम मध्य रेल**
**कोटेशन सूचना संख्या भो./नि.-III/क्यूटीएन/01/2026, दिनांक 27.03.2026**
**उप मुख्य अभियंता-III/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल,** भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए कोटेशन आमंत्रित करते है। **कोटेशन सं. भो./नि.-III/क्यूटीएन/01/2026. कार्य का नाम लोकेशन सहितः रामगंजमंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में मध्य प्रदेश राज्य में सोनकच्छ यार्ड के पॉइंट और क्रॉसिंग सहित किमी 186.00 से 188.00 के बीच एमबीसी स्लीपरों पर नई बीजी लाइन बिछाना और जोड़ना, स्लीपरों और अन्य पी.वे सामग्री का परिवहन और विविध कार्य। कोटेशन का अनुमानित मूल्यः** ₹ 66.86 लाख। **बयाना राशिः** ₹ 1,33,700/-. **कोटेशन खुलने की तिथिः** 03.04.2026 (15.00 बजे). **कार्य समापन अवधिः** 02 माह। कोटेशन का संपूर्ण विवरण उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/हबीबगंज/भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। कोटेशन-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है।
**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1- प्रवीण पांचाल पिता स्व. श्री गजानंद पांचाल, निवासी 3, ढाबा रोड़, उज्जैन 2- पंकज पांचाल पिता स्व. श्री गजानंद पांचाल, निवासी 3, ढाबा रोड, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन म्यु. क्रमांक 1, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 4, उज्जैन पर स्थित है। उक्त भवन का क्षेत्रफल लगभग 6000 वर्गफीट है एवं प्रवीण पांचाल के एकांकी स्वामित्व का भवन क्रमांक 2/1, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 4, उज्जैन पर स्थित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 2000 वर्गफीट है को क्रय करने का अनुबन्ध किया है और इसके सम्बन्ध में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है, उक्त अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति , शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 31/03/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो. 9826266570**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, संपत्ति स्थित सर्वे क्रमांक 751/2/3/7 रकबा 0.0780 हे.. लोकमान्य टिलक वार्ड नगरपालिका सिमा क्षेत्र के अन्दर कस्बा बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) उक्त संपत्ति असगर अली पिता अनवर अली ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 171 जीआर 18782025 ए 100504432 दि. 20/06/2025 के माध्यम से कनीजा बी पति मुस्तक से क्रय की है। असगर अली पिता अनवर अली द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति्त, संस्था, बैंक सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 31/03/2026

**नीरज सक्सेना ( एडवोकेट )**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

## मंदसौर मेडिकल कॉलेज को मिला देहदान

**मन्दसौर।** सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर में एमबीबीएस छात्रों के अध्ययन एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु एक और कैडेवर प्राप्त हुआ है। यह देहदान रतलाम के संजय गहलोत का काकानी वेलफेयर सोसाइटी, रतलाम के माध्यम से तथा गोविंद काकानी के सहयोग से महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। इस समन्वय में डॉ. नटवर गौर, सहायक प्राध्यापक एनाटोमी , डॉ. कार्तिक साल्वे, प्राध्यापक (फार्माकोलॉजी) , डॉ सुनील कांत गुलेरी प्राध्यापक कम्युनिटी मेडिसिन एवं डॉ सौमित्र सेठिया सह प्राध्यापक कम्युनिटी मेडिसिन का योगदान रहा। अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने बताया कि इस नवीन देहदान के साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए कुल 11 कैडेवर प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध हो चुके हैं, जो छात्रों के समुचित पठन-पाठन एवं कौशल विकास में सहायक सिद्ध होंगे।

## 1, 2 एवं 5 अप्रैल को मंडी प्रांगण में अवकाश

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मंडी समिति किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि विभिन्न पर्व एवं प्रशासनिक कारणों से 1 अप्रैल (वार्षिक लेखा बंदी), 2 अप्रैल (हनुमान जन्मोत्सव), 5 अप्रैल (रविवार) को मंडी प्रांगण में अवकाश रहेगा। किसान हित को ध्यान में रखते हुए 3 अप्रैल को व्यापारियों की सहमति के आधार पर गेहूं उपज के लिए मंडी का संचालन किया जाएगा। किसानों को उपज का भुगतान केवल आरटीजीएस एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। बैंक अवकाश एवं क्लोजिंग के कारण नगद भुगतान नहीं किया जाएगा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या आज

**नीमच।** ग्वालटोली में हाईवे रोड पर स्थित दक्षिण मुखी एवं चमत्कारिक श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर पर इस बार 20 वां श्री हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ 1 व 2 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा भक्तगण के सहयोग से श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या, श्रीराम धुन, हवन, विशाल भंडारा, महाआरती, 56 भोग सहित अन्य आयोजन किये जायेंगे, जिसकी तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूर्ण की जा चुकी हैं। मंदिर समिति के संरक्षक गोविंद सफा,सह कोषाध्यक्ष कुंदन पटेल व कार्यकारिणी सदस्य अशोक सुराह ने बताया कि आज 1 अप्रैल को मंदिर परिसर में श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंच पर बालाजी महाराज का मनमोहक दरबार सजाया जाएगा। बाबा की ज्योत जलेगी, साथ ही पुष्प वर्षा की जाएगी। अगले दिन 2 अप्रैल को मंदिर पर विभिन्न आयोजनों के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## नवनियुक्त 6 एल्डरमेंनों का किया अभिनन्दन

**नीमच।** शासन द्वारा प्रदेश की निकायों में की गई एल्डरमेन (वरिष्ठ पार्षद) की नियुक्ति के तहत नगर पालिका परिषद नीमच में भी 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए। नगर पालिका नीमच में नियुक्त नवनियुक्त एल्डर मेन श्री शांतिलाल गुप्ता, श्री शंकर बंसल, श्रीमती लता हरित, श्रीमती आकांक्षा तलरेजा,श्री मनीष बेंस व श्री हरभजन सिंह सलूजा का स्वागत सोमवार 30 मार्च को नगर पालिका कार्यालय स्थित नपाध्यक्ष कक्ष में विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वातिगौरव चोपड़ा, सीएमओश्रीमती दुर्गा बामनिया व उपस्थित पार्षदगणो ने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री हेमंत हरित,श्री महेंद्र भटनागर,मंडल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह राणावत आदि की उपस्थिति में मुंह मीठा कराकर गुलदस्ता व पुष्पमाला से किया।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** नामली थाना पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तहसील के सामने स्थित लोकेन्द्र राठौड़ के सर्विस सेंटर के पास एक खाली प्लॉट से आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# महावीर के तीन सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत से सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है-विजयजी म.सा.

## जैन स्कूल में भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम




प्रभु महावीर के तीन सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत से सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। इसके लिए महावीर को मंदिरों में नहीं सबके मन में बसाना आवश्यक है। आचरण में यदि प्रभु महावीर के सिद्धांत रहेंगे तो यह जन्म सार्थक हो जाएगा।

परम पूज्य पन्यास यशोजित विजयजी म.सा. के इन उद्गारों के साथ श्री सकल जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में 2625 वां भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मना। जैन स्कूल में इस अवसर पर भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया।

स्वामी वात्सल्य से पूर्व पूज्य पन्यास यशोजित विजयजी म.सा., परम पूज्य गणीवर्य श्री विरतिंद्र विजयजी एवं श्री कीर्तिन्द विजयजी आदि ठाणा की निश्रा में धर्मसभा हुई। इसका शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया। श्री सकल जैन श्रीसंघ के मार्गदर्शक एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप सहित श्रीसंघ प्रतिनिधि मंचासीन रहे।

धर्मसभा के आरंभ में श्री सकल जैन श्रीसंघ के संचालक मंडल की ओर से राजेन्द्र खाबिया, प्रकाश मूणत, निर्मल लुनिया, जयंत बोहरा, सुशील छाजेड़, अभय पोरवाल, ओम अग्रवाल एवं राजेश सुराणा ने अतिथि स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने समाज अध्यक्षों के साथ सहयोगियों का बहुमान किया।

इससे पूर्व धर्मसभा में श्री काश्यप ने कहा कि हमारे पास भगवान महावीर का पवित्र दर्शन है जिससे देश और दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है। इस दर्शन को 14 हजार से अधिक साधु-साध्वीगण अपना घर-परिवार छोड़कर जन-जन का दर्शन बनाने के लिए प्रयासरत हैं। भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत के दर्शन सदैव प्रासंगिक है रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे दर्शन के कारण ही दुनिया में जंग लड़ रहे ईरान और इजराइल भारत को मित्र राष्ट्र के रुप में देख रहे हैं। धर्मसभा का समापन मांगलिक से किया गया। संचालन प्रकाश मूणत ने किया।

इस अवसर पर सकल जैनश्री संघ के श्री देवसुर तपागच्छ चारथुई श्रीसंघ गुजराती उपाश्रय के अशोक जैन चोटाला, श्री साधुमार्गी जैन श्रीसंघ के विनोद मेहता , श्री आराधना भवन ट्रस्ट के हिम्मत गेलडा, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीम चैक के अजय खिमेसरा, श्री तेरापंथ महासभा के विजय वोरा, श्री त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के सुशील छाजेड, श्री खरतरगच्छ श्रीसंघ के अशोक चोपडा, श्री ज्ञानगच्छ श्रीसंघ के रितेश डोसी, श्री दिगम्बर साठ घर गोठ के नरेंद्र गोधा, श्री दिगम्बर स्टेशन श्रीसंघ के ओम अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

## भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर विशाल चल समारोह निकला

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सकल जैन समाज द्वारा मंदसौर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक चल समारोह निकाला गया। पंच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन निकले इस जुलूस का शुभारंभ सरदार पटेल चौराहा स्थित जैन दिवाकर द्वार एवं तार बंगला मंदिर से हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के पुरुष, महिलाएँ और युवा उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। चल समारोह गांधी चौराहा, दया मंदिर रोड, कालाखेत, सदर बाजार, धानमंडी, बड़ा चौक और गणपति चौक से होता हुआ रूद्राक्ष माहेश्वरी भवन पहुँचा, जहाँ सामूहिक स्वामीवात्सल्य (गौतम प्रसादी) का आयोजन किया गया।

चल समारोह के दौरान पूरा मार्ग महावीर प्रभु के जयकारों से गुंजायमान रहा। जुलूस में शामिल आकर्षक झांकियां, जैन ध्वज और प्रभु महावीर का भव्य रथ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे, जिन्होंने जन-जन तक भगवान के सत्य और अहिंसा के संदेशों को पहुँचाया। विभिन्न जैन मंदिरों, स्थानकों और महिला मंडलों की सदस्याएं कतारबद्ध होकर हाथों में संदेश पट्टिकाएं लेकर चल रही थीं, जबकि गुजरात के विशेष बैंड और स्थानीय जैन बैंडों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस भव्य आयोजन के दौरान नगर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह स्वागत मंच लगाए गए थे। इन मंचों से नवनोनीत सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला सहित निवृत्तमान अध्यक्ष जयकुमार बड़जात्या, महामंत्री शेखर कासमा, मनीष सेठी, प्रताप कोठारी, कोषाध्यक्ष अनिल जैन नगरीवाला और मुख्य अतिथि अचल चौधरी व पंकज जैन (धार) सहित कई गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया।

चल समारोह में विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, सजैस उपसंयोजक संजय मुरड़िया, अरविन्द मेहता, प्रदीप कीमती, राजेन्द्र अग्रवाल, गजराज जैन, अनिल कियावत, दिलीप लोढ़ा, लोकेन्द्र धाकड़, विनोद मेहता, विजयेन्द्र फांफरिया, कमल कोठारी, विमल पामेचा, कमल कच्छारा, शरद गांधी, नरेन्द्र मेहता, कपिल भण्डारी, राकेश जैन, दीपक भूता, अनिल जैन (बैंक), मुकेश काला, डॉ. आशीष खमेसरा उपस्थित थे।



## श्री तलाई वाले बालाजी अष्टसिद्धि महायज्ञ में वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

विश्व प्रसिद्ध श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में हनुमद् प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित एकादश कुंडात्मक अष्टसिद्धि हनुमद् महायज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा, जहाँ दिनभर चले विविध धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस महायज्ञ के माध्यम से जन-कल्याण और विश्व शांति की कामना की जा रही है।

अनुष्ठान के तृतीय दिवस प्रातःकाल आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा च्शास्त्रीज (धारियाखेड़ी) के सानिध्य में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान से देव पूजन, मंडप पूजन और अष्टसिद्धि पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात रुद्र स्वाहाकार का विशेष अनुष्ठान हुआ, जिसमें वेदमंत्रों की गूंज के साथ यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित की गईं। यज्ञ की दिव्य अग्नि में आहुति देते हुए श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। आचार्य डॉ. शास्त्री ने इस अवसर पर बताया कि अष्टसिद्धि पूजन और रुद्र स्वाहाकार जैसे अनुष्ठान जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और समस्त बाधाओं का निवारण करने में सहायक होते हैं।

विशेष रूप से यज्ञशाला की 108 परिक्रमा करने का क्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसे पूर्ण कर भक्त पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। महोत्सव की श्रृंखला में आगामी दिनों में स्वर्ण रत्नाभिषेक, विशेष पूजन और भव्य महाआरती जैसे आयोजन होंगे, जबकि हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न होगी।

## नर सेवा ही नारायण सेवा के जीवंत प्रतीक श्री रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल पंचतत्व में विलीन

### मुक्तिधाम के विकास हेतु परिवार ने किया 1 करोड़ रु. का संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



मंदसौर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और उद्योगपति श्री रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल के स्वर्गवास के पश्चात मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा निकली। वे समाजसेवी और उद्योगपति प्रदीप गनेड़ीवाल एवं प्रद्युम्न गनेड़ीवाल के पूज्य पिता तथा स्वर्गीय राय साहब सेठ लक्ष्मीनारायण गनेड़ीवाल के सुपुत्र थे। उनकी पार्थिव देह को एक दिव्य रथ में रखा गया था, जिसमें परिजन भी साथ चल रहे थे। परिवार के सर्वश्री प्रदीप, प्रद्युम्न, सुमंत कुमार, संदीप कुमार, गौतम, अनिरुद्ध, यश, अश्विन, शांतनु, वेदांत, हर्षवर्धन, वियान, अद्वय और वायु सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें मुखाग्नि दी, जिसके बाद उनकी देह पंचतत्व में विलीन हो गई। गनेड़ीवाल परिवार ने समाज सेवा की अपनी महान परंपरा को जीवित रखा। परिवार की ओर से मुक्तिधाम के व्यवस्थित विकास और नवनिर्माण के लिए अन्नक्षेत्र न्यास कमेटी को एक करोड़ रुपये की विशाल राशि प्रदान करने का ऐतिहासिक संकल्प घोषित किया गया। इसके साथ ही मुक्तिधाम में लकड़ी के लिए भी पांच लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई।उनकी अंतिम विदाई में सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, नरेंद्र नाहटा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता आदि सम्मिलित हुए। शोकसभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी ब्रजेश जोशी ने किया और सिराज कुमार अग्रवाल ने भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।

## नीमच पुलिस के तीन अधिकारी, कर्मचारी को सेवा-निवृत्ति पर दी विदाई

### पुलिस अधीक्षक ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



नीमच पुलिस विभाग में दीर्घकालीन सेवाएं प्रदान करने वाले नीमच पुलिस के 3 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यवाहक मुख्य लिपिक श्री राजेन्द्र अग्रवाल, सहायक उप निरीक्षक कान्ता सिंह एवं प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सिंह राठौड़ के सेवा-निवृत्ति अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग नीमच के तीनों अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान की गईं।

कार्यवाहक मुख्य लिपिक श्री राजेन्द्र अग्रवाल दिनांक 08.09.1982 को सहायक उप निरीक्षक (एम) के पद पर नियुक्त होकर निरंतर सेवाएं प्रदान की गईं। वहीं कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक कान्ता सिंह दिनांक 10.10.2002 को आरक्षक के पद पर एवं प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सिंह द्वारा दिनांक 01.04.1991 को आरक्षक पद पर भर्ती होकर विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया गया। दिनांक 31 मार्च 2026 को अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर तीनों अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा-निवृत्त हुए। सेवा-निवृत्ति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल द्वारा शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की जाकर उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण चर्चा की गई।

## प्रदेश के कृषि बजट में 90 हजार करोड़ का प्रावधान- श्री देवड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच





प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में इस कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार पूरे वर्ष कृषि से संबंधित, कृषि आधारित कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस वर्ष बजट में कृषि के लिए 90 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने नीमच जिले के जावद में मण्डी प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय जीरो बजट आधारित कृषि प्रशिक्षण शिविर के मंगलवार को समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, पद्मश्री सुभाष पालेकर, मीरोलेब्स की संस्थापक सुश्री सुनिता गुप्ता, दीप प्रोजेक्ट के श्री नचिकेत भटकर सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मंचासीन थे।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने अपने उदबोधन में जीरो बजट आधारित कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजन की सराहना करते हुए कहा, कि किसान भाईयों ने इस प्रशिक्षण में जो भी सीखा है, जाना, समझा है, उसे धरातल पर उतारने का प्रयास करें। खेती में अपनाएं। उन्होने जावद क्षेत्र में विधायक श्री सखलेचा की पहल पर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण अभियान, डिजीटल शिक्षा, ए.आई.शिक्षा के प्रोजेक्ट की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा, कि प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के गरीबों को आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपए प्रति वर्ष निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में डीबीटी से राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होने उपस्थितजनों का आव्हान किया, कि हर एक व्यक्ति जिस क्षेत्र में भी है, उस क्षेत्र में मन लगाकर काम करने का संकल्प लें, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना साकार होगी। उपमुख्यमंत्री ने दीप प्रोजेक्ट के तहत जावद क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के ए.आई.सीखने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होने जावद क्षेत्र की सभी नगर परिषदों के निवनियुक्त वरिष्ठ पार्षदगणों का स्वागत/अभिनन्दन भी किया। विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा, कि समय के साथ खेती का स्वरूप भी बदल रहा है। जावद के सरकारी स्कूल के 50 छात्र एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे है। शासकीय स्कूलों में जे.ई.ई.नीट की निःशुल्क कोचिंग सुविधा के उक्त परिणाम मिले है।

## न्यूज कालम



## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**पिपलियामंडी।** सकल जैन समाज के द्वारा बड़े उत्साह व उमंग के साथ भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रातः 8.30 पर एक चल समारोह साधुमार्गी जैन स्थानक भवन मनासा रोड से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ स्थानीय पोरवाल धर्मशाला पर जाकर एक विशाल सभा के रूप में परिणित हुआ। जहां आचार्य रामलाल जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्ति महासती श्री चंचल कंवर जी एवं चारित्र प्रभा जी आदि ठाना सात का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महासति चंचल कंवर जी म.सा. ने भगवान महावीर के जीवन का वृत्तांत बताते हुवे कहा कि जितने उपसर्ग भगवान महावीर पर आए वे एक तरफ और बाकी के तीर्थंकर एक उपसर्ग एक तरफ महासति जी ने महावीर के उपदेशों को आत्मसात करने और उस पथ पर चलने का आग्रह किया। महासती जलज श्री जी म. सा. ने बताया कि आज इस अवसर पर सकल जैन समाज एक जाजम पर आया है ।

## आज से 5 अप्रैल तक लगेगा पुस्तक मेला, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मन्दसौर।** 1 से 5 अप्रैल तक स्थानीय संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागृह में पांच दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन जा रहा है। जिसका आज दोप. 12 बजे शुभारंभ होगा यह मेला प्रतिदिन दोप. 12 से सायं 8 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मंगलवार को कलेक्टर अदिती गर्ग ने अधिकारियों के साथ पुस्तक मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने बताया कि मेले में विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से सभी प्रकार की शैक्षणिक पुस्तकें एवं कॉपियां उपलब्ध रहेंगी। इसमें एमपी बोर्ड, सीबीएसई एवं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग, यूनिफॉर्म एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सुविधाजनक एवं कम दरों पर पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। मेले में 15 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक की छूट भी दी जाएगी। कलेक्टर ने जिले के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे पुस्तक मेले का अधिक से अधिक लाभ लें।

## 2 किलोग्राम से अधिक अफीम के साथ राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के भानपुरा थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को 2 किग्रा अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ३० मार्च को उपनिरीक्षक बापू सिंह बामनिया एवं उनकी टीम ने मुखबिर के जरिए प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए भानपुरा-झालावाड़ रोड स्थित भगवानपुरा के पास नाकाबंदी की। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (आरजे 33 एसजी 6793) को रोका गया, जिस पर लोकेश प्रजापति पिता जुगल प्रजापति, निवासी ग्राम भोलू थाना चेचट जिला कोटा (राज.) सवार था। वाहन की तलाशी लेने पर उसके पास से 2005 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ४ लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने मौके से अवैध अफीम और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी लोकेश प्रजापति को गिरफ्तार किया व उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने यह खेप ग्राम भोलू निवासी रामरतन पिता मेहताब किरार से लाना स्वीकार किया है, जिसके आधार पर पुलिस ने रामरतन को भी प्रकरण में नामजद आरोपी बनाया है। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद दांगी और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

## गायत्री शक्तिपीठ पर नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहूति व कन्या भोज का आयोजन



**मंदसौर।** गायत्री शक्तिपीठ मंदसौर पर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय अनुष्ठान की पूणार्हुति एवं कन्या भोज का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें यज्ञमान राजूभाई लोहार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य ९ कुंडीय यज्ञ की पूणार्हुति संपन्न कराई। अनुष्ठान की पूर्णता पर कन्या पूजन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छोटी कन्याओं को देवी स्वरूपा मानकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई, तिलक लगाया गया, आरती उतारी गई और उन्हें भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए। इस कन्या भोज में शक्तिपीठ के सभी कार्यकताओं ने सेवाभाव से भाग लिया।इस आयोजन में जिला समन्वयक जसवंत सिंह, ईश्वर लाल फरक्या खेजड़िया, वरिष्ठजन हरिशंकर शर्मा, राजाराम तंवर और वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल विशेष अतिथि तथा मुख्य ट्रस्टी संजय गुप्ता, श्री विष्णु हरगोड़ जावरा और राजेंद्र सोनी ताल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन सत्येन्द्रसिंह सोम ने किया। इस पूणार्हुति कार्यक्रम के अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए एक नए अभियान की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य पॉलीथीन मुक्त मंदसौर बनाना है। इस दौरान सभी को पॉलीथीन का उपयोग बंद करने और कपड़े के थैलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह जानकारी मंदसौर तहसील समन्वयक दिलीप माहेश्वरी ने दी।



## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षक संवर्ग 13 अप्रैल को देगा ज्ञापन

**गुना।** टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षक संवर्ग द्वारा ज्ञापन 13 अप्रैल सोमवार को शाम 5 बजे ज्ञापन दिया जाएगा। गुना टेट परीक्षा के विरोध में गुना जिले के शिक्षक संवंग के शिक्षक एवं समस्त शिक्षक जिला अध्यक्ष स्वतंत्रता पार्क गुना में एकत्रित हुए। जिसमें निर्णय लिया गया कि परीक्षा के विरोध में 13 अप्रैल 2026 को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। टेट परीक्षा संघर्ष समिति के रमेश अहिरवार ने बताया कि टीईटी के साथ पुरानी पेंशन और वरिष्ठता की लड़ाई भी जारी रखी जावेगी। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि व्यक्तिगत की बजाय प्रांतीय संगठनों द्वारा रिव्यू पिटीशन दायर की जा रही है। गुना जिले के शिक्षक अपनी-अपनी आस्था अनुसार संगठनों को आर्थिक मदद करेंगे। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नितेश जैन और नरेंद्र भारद्वाज द्वारा बताया गया कि संघ द्वारा रिव्यू पिटिशन दायर कर दी है जिसकी सुनवाई 2 अप्रैल 26 को है। राज अध्यापक संघ के नरेंद्र भार्गव और दामोदर धाकड़ द्वारा बताया कि संगठन में याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों का पक्ष रखा गया है। यूएमपिएम के अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, सदस्य राम सिंह धाकड़, नरोत्तम यादव द्वारा सभी शिक्षकों को सहयोग की भावना से एकत्रित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया। वरिष्ट शिक्षिका कीर्ति मोरोलिया द्वारा सभी महिलाओं से कठिन परिस्थिति में सहयोग करने की अपील की गई। आजाद अध्यापक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष केपी त्यागी द्वारा हर समय सभी शिक्षकों को कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहने की अपील की। बैठक में जिले से सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## वर्षों से वीरान पड़ा टिन शेड अब बनेगा सब्जी मंडी का नया ठिकाना

### अध्यक्ष प्रदीप सोनी की पहल से जल्द शिफ्ट होगी मंडी



**सुसनेर।** नगर परिषद द्वारा लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थित सब्जी मंडी की समस्या के समाधान की दिशा में अब ठोस पहल शुरू हो गई है। सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस के साथ सब्जी मंडी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विशेष बात यह है कि जिस टिन शेड में अब सब्जी मंडी को शिफ्ट किया जाना है। वह काफी समय पहले बनकर तैयार हो चुका था लेकिन उपयोग के अभाव में वर्षों से वीरान पड़ा हुआ था। नगर में लगातार अव्यवस्था के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया गया था। हालांकि अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने पदभार ग्रहण करते ही इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता में लेते हुए इसकी शुरूआत की है। नगर की सब्जी मंडी लंबे समय से मुख्य सड़क पर संचालित हो रही थी। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती थी और आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। व्यापारियों और आम नागरिकों को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। अब नगर परिषद द्वारा मंडी को व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अध्यक्ष सोनी ने बताया कि आगामी 8 से 10 दिनों में मंडी को नए स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। नव निर्मित टिन शेड में व्यापारियों और ग्राहकों के लिए लाइट, पंखे और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे सभी को बेहतर वातावरण मिल सके।उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां एक ओर शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर व्यापारियों को भी व्यवस्थित एवं सुरक्षित स्थान मिलेगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, नगर परिषद के कर्मचारी एवं पुलिस जवान मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने दिया धरना, राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### गेहूं खरीदी तत्काल चालू करने सहित अन्य मांगे की



**बड़नगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार के निदेर्शानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़नगर , इंगोरिया, खरसौद कला- भाटपचलाना और शहर कांग्रेस बड़नगर के संयुक्त तत्वाधान में गेहूं खरीदी चालू करने , ऋण जमा करने अवधि बढ़ाने, गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता, महंगाई की मार, बिजली बिलों का बोझ और डीजल - पेट्रोल की कमी को लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को कोर्ट चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर को ज्ञापन दिया गया । इस अवसर पर खरसोद कला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनोखीलाल राठौड़ , शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वय राजेंद्रसिंह सोलंकी, ईश्वरसिंह चौहान, अल्संख्यक कांग्रेस अध्यक्ष युनुस पटेल, पूर्व अध्यक्ष अशोक राठौड़ , पूर्व मंडलम अध्यक्ष पंकज जोशी , संजय शर्मा स्वतंत्र , गोपाल चौधरी , बद्रीलाल आचार्य , महेश पाटीदार, प्रशालसिंह पंड्या , पार्षद प्रतिनिधि तरुण आचार्य , बद्रीलाल धाकड़ , अमजद खान , वासिफ काजी , जसवंत सिंह, भूपेंद्र सिंह राठौर, इमरान मिर्जा , श्रवण पाटीदार, कुलदीप धाकड़, नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन, राजाराम पटेल , प्यारेलाल राठौड़ , आजाद मैकेनिक, मोहम्मद अली , संजय आचार्य , ओंकार डाबी आदि सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# महावीर के जयकारों से गुंजा नगर रजत बेदीजी में बिराजे प्रभु महावीर का निकला चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



**महावीर स्पूत बनाने की मांग**

समिति अध्यक्ष अर्पित जैन अलंकार ने समिति की ओर से विधायक पंड्या से मांग किया की नगर में हजारीबाग चौराहे पर महावीर स्पूत का निर्माण किया जाए ताकि एक अमिट यादगार नगर में स्थाई यादगार के रूप में रहे।

शासनपति प्रभु महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन सोमवार को हर्ष उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ गांधी चौक बड़ा मंदिर पर पहुंचा जहां धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री निर्णय सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महावीर सिर्फ जैन समाज के ही नहीं बल्कि जन जन के थे।

प्राणी मात्र के कल्याण की भावना रखते थे। प्रत्येक जीव का कल्याण हो प्रभु महावीर ने बताया है बडनगर का नाम बड़ा हो यहां के हर काम बड़े होते हैं। आपने प्रभु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महावीर शब्दों की विस्तृत व्याख्या करते हुए अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से जन-जन के मन में आस्था का सैलाब बहाया। आपने पाठशाला शब्द की व्याख्या की इसके पूर्व महावीर जन्म कल्याण समारोह समिति के अध्यक्ष अर्पित जैन अलंकार द्वारा अतिथियों की उपस्थिति में झंडा वंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने संबोधित करते हुए कहा कि ढाई हजार वर्ष पूर्व बताए गए प्रभु महावीर के सिद्धांत आज वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। प्रभु महावीर ने सत्य अहिंसा का जो मार्ग बताया है संपूर्ण राष्ट्र आज उनके सिद्धांतों पर चलते हुए विश्व शक्ति के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ने भी संबोधित करते हुए महावीर जन्म कल्याण की शुभकामना दी। नगर पालिका परिषद द्वारा वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी का माला पगड़ी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर चल समारोह में महिला मंडल अपने-अपने ड्रेस कोड में शोभित महावीर शासन के पचरंगी झंडे लहराकर भक्ति नृत्य में सारोबार थी। वहीं प्रभु महावीर के भजनों पर सभी जन थिरक रहे थे या यूं कहा जाए तो संपूर्ण नगर एक तरह से प्रभु महावीर के भक्ति भाव में डूबा हुआ नजर आया आध्यात्मिक का ऐसा रंग जो कभी हम भूल नहीं पाएंगे।

मीडिया प्रभारी राजकुमार नाहर ने बताया कि आस्था समर्पण और उल्लास के क्षण को साकार किया है समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिन्होंने के अंल सुबह निद्रा को त्याग कर 6:00 बजे मंदिर पहुंचकर प्रभु दर्शन कर प्रभात फेरी में सहभागिता करते हुए महावीर के जयकारे लगाकर अपने श्रद्धा भक्ति और समर्पणता को दर्शार्या है और हर्षित होते हुए प्रभु के बताए मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प भी लिया है अल सुबह बड़ा मंदिर गांधी चौक से निकली प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए शिवाजी रोड जैन मंदिर पर समाप्त हुई जहां सहभागीता करने वाले बच्चों को समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर समाजजन पदाधिकारी गण एवं महिला मंडल की सदस्या उपस्थित थी।

### अब डेढ़ करोड़ रुपए तक के वार्षिक व्यापारिक लेनदेन पर

# 100 रुपए के चालान से खाद्य लाइसेंस प्राप्त किया जा सकेगा

### नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



अब डेढ़ करोड़ रुपए तक के वार्षिक व्यापारिक लेनदेन पर 100 के चालान से खाद्य लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। पहले 12 लाख से अधिक लेनदेन पर 2000 का वार्षिक शुल्क देना होता था। यह बात काजी गार्डन में आयोजित किराना व्यापारी संघ के मिलन समारोह कार्यक्रम में जिला खाद्य अधिकारी बने सिंह देवरिया ने कही।

कार्यक्रम के दौरान खाद्य अधिकारी देवरिया ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच की व्यापारियों को जानकारी दी। साथ ही बताया कि सरकार ने खाद्य लाइसेंस के नियमों में रहता की की जानकारी दी गई वही नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले जुर्माने एवं सजा की विस्तृत जानकारी दी गई।व्यापारियों को खाद्य पदार्थ के गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कार्यक्रम संघ अध्यक्ष रंजन गेरा के द्वारा की गई। इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी ओम पलोड नरेंद्र कानडी, मोहन खंडूजा बलराम चौहान चंदन बेडेर्जा, चलित खाद्य प्रयोगशाला के केमिस्ट अशोक चौधरी सहित व्यापारी गण उपस्थित रहे।

किराना व्यापारी संघ के मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान, किराना व्यापारी संघ की नवीन कार्यकारीणी का गठन किया गया। सर्व समिति से आनंद पलोड अध्यक्ष, यश कालरा को सचिव, नितिन चांदना कोषाध्यक्ष चुना गया नव नियुक्ति पर पदाधिकारी का स्वागत किया गया।

### नगर पालिका परिषद का बजट प्रस्ताव

## अन्य विषयों पर हुई चर्चा में लिये निर्णय सर्वसम्मति से पारित किए

**ब्यावरा।** गत दिनों नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित हुआ। उक्त बैठक में निम्न प्रस्ताव सवार्नुमति से पारित किये गये जिसमें नगर पालिका स्वामित्व की भूमि जो वर्ष 2012-13 में मधुमिलन को लीज पर दी गई थी जिसकी लीज समाप्त हो चुकी है उक्त लीज पर दी गई भूमि को नगर पालिका को पुनः हैण्डओव्हर एवं बकाया राशि की वसूली हेतु कार्यवाही का निर्णय परिषद की बैठक में लिया गया साथ ही बजट 2026-27 हेतु 68,10,97,206 रुपएं का अनुमानित बजट पेश किया गया जिसमें सवार्नुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा की गई राशि 10 करोड रुपएं की घोषणा के अनुरूप ओल्ड सुठालिया रोड पर डामरीकरण कार्य लागत 50 लाख रुपए, ऑडिटोरियम इंटिरियल कार्य लागत 150 लाख रुपएं, राजगढ रोड पर सब्जी विक्रेताओं के लिए टीनशेड निर्माण लागत 50 लाख रुपएं, दशहरा मैदान पर आर.सी.सी. निर्माण कार्य लागत 100 लाख रुपएं, नगर पालिका ब्यावरा के प्रत्येक वार्डो में सी.सी. व नाली निर्माण कार्य लागत 450 लाख रुपएं, अंजनीलाल मन्दिर मार्ग पर सी.सी. निर्माण कार्य लागत 200 लाख रुपएं के प्रस्तावित निर्माण कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई।

## हनुमान जयंती पर 208 अखण्ड रामायणपाठ एवं यज्ञ पूर्णाहुति व भण्डारे का आयोजन

**खाचरौद।** नगर के प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भव्य हनुमान जयंति के उपलक्ष्य में अखण्ड रामायण पाठ एंव यज्ञ पश्चात पुणार्हुति व भण्डारे का भव्य आयोजन संत श्री प्रहलाददास महाराज रूपनगर फंटा जावरा के सानिध्य में होने जा रहा है। खेड़ापति हनुमान मंदिर के प्रांगण में भव्य 208 अखण्ड श्री रामायण पाठ होगा। उक्त जानकारी पुजारी खेड़ापति मंदिर द्वारा बताया गया कि दिनांक 1 अप्रेल 2026 को भव्य शोभायात्रा कलश यात्रा प्रातः 8बजे स्थान श्री नीलकंठमहादेव मंदिर से खेड़ापति हनुमान मंदिर तक निकाली जायेगी। मंदिर में प्रातः 11 बजे बाद अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ किया जायेगा। दिनांक 2 अप्रेल को दोपहर 12 बजे अखण्ड रामायण पाठ एंव यज्ञ की पूणार्हुति होगी। श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर में शाम 5 बजे भव्य भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा।

### वर्तमान शासन नायक महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर चल समारोह

## रजत रथ में सवार होकर निकले भगवान महावीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सकल जैन समाज सारंगपुर के तत्वाधान में जैन समाजजनों ने भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मनाया गया। इस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई जो की सदर बाजार, महाकाल चौराहा, गांधी चौक, महावीर मार्ग होते हुए श्रीमहावीर दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंची। वहां पर श्री जी के अभिषेक हुए उसके पश्चात जैन युवा मंच द्वारा अतिथियों का ठंडाई से स्वागत किया गया। वहां से चल समारोह पुनः प्रारंभ हुआ जो की त्रिपोलिया बाजार, अंबे माता मंदिर, पटवा वाडी, जामा मस्जिद चौराहा होता हुआ पुनः श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा। सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पारस जैन एवं मनोज जैन पांदा को प्राप्त हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर भगवान महावीर के अभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई, उसके पश्चात प्रभावना का वितरण किया गया। चल समारोह में भगवान महावीर के नगर भ्रमण के अवसर पर सभी समाजजन ने श्री फल भेंटकर श्रीजी की आरती उतारी पुरुष वर्ग ने सफेद वस्त्र एवं महिलाओं ने केसरिया वस्त्र धारण कर चल समारोह गरिमामय हो गया। चल समारोह में राज बाबुल बैंड ने बहुत सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। बैंड की प्रस्तुति पर जैन युवा मंच, सकल जैन समाज के पदाधिकारी एवं समाजजन ने नृत्य कर भक्ति की गई। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे।

# अशिवनी शोध एवं अनुसंधान संस्थान का प्रथम दीक्षांत समारोह संपन्न

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




रामनवमी के पावन अवसर पर अश्विनी शोध एवं अनुसंधान संस्थान, महिदपुर की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन संयुक्ता रिसॉर्ट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती और संस्थान के संस्थापक और पितृपुरुष स्वर्गीय ठाकुर पर्वतसिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने पुष्पमालाओं से अतिथियों का स्वागत किया।

समारोह के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इंदौर व ग्वालियर खंडपीठ के पूर्व न्यायाधीश डॉ. अनिल वर्मा रहे। सारस्वत अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर आचार्य शेखर उपस्थित थे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु शिवशंकर मिश्र एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह मौजूद रहे। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. अनिल कुमार शर्मा एवं डॉ. दिलीप सोनी उपस्थित थे।

समारोह में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। राजेश सिंह कुशवाह को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया । महामंडलेश्वर आचार्य शेखर, राहुल सिंह परिहार (रासेयो अधिकारी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल), प्रो. सावित्री सिंह परिहार (रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन) और डॉ. हेमंत लोदवाल को सम्मानित किया गया।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी मंच से सम्मानित किया गया जिनमें तिलकराज सिंह सोलंकी, अनुष्का तिवारी, आकांक्षा शर्मा को सम्मानित किया गया। महिदपुर नगर के विक्रम अवार्ड से सम्मानित लेफ्टिनेंट गिरधारीलाल यादव का सम्मान किया गया।

स्वागत भाषण में संस्थान के सचिव डॉ. रमण सिंह सोलंकी ने संस्थान की गौरवशाली यात्रा का विवरण दिया। अध्यक्ष डॉ. आर.सी. ठाकुर ने अपने संबोधन में इतिहास लेखन और सम्राट विक्रमादित्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक डॉ जोशी, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल, थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार, डॉ किरण सोलंकी के साथ ही शांतिलाल छजलानी, भगवानसिंह पंवार, जवाहर डोसी, मनोज धाकड़, नारायणसिंह डोडिया, संजय जोशी, सुधीर मूणत, ओम सोलंकी, नरेश शर्मा, अरुण बुरड़, विशाल शर्मा, रमेश गौड़ ,मनोज प्रजापत, लोकेश अंड़ेरिया, रोमी खंडूजा, रविन्द्रसिंह ठाकुर, प्रदीप राव सहित नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश दिग्गज और डॉ प्रीति पांडे ने किया, जबकि आभार डॉ. अजय शर्मा ने व्यक्त किया।



## 41.75 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न

**बड़नगर।** तहसील के ग्राम पिठोरा में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 41 लाख 75 हजार की लागत के विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (एस.एफ.सी.) के अन्तर्गत सामुदायिक भवन निर्माण तथा सीसी रोड़ निर्माण का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहां कि तहसील में सतत विकास भाजपा सरकार का लक्ष्य है। इन कार्यो से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी एवं आमजन को बेहतर सुविधा मिलेगी। हमारा संकल्प है कि क्षैत्र के सम्रग विकास के लिए निरंतर कार्य करना। भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, जिला पंचायत सदस्य श्यामुबाई मांगीलाल मोहरी, जनपद पंचायत सदस्य पूजा अखिलेश बारोड़, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष महेश हारोड़, गजेन्द्रसिंह राजावत, सविता भोलाराम चौहान, संतोष पाटीदार, रामनारायण शर्मा, सचिव महेश शर्मा, व ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भोलारा चौहान एवं आभार सचिव ईश्वरलाल वाघेला ने किया।

## कुमारी डिंपल प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**कायथा** । कक्षा छठी के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये है घोषित परिणाम मे कायथा की बिटिया कुमारी डिंपल पिता लक्ष्मण सिंह चावड़ा ने कक्षा छठी



मे 89.75% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी (फर्स्ट रैंक) में सफलता प्राप्त कर स्कूल व माता पिता नगर का नाम प्रसिद्ध किया आपकी इस सफलता पर ईष्ट मित्रों परिवार के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है

## स्व. नेमीचंद्र की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र शिविर, 193 मरीजों की जांच

**शुजालपुर।** भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व




विधायक स्वर्गीय नेमीचंद जैन की स्मृति में राजेंद्र जैन परिवार के सहयोग से सिविल अस्पताल के सामने स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 193 मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर जसवंत यादव एवं नेहा सोनी द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 28 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिन्हें बाद में बस द्वारा संत हिरदाराम नगर स्थित नया अस्पताल, एरोड्रम रोड गांधीनगर ले जाया गया।आयोजकों द्वारा मरीजों के लिए नाश्ता, चाय और पानी की व्यवस्था की गई। वहीं श्री कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा मरीजों को फल एवं शुद्ध पेयजल की बोतलें वितरित की गईं। शिविर के सफ ल आयोजन में जैन महिला मंडल,जैन युवा मंडल तथा सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य, राजेंद्र कात्यानी, शुभम मीणा, भारत सिंह देशवाली,रमेश परमार सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## जैव विविधता का अध्ययन, छात्रों ने किया डाटा संग्रह इको क्लब की पहल



**शुजालपुर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा स्थानीय जैव विविधता के अध्ययन के लिए अभिनव पहल करते हुए छात्र-छात्राओं ने शुजालपुर के समीपस्थ पर्यावरणीय आवास क्षेत्रों में जीव-जंतुओं का अध्ययन कर डाटा संग्रहित किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों को टैक्सोनॉमिकल रूप से पहचान कर सूचीबद्ध किया गया तथा उनकी फ ोटोग्राफी कर प्रोजेक्ट के रूप में इको क्लब को प्रस्तुत किया गया। इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों को अपने क्षेत्र की जैव विविधता को समझने का अवसर मिला है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के अध्ययन से क्षेत्र में पाई जाने वाली वनस्पतियों एवं जीव.जंतुओं की संख्या और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही अन्य संकाय के छात्र भी इन चित्रों के माध्यम से स्थानीय जैव विविधता की पहचान कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ.सुनील कुमार मित्तल,डॉ.तुषार यादव,जयश्री गुप्ता, पूजा सांखला,संगीता सोनी,उमेश पांडे,जयेश मालवीय,डॉ. सौरभ नेमा, डॉ. रवि राठौर,देवेंद्र कुंभकार, विनय सिंह वर्मा,भूपेंद्र परमार सहित एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सिर्फ 10 मिनट में बनाएं ये झटपट डिनर

## स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाटते रह जाएंगे!



**रसोई में कम समय देकर पौष्टिक, स्वादिष्ट और पेट भरने के लिए कुछ बनाना चाहते हैं तो 10 मिनट में तैयार करें ये रेसिपी।**

दिनभर की थकान के बाद जब रसोई में खड़े होने की बारी आती है तो सबसे बड़ा सवाल यही होता है, "आज क्या बनाएं?" समय कम हो, ऊर्जा खत्म हो और भूख तेज लगी हो, कोई भारी-भरकम रेसिपी नहीं, बल्कि कुछ ऐसा चाहिए जो जल्दी बने, पेट भरे और मन भी खुश करे।

यही वजह है कि आजकल 10 मिनट रेसिपी सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी है। खासकर कामकाजी लोगों, छोटे परिवारों और अकेले रहने वालों के लिए ये किसी वरदान से कम नहीं।

आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक आसान और स्वादिष्ट डिनर रेसिपी। 10 मिनट में तैयार होने वाली इस रेसिपी का नाम है, पनीर भुर्जी जो सिर्फ 10 मिनट में तैयार हो जाती है। इसमें ना ज्यादा तैयारी, ना लंबा इंतजार करना होगा बस कुछ बेसिक सामग्री चाहिए और आपका डिनर तैयार हो जाएगा।

इस रेसिपी की खास बात है इसका देसी स्वाद, हल्कापन और पोषण, साथ ही रोज के खाने के लिए भी परफेक्ट है।

### झटपट पनीर भुर्जी

- पनीर- 200 ग्राम (मसल हुआ)
- प्याज- 1 बारीक कटा
- टमाटर- 1 कटा हुआ
- हरी मिर्च- 1
- अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
- हल्दी- आधा छोटा चम्मच
- लाल मिर्च- आधा छोटा चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- तेल या घी- 1 बड़ा चम्मच
- हरा धनिया- सजाने के लिए

### पनीर भुर्जी बनाने की विधि

- स्टेप 1- कड़ाही में तेल या घी गर्म करें। उसमें जीरा डालें और चटकने दें।
- स्टेप 2- अब बारीक कटा प्याज डालें और 2-3 मिनट तक हल्का सुनहरा होने तक भूनें।
- स्टेप 3- अदरक-लहसुन पेस्ट और हरी मिर्च डालें, 1 मिनट चलाएं।
- स्टेप 4- अब टमाटर डालें और मसाले जैसे हल्दी, लाल मिर्च, नमक मिलाकर 2-3 मिनट पकाएं।
- स्टेप 5- मसाले में मसल हुआ पनीर डालें और अच्छे से मिक्स करें।
- स्टेप 6- 2-3 मिनट पकाकर गैस बंद करें और ऊपर से हरा धनिया डालें।

तैयार है आपकी गरमा-गरम पनीर भुर्जी।

इसे गरम रोटी, पराठा या ब्रेड के साथ सर्व करें। चाहें तो इसे सैंडविच फिलिंग की तरह भी इस्तेमाल करें।

---

**अक्सर पार्लर में जल्दबाजी के चक्कर में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिस कारण चेहरा दमकने के जगह मुरझा जाता है। यहां हम आपको इन्हीं गलतियों के बारे में आपको जानकारी देंगे, ताकि आप भी फेशियल कराते समय ध्यान रखें।**

# सही तरीके से न किया जाए... तो फेशियल हानिकारक भी हो सकता है

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए आज-कल तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट चलन में हैं। इन्हीं में एक है फेशियल। महिलाओं से लेकर पुरुष तक फेशियल से कराकर अपना चेहरा चमकाते हैं। इसकी वजह से चेहरे की डीप क्लींजिंग हो जाती है। ये त्वचा को निखारने और ताजगी देने का एक लोकप्रिय तरीका है, लेकिन यदि इसे सही तरीके से न किया जाए, तो यह आपकी त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकता है।

अक्सर पार्लर में जल्दबाजी के चक्कर में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिस कारण चेहरा दमकने के जगह मुरझा जाता है। यहां हम आपको इन्हीं गलतियों के बारे में आपको जानकारी देंगे, ताकि आप भी फेशियल कराते समय ध्यान रखें।



### फेशियल के बाद मुंहासे आना

फेशियल के बाद चेहरा साफ हो जाता है, इसलिए मुंहासे आने का तो सवाल ही नहीं। ऐसे में अगर आपके चेहरे पर फेशियल के बाद मुंहासे आ रहे हैं तो समझ लीजिए कि आपको कोई प्रोडक्ट सूट नहीं कर रहा है। इसलिए यदि ऐसा है तो तत्काल अपने डॉक्टर या फिर पार्लर में बात करें।

### स्किन टाइप का ध्यान रखें

फेशियल कराने जा रही हैं तो पहले अपना स्किन टाइप चेक करें। ऑयली, ड्राई या सेंसिटिव त्वचा के लिए उपयुक्त फेशियल का चयन करें, ताकि ये आपके चेहरे की रंगत चुराने की बजाय बढ़ाए।

### इन बातों का ध्यान रखें

यदि आप नहीं चाहते है कि फेशियल से आपका चेहरा बिगड़े तो कुछ बातों को जहन में उतार लें। क्योंकि अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो हो सकता है कि आपका चेहरा खराब हो जाए। इसी के चलते यहां हम उन बातों के बारे में भी बताने जा रहे हैं।

### पहले पैच टेस्ट कराएं

पहली बार किसी फेशियल कराने जा रही हैं तो पहले प्रोडक्ट्स का पैच टेस्ट कराएं। क्योंकि कई बार कोई नया प्रोडक्ट आपके चेहरे पर रिएक्शन कर सकता है। इसलिए किसी भी नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले कोहनी के पिछले हिस्से पर पैच टेस्ट करें, ताकि एलर्जी की संभावना न रहे।

### चेहरे का लाल होना

फेशियल के दौरान चेहरे पर मसाज की जाती है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आपके चेहरे पर इस मसाज से चेहरा लाल हो सकता है।

इसलिए हमेशा हल्के हाथ से मसाज कराएं। यदि चेहरा थोड़ा सा भी लाल हो रहा है तो तत्काल उन्हें रोक दें, ऐसा न करने पर आपका चेहरा पूरा लाल हो जाएगा। कई बार तो इसकी वजह से सूजन भी आ जाती है।

### त्वचा में जलन

यदि फेशियल के दौरान आपके चेहरे पर थोड़ी सी भी खुजली या जलन हो रही है तो इसे इग्नोर न करें। क्योंकि कई बार केमिकल युक्त क्रीमें त्वचा को सूट नहीं करती हैं। ऐसे में खुजली और जलन आपको परेशान कर सकती है। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि आपका चेहरा तक बिगड़ सकता है। इसलिए यदि कोई क्रीम रिएक्ट कर रही है तो उसे तुरंत हटवा दें।

---

Sport

**चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन बनाए और सभी विकेट गंवा दिए। इसके बाद राजस्थान ने गुवाहाटी में चेज करते हुए 12.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाया।**

# पहले ही मैच में चेन्नई की कई कमजोरियां हुई उजागर, बल्लेबाजी-गेंदबाजी फ्लॉप; आसान नहीं आगे की राह

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल 2026 का आगाज हार के साथ किया है। सोमवार को बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले ही मैच में चेन्नई की कई कमजोरियां उजागर हो गई हैं, जो इस सीजन में टीम की राह मुश्किल कर सकती हैं।



### मिडिल ऑर्डर में अनुभव की कमी

चेन्नई सुपर किंग्स के मिडिल ऑर्डर में अनुभव की कमी साफतौर पर पहले ही मैच में दिखाई दिए। संजू सैमसन और ऋतुराज के सस्ते में आउट होने के बाद टीम की लड़खड़ाती हुई पारी को संभालने वाला कोई बल्लेबाज नजर नहीं आया। आयुष म्हात्रे, मैथ्यू शॉर्ट जैसे बल्लेबाजों से चेन्नई की पारी बुनने की उम्मीद नहीं कर सकती है।

वहीं, घरेलू क्रिकेट में सरफराज ने बेशक खूब रन बनाए हैं, लेकिन आईपीएल में उनका रिकॉर्ड कोई बहुत अच्छा नहीं रहा है। कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर अभी काफी युवा हैं। अनुभव के नाम पर चेन्नई के मध्यक्रम में सिर्फ शिवम दुबे एक बल्लेबाज नजर आते हैं। यह भी सच्चाई है कि दुबे हर मुकाबले में टीम की नैया को शायद अकेले पार ना लगा सकें।

### कमजोर गेंदबाजी अटैक

चेन्नई का गेंदबाजी अटैक इस सीजन टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या बन सकता है। मैट हेनरी का रिकॉर्ड टी-20 में कोई बहुत अच्छा नहीं रहा है और इसका उदाहरण पहले ही मैच में देखने को भी मिला। राजस्थान के खिलाफ हेनरी ने तीन ओवर के स्पेल में ही 40 रन खर्च कर दिए थे। खलील अहमद और अंशुल कंबोज से टीम दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर सकती है।

हालांकि, खलील विकेट निकालने की काबिलियत तो रखते हैं, लेकिन वह काफी महंगे साबित होते हैं। स्पिन विभाग में नामी गेंदबाज के तौर पर टीम के पास सिर्फ नूर अहमद और अकील हुसैन ही दिखाई दे रहे हैं। चेन्नई के साथ दिक्कत यह है कि इन दोनों विदेशी गेंदबाजों को टीम एक साथ प्लेइंग इलेवन में नहीं खिला सकती है। नूर राजस्थान के खिलाफ रनों पर लगाम लगाने में भी विफल रहे थे। चेन्नई सुपर किंग्स के सामने कई बड़े सवाल नजर आ रहे हैं, जिसका जवाब टीम मैनेजमेंट को जल्द से जल्द खोजना होगा।

### फिनिशर की कमी

सिर्फ मिडिल ऑर्डर ही नहीं बल्कि चेन्नई सुपरकिंग्स को इस सीजन एक दमदार फिनिशर की कमी भी खल सकती है। डेवाल्ड ब्रेविस यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं, लेकिन वह चोटिल हैं और उन्हें पूरी तरह से फिट होने में कितना समय लगेगा यह कहना मुश्किल है। एमएस धोनी भी दो हफ्ते के लिए उपलब्ध नहीं हैं। टीम प्रशांत वीर और उर्विल पटेल को यह रोल दे सकती है, लेकिन इन दोनों के पास अनुभव की कमी है।

---

**केकेआर के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में गेंदबाजी नहीं की थी। इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जो बयान दिया था उससे विवाद पैदा हुआ था। अब ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने इसे लेकर बयान दिया है।**

# ग्रीन के आईपीएल में गेंदबाजी नहीं करने पर आया मैकडोनाल्ड का बयान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन से आईपीएल और आस्ट्रेलिया क्रिकेट में काफी उम्मीदें हैं, लेकिन इस ऑलराउंडर खिलाड़ी में वह काबिलियत है जिससे वे इन उम्मीदों को संतुलित करते हुए अपने करियर को लगातार ऊंचाइयों की ओर ले जा सकते हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में चोटिल ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने को लेकर पूछे गए सवाल पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की टिप्पणी से विवाद पैदा हो गया था। बाद में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर टीम प्रबंधन को उनकी चोट के बारे में पूरी तरह से पता था और वह 10-12 दिन और गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे।



### मैकडोनाल्ड बोले- ग्रीन से काफी उम्मीदें

मैकडोनाल्ड ने कहा, आईपीएल में काफी अपेक्षाएं हैं। आस्ट्रेलियाई टीम में भी उनसे काफी अपेक्षाएं हैं। यह अनुचित नहीं है क्योंकि ऑलराउंडरों से हमेशा उम्मीद रहती है। हमें पता है कि वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्हें सभी अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना होगा, खासकर तीनों प्रारूप में खेलने को लेकर। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए चुनौतीपूर्ण है।

### केकेआर को महंगा पड़ा ग्रीन का गेंदबाजी नहीं करना

ग्रीन को केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था और वह आईपीएल में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे। हालांकि, पहले मैच में उनका गेंदबाजी नहीं करना केकेआर को महंगा पड़ा था क्योंकि टीम 221 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सकी थी।

---

## मुंबई के होटल में आईपीएल से जुड़े ब्रिटिश इंजीनियर की मौत

**मुंबई।** मुंबई में आईपीएल 2026 के दौरान एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक 76 वर्षीय ब्रिटिश ब्रॉडकास्ट इंजीनियर, जो लीग के प्रसारण कार्य से जुड़े हुए थे, होटल के कमरे में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जान विलियम लैंगफोर्ड के रूप में हुई है, जो बीसीसीआई के साथ काम कर रहे थे।

**कमरे में बेहोश मिले, अस्पताल में मृत घोषितः** पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह होटल स्टाफ को जानकारी मिली कि लैंगफोर्ड अपने कमरे में बेहोश पड़े हैं। इसके बाद होटल प्रबंधन ने तुरंत उन्हें बॉम्बे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक अधिकारी के मुताबिक, उन्हें होटल के कमरे से बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कार का टायर पंचर होने के बाद युवक से सोने की चेन लूटकर बदमाश फरार

**इंदौर।** इंदौर के एबी रोड हाईवे पर लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। टायर पंचर होने का फायदा उठाकर बदमाशों ने युवक को धमकाते हुए उसके गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। किशनगंज थाना पुलिस के मुताबिक जय माँ अम्बे सोसायटी, महादेव दाहोद (गुजरात) निवासी रोहन पाटीदार (23) अपने दोस्तों के साथ ढाबे से खाना खाकर कार से लौट रहा था। 30 मार्च की सुबह करीब 4.05 बजे धानुका कोल्ड स्टोर के सामने एबी रोड पर उसकी कार का पिछला टायर अचानक फट गया। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने पर उसने कार साइड में खड़ी कर दी। इसी दौरान पीछे से सफेद कार में सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। उनके हाथ में हथियार थे। एक बदमाश ने लोहे की रॉड दिखाकर सभी को धमकाया और रोहन के गले से करीब 200 ग्राम सोने की चेन छीन ली। बदमाश नकदी और अन्य सामान लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद रोहन और उसके साथी थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि रोहन मूल रूप से गुजरात का रहने वाला है और फिलहाल इंदौर में रहकर वीडियोग्राफी का काम करता है।

### एमडी ड्रग्स और ब्राउन शुगर तस्करों पर कार्रवाई, 13.07 ग्राम एमडी बरामद

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग कार्रवाई में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। एक मामले में आरोपी के पास से एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जबकि दूसरे मामले में ब्राउन शुगर केस के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि 20 ग्राम ब्राउन शुगर मामले में फरार आरोपी मयंक साहू निवासी तिलक नगर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले आरोपी विशाल से मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। मयंक अन्य जिलों से अवैध मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में सप्लाई करता था। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश दंडोतिया ने बताया कि बरामद 20 ग्राम ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपए है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश दंडोतिया ने बताया कि बरामद 20 ग्राम ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपए है। दूसरी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने किला मैदान रोड क्षेत्र से मोइनुद्दीन उर्फ मोईन मेव निवासी मल्हारगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस को देखकर संदिग्ध हरकत करने पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 13.07 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। इसकी कीमत करीब 1.30 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जाली फाटक बनाने का काम करता है और अधिक पैसा कमाने के लिए सस्ते में ड्रग्स खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था। दोनों मामलों में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

### छात्रा से छेड़छाड़ कर धमकी देने के बाद कोचिंग में घुसा और हाथ पकड़कर बाहर ले गया

**इंदौर।** इंदौर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दो अलग-अलग मामलों में छेड़छाड़ और मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक नर्सिंग कोचिंग क्लास में घुसकर युवक द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अभिषेक चौरे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसके साथ तीन साल पहले स्कूल में पढ़ चुका है और उसे पहले से जानता है। सोमवार दोपहर वह टार्गेट नर्सिंग कोचिंग में थी, तभी आरोपी अंदर घुस आया। उसने छात्रा का नाम लेकर आवाज लगाई और हाथ पकड़कर जबरन बाहर ले गया। इस दौरान उसने छात्रा का मोबाइल छीनकर फेंक दिया। शोर सुनकर कोचिंग के शिक्षक और स्टाफ मौके पर पहुंच गए। इस पर आरोपी ने छात्रा को धमकी दी कि वह उसे पसंद करता है, अगर बात नहीं की तो जान से खत्म कर देगा। घटना के बाद पीड़िता ने परिवार को सूचना दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। दूसरी ओर गांधी नगर थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। महिला ने शिकायत में बताया कि वह किराने का सामान लेने जा रही थी, तभी अरिहंत नगर निवासी अनिल भेरवे ने पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास उसे देखकर गाना गाना शुरू कर दिया। महिला ने विरोध किया तो आरोपी अपशब्द कहने लगा और कुल्हाड़ी के डंडे से हमला कर दिया। हमले में महिला के हाथ, कमर और पीठ पर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। दोनों ही मामलों में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जांच जारी है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर 100 फीट घिसटी बाइक, युवक गंभीर जख्मी

**इंदौर।** सुपर कॉरिडोर रोड पर सोमवार सुबह एक बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शख्स काफी दूर घिसटता गया, वहीं उसकी बाइक करीब 100 फीट दूर तक फिसलती चली गई। हादसे के बाद कार चालक भाग निकला, लेकिन उसकी नंबर प्लेट वहीं गिर गई। इसी सबूत के आधार पर आरोपी की पहचान की जाएगी। सूचना के बाद एफआरवी मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार, सुपर कॉरिडोर की घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में गांधीनगर पुलिस का कहना है, घायल का नाम रामप्रसाद सोलंकी निवासी सिद्धार्थ नगर पता चला है। उसके परिजन के थाने आने या अस्पताल से हादसे की सूचना मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। इसी तरह एरोड्रम पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर कार एमपी13 बीए 4775 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया, मैं टीसीएस में जॉब करता हूं। रविवार रात 12 बजे परिवार के साथ कार से घर शरद माधव विहार नैनोद जा रहा था। सुपर कारीडोर चौराहे पर एयरपोर्ट तरफ से एक कार तेज गति से आई और मेरी कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मेरी कार के एयरबैग खुल गए और कार पूरी घूम गई। गाड़ी काफी क्षतिग्रस्त हुई है, लेकिन मेरे परिवार वालों को कोई ज्यादा चोट नहीं आई।

### पावर हाउस के कर्मचारी को पीटा, वायरलेस सेट छीनकर फेंका, बाइक छोड़कर भागे बदमाश

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी के साथ बदमाशों द्वारा सोमवार रात गुंडागर्दी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले विवाद किया फिर पत्थर मारकर घायल कर दिया और साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अलवासा निवासी प्रकाश पंवार नरवल पेट्रोल पंप के पास स्थित पावर हाउस में ड्यूटी पर थे। 29 मार्च की रात करीब 9 बजे एक युवक बिना नंबर की बाइक से वहां पहुंचा और ड्यूटी पर कौन-कौन है, इसकी जानकारी लेने लगा। प्रकाश ने बाइक सवार से पूछा कि तुम कौन हो और तुम्हें इस बात से क्या लेना तो आरोपी जबरन अंदर घुसने लगा। इसी दौरान प्रकाश ने उसे रोका और अपने अधिकारी से वायरलेस सेट बात करने के लिए कहा तभी आरोपी ने वायरलेस छीनकर फेंक दिया और अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने पत्थर मार दिया, जिससे कर्मचारी के सिर में चोट आई। इसके बाद आरोपी अपने अन्य साथियों को लेकर वापस आया और सभी ने मिलकर प्रकाश के साथ मारपीट की। शोर सुनकर अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा तो बदमाश भाग निकले। घटना के दौरान आरोपी अपनी बिना नंबर की बाइक मौके पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

नर्मदा का चौथा चरण: इंदौर की बढ़ती प्यास बुझाने व शहर में 24 घंटे, सातों दिन जल सप्लाय के लिए, बायपास सहित सैकड़ों क्षेत्रों में मिलेगा नर्मदा जल


# 1500 किमी का नेटवर्क, रोज 1.8 किमी लाइन बिछाना होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की बढ़ती प्यास बुझाने व शहर में 24 घंटे, सातों दिन जल सप्लाय के लिए नर्मदा के चौथे चरण का भूमिपूजन हो चुका है, लेकिन 2500 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को अब 2029 तक जमीन पर उतारना बड़ी चुनौती है। 30 महीने में 1500 किमी लंबी वितरण पाइपलाइन व 57 किमी की फीडर लाइन डालने का टारगेट है। ऐसे में असल काम के लिए करीब 28 महीने यानी लगभग 840 दिन ही बचेंगे।

यानी रोजाना 1.8 किमी पानी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइनें और 70 मीटर फीडर लाइन बिछाने का काम करना होगा। वहीं 40 नई टंकियां बनना हैं। एक टंकी के निर्माण में करीब में 18 महीने का समय लगेगा। इसलिए सभी टंकियों का काम एकसाथ शुरू करना होगा। 2500 करोड़ के प्रोजेक्ट में से 800 करोड़ रुपए सरकार देगी तो 1700 करोड़ रुपए निगम को लोन लेना होगा।

इसके लिए भोपाल से मंजूरी लेना होगी। टेंडर और वर्कऑर्डर जारी हो चुके हैं। प्रोजेक्ट के तहत शहर को नर्मदा से 450 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलेगा। इसके लिए वांचू पॉइंट से इंदौर तक 38.85 किमी लंबी ग्रेविटी मेन लाइन, टनल, नई टंकियां, फीडर लाइन और पूरे शहर में बड़ा वितरण नेटवर्क तैयार किया जाना है। वांचू पॉइंट पर नया इंटकवेल भी बनेगा। निगम ने काम को चार पैकेज में बांटा है, जिनमें से मुख्य फील्ड वर्क अभी शुरूआती तैयारी के दौर में है। हालांकि शहर के भीतर बड़े स्तर पर काम शुरू होने में अभी करीब दो महीने और लग सकते हैं। साफ है कि अगर काम एक साथ कई मोर्चों पर समानांतर नहीं चला तो 2029 की डेडलाइन सिर्फ कागजों में सिमट सकती है। इधर, अमृत-1 प्रोजेक्ट का काम करने में सात साल लग गए थे।



#### पुरानी लाइनें बदलना भी जरूरी, वरना 24 घंटे पानी का सपना फिर अटक जाएगा

निगम इस प्रोजेक्ट को 24x7 जलापूर्ति की दिशा में बड़ा कदम बता रहा है। योजना में सिर्फ नई लाइनें बिछाना ही नहीं, बल्कि करीब 550 किमी पुरानी पाइपलाइन बदलना, डीएमए सिस्टम, एनआरडब्ल्यू कंट्रोल और लाइन लॉस कम करना भी शामिल है। अभी अनुमान है कि शहर में करीब 20 फीसदी पानी लाइन लॉस में चला जाता है।
नया नेटवर्क इस नुकसान को कम करने के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन इस दावे के साथ एक बड़ा सवाल भी जुड़ा है। क्योंकि अमृत-1 योजना में 900 किमी लाइन बदलने का काम सात साल में भी पूरा नहीं हो पाया। नर्मदा चौथे चरण का कहीं बड़ा और ज्यादा जटिल नेटवर्क ढाई-तीन साल में पूरा करने के लिए हर रोज काम का हिसाब-किताब करना होगा।

#### इन इलाकों में पहली बार पहुंचेगा नर्मदा का पानी

बायपास, नायता-मुंडला, पत्थर मुंडला, न्यू आरटीओ, सिल्वर स्प्रिंग फेज 1, दुर्गा नगर, पवनपुरी, बुलबुल नगर, पवन नगर, कृषणापुरी, अभिलाषा नगर, उद्योग नगर, इंदिरा एकता नगर, दिनेश नगर, पालदा एरिया, कैलोद करताल, अनुराधा नगर, मोरोद फाटा, तेजाजी चौराहा से एमपीआरआरडीए ऑफिस, आईपीएस कॉलेज, शिव सिटी, तुलसी परिसर, निहालपुर मंडी, साईं पैराडाइज, छोटा बांगड़दा, छोटा बांगड़दा मेन रोड, सुपर कॉरिडोर, पाल वाली गली, विद्या पैलेस, मलय, गोकुलधाम सोसायटी, पद्मालय कॉलोनी, मंसूरी नगर, श्रीराम नगर, कासम कॉलोनी, गांधी नगर, सुपर कॉरिडोर रोड, बड़ा बांगड़दा, भानगढ़, भौंरासला, कैलोद हाला आदि।

इस पूरी योजना का सबसे अहम और संवेदनशील हिस्सा इसका फाइनेंशियल मॉडल है। कुल 2500 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट में से करीब 800 करोड़ रुपए राज्य सरकार से मिलने हैं, जबकि बाकी राशि नगर निगम को लोन लेकर जुटानी होगी। 450 एमएलडी अतिरिक्त पानी तो मिलेगा, लेकिन चुनौती उसे शहर के हर हिस्से तक पहुंचाने की निगम का दावा है कि नर्मदा के चौथे चरण के बाद इंदौर को 450 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलेगा। यह बढ़ोतरी शहर के भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर की जा रही है, क्योंकि अभी भी शहर के कई हिस्सों में नर्मदा का पानी नियमित नहीं पहुंच पा रहा है। बायपास, राऊ, सुपर कॉरिडोर और बाहरी विस्तार वाले क्षेत्रों में तेजी से कॉलोनियां बसी हैं। इनमें से 250 से ज्यादा कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां अब तक जलापूर्ति या तो अधूरी है या कमजोर है। ऐसे में चौथा चरण सिर्फ अतिरिक्त पानी लाने का प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि पूरे शहर के जल वितरण ढांचे को दोबारा व्यवस्थित करने की योजना है। अभी शहर में 105 पानी की टंकियां हैं। इनके साथ 40 नई टंकियां और जुड़ेंगी, यानी कुल 145 टंकियां करीब 276 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करेंगी। इसके अलावा इस चरण में करीब 2.47 लाख नए घरेलू कनेक्शन भी दिए जाएंगे।

**सरकार से 800 करोड़ मिलेंगे बाकी लोन, यानी पानी के साथ बढ़ेगा निगम पर कर्ज का बोझ**

# एमपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी आशुतोष शर्मा

### मालवा स्टेलियंस ने 15 लाख रुपए में खरीदा; अक्षत रघुवंशी 13.80 लाख, अनिकेत 13.20 लाख में बिके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमपीएल के लिए इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 244 खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई गई। आशुतोष शर्मा मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। उन्हें मालवा स्टेलियंस ने 15 लाख रुपए में खरीदा है। दूसरे नंबर पर अक्षत रघुवंशी हैं, जिन्हें रीवा जगुआर ने 13.80 लाख रुपए देकर लिया है।

तीसरी सबसे बड़ी बोली अनिकेत वर्मा को मिली। अनिकेत को भोपाल लेपड्र्स ने 13 लाख 20 हजार रुपए में खरीदा। शिवांग कुमार को बुंदेलखंड बुल्स ने 13 लाख कीमत देकर अपनी टीम में शामिल किया है। वहीं, आवेश खान को चंबल घड़ियाल ने 8.20 लाख जबकि शिवम शुक्ला को इंदौर पिंक पैंथर ने 6.60 लाख में खरीदा है। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में चल रही नीलामी में 244 खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई जा रही है। हर फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों की खरीद के लिए 50 लाख रुपए का पर्स दिया गया है। एमपीएल जून 2026 में इंदौर और ग्वालियर में खेला जाएगा। एमपीएल में 19 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति नहीं है। यह फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की नीति के अनुरूप है, जो घरेलू टूर्नामेंट में कम आयु वर्ग के लिए टी-20 मुकाबले नहीं कराती। इसका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को रेड बॉल क्रिकेट जैसे लंबे प्रारूपों के प्रति गंभीर बनाना है।



- **कुमार कार्तिकेय को मिली 10.20 लाख रुपए कीमत, रॉयल निमाड़ ईगल्स ने खरीदा-** कुमार कार्तिकेय को 10.20 लाख रुपए में रॉयल निमाड़ ईगल्स ने खरीदा है। इसी के साथ कैटेगरी अ प्लेयर की नीलामी पूरी हो गई है। अब कैटेगरी इ की नीलामी शुरू होगी।
- **मंगेश यादव 12 लाख, अक्षत रघुवंशी 13.80 लाख रुपए में बिके-** मंगेश यादव को 12 लाख रुपए में ग्वालियर चीताज ने जबकि अक्षत रघुवंशी को रीवा जगुआर ने 13.80 लाख रुपए में खरीदा है। अशोक नगर के रहने वाले अक्षत ने एमपीएल-2025 में इंदौर पिंक पैंथर्स की ओर से खेलते हुए 4 मैचों में 239 रन बनाए थे। वे टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल रहे थे। पिछली नीलामी में उन पर बोली नहीं लगी थी।
- **अनिकेत वर्मा 13.20 लाख में बिके, भोपाल लेपड्र्स ने खरीदा-** एमपीएल के लिए अनिकेत वर्मा को भोपाल लेपड्र्स ने 13 लाख 20 हजार रुपए में खरीदा है। इससे पहले आईपीएल के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने अनिकेत को 30 लाख के बेस प्राइस में रिटेन किया था। अनिकेत ने सनराइजर्स के लिए खेलते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 18 गेंदों पर 43 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया था।
- **रीवा के कुलदीप सेन को बुंदेलखंड बुल्स ने 7 लाख में खरीदा-** कुलदीप सेन को 7 लाख में बुंदेलखंड बुल्स ने खरीद लिया है। आईपीएल में रीवा के कुलदीप सेन को राजस्थान ने 75 लाख में खरीदा था।
- **आशुतोष शर्मा को मालवा स्टेलियंस ने 15 लाख में खरीदा-** इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में चल रही एमपीएल नीलामी में अब आशुतोष शर्मा सबसे महंगे खिलाड़ी हो गए हैं। उन्हें मालवा स्टेलियंस ने 15 लाख में खरीदा है।
- **उज्जैन फाल्कन ने माधव तिवारी को 10.60 लाख, रॉयल निमाड़ ईगल्स ने सारांश जैन को 9.60 लाख में खरीदा-** इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में चल रही एमपीएल की नीलामी में उज्जैन फाल्कन ने माधव तिवारी की 10.60 लाख में खरीदा है। रॉयल निमाड़ ईगल्स ने सारांश जैन के लिए 9 लाख 60 हजार कीमत दी है।
- **शिवांग कुमार को 13 लाख रुपए में बुंदेलखंड बुल्स ने खरीदा-** एमपीएल की फ्रेंचाइजी बुंदेलखंड बुल्स ने शिवांग कुमार को 13 लाख रुपए में खरीदा। शिवांग को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख में खरीदा था।
- **आवेश खान को चंबल घड़ियाल ने 8.20 लाख, शिवम शुक्ला को इंदौर पिंक पैंथर ने 6.60 लाख में खरीदा-** टढछ के लिए नीलामी में सबसे पहले आवेश खान पर बोली लगाई गई। उन्हें चंबल घड़ियाल ने 8.20 लाख रुपए में खरीदा। शिवम शुक्ला को इंदौर पिंक पैंथर ने 6.60 लाख में खरीदा।

ट्रैफिक विभाग में लगाने के नाम पर

# टीआई-एसआई पर उगाही और प्रताड़ना के आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पूर्वी ट्रैफिक इलाके में भ्रष्टाचार और स्टाफ प्रताड़ना को लेकर एक गंभीर गुप्त शिकायत सामने आई है। शिकायत पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह तक पहुंची है, जिसमें ट्रैफिक के एक टीआई, एक एसआई और एक एचसीएम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

बताया जा रहा है कि ड्यूटी लगाने और हटाने के नाम पर स्टाफ से अवैध वसूली की जा रही है। कई मामलों में ऑनलाइन पेमेंट तक लेने के आरोप हैं, जिनके स्क्रीनशॉट भी शिकायत के साथ दिए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल यह जांच गोपनीय तरीके से की जा रही है और वरिष्ठ अधिकारी खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर ट्रैफिक की तीन महिला पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, इस मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। हाल ही में अरबिंदो अस्पताल क्षेत्र की पुलिस चौकी पर अवैध लेनदेन की शिकायत राजेश सिंह तक पहुंची थी। इसके बाद चौकी हटवा दी गई और पुलिसकर्मियों को सड़क पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए थे।

### किन्नरों का उत्पात, नेग के नाम पर हंगामा

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया इलाके में किन्नरों द्वारा उपद्रव के दो मामले सामने आए हैं। नेग (मुहूर्त) के नाम पर जबरन पैसे मांगने, अभद्रता और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को शिकायत दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। महालक्ष्मी नगर निवासी डॉ. आशीष चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च की सुबह किन्नरों का एक समूह उनके भाई के घर में घुस गया। उस समय घर में महिलाएं अकेली थीं। आरोप है कि किन्नरों ने नेग के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की और अभद्र व्यवहार करते हुए अश्लील हरकतें कीं।


STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेंक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुंह का पूरा न खुलना
मुंह के छाले
मुंह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com